सूर्योदय - 06:32
सूर्यास्त - 05:39

अधिकतम तापमान 20.5°
न्यूनतम तापमान 17.2°

ओपन सर्च

हिन्दी दैनिक

RNI No. HARHIN/2023/86132

खबरें और विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें

Mob. : 8826637033
opensearchnews@gmail.com

E-mail | satbeerbhardwaj925@gmail.com Facebook | https://www.facebook.com/opensearch.co.in Website | www.opensearch.co.in

वर्ष : 04 अंक : 93 गुरुग्राम (हरियाणा), बुधवार 4 नवंबर 2026 | हरियाणा, नई दिल्ली, बिहार से प्रकाशित | ₹ मूल्य : 01 रुपए | पृष्ट : 08

हरियाणा के विकास को नई रफ्तार: मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने 9 बड़े प्रस्तावों को दी मंजूरी

हरियाणा रोडवेज के बेड़े में शामिल होंगी 500 नई बसें और 24 ट्रक, सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होगी मजबूत

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा में सड़क, परिवहन और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में सोमवार को चंडीगढ़ स्थित हरियाणा निवास में हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी (HPPC) और हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (HPWPC) की बैठक में कुल नौ प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इन निर्णयों से प्रदेश में सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था को मजबूती मिलेगी, शहरी क्षेत्रों में यातायात सुगम होगा और स्वास्थ्य एवं शैक्षणिक बुनियादी ढांचे का विस्तार होगा। बोलीदाताओं के साथ विस्तृत बातचीत के बाद सरकार ने लगभग 11.96 करोड़ रुपये की बचत भी की।



नेगोसिएशन से सरकार को 11.96 करोड़ रुपये की बचत

हाई पॉवर्ड परचेज कमेटी (HPPC) की बैठक में कुल सात एजेंडे रखे गए, जिनकी अनुमानित लागत 351.46 करोड़ रुपये थी। इनमें से चार मामलों को री-टेंडर करने का निर्णय लिया गया, जबकि तीन एजेंडों को अंतिम रूप दिया गया। इन तीन एजेंडों की मूल अनुमानित लागत 208.91 करोड़ रुपये थी। बोलीदाताओं के साथ बातचीत के बाद इन्हें 201.51 करोड़ रुपये में अंतिम रूप दिया गया, जिससे लगभग 7.40 करोड़ रुपये की बचत हुई। वहीं, हाई पॉवर्ड वर्क्स परचेज कमेटी (HPWPC) की बैठक में कुल सात एजेंडे रखे गए, जिनकी अनुमानित लागत 250.36 करोड़ रुपये थी। इनमें से एक मामले को री-टेंडर करने का निर्णय लिया गया, जबकि छह एजेंडों के कार्यों को अंतिम रूप दिया गया। इन छह एजेंडों की अनुमानित लागत 227.74 करोड़ रुपये थी। बोलीदाताओं के साथ नेगोसिएशन के बाद इन कार्यों को 223.18 करोड़ रुपये में अंतिम रूप दिया गया, जिससे लगभग 4.56 करोड़ रुपये की बचत हुई।

500 नई बसों से मजबूत होगा हरियाणा रोडवेज का बेड़ा, यात्रियों को मिलेगी बेहतर परिवहन सुविधा: मुख्यमंत्री ने हरियाणा रोडवेज के लिए 500 पूर्ण निर्मित डीजल इंजन वाली नॉन-एसी बसों की खरीद को मंजूरी प्रदान की है। ये बसें नवीनतम BS-VI उत्सर्जन मानकों के अनुरूप होंगी। इसके अतिरिक्त 24 पूर्ण निर्मित डीजल इंजन वाले ट्रकों की खरीद और रोडवेज के डिपो एवं सब-डिपो के लिए आगामी एक वर्ष की आवश्यकता के अनुसार डीजल एग्जॉस्ट फ्लूइड (DEF) की खरीद को भी स्वीकृति दी गई। इन 500 नई बसों के शामिल होने से हरियाणा रोडवेज की परिवहन क्षमता बढ़ेगी, यात्रियों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी और विभिन्न रूटों पर बस सेवाओं को मजबूत करने में मदद मिलेगी। गुरुग्राम में दो फ्लाईओवर और एक अंडरपास से यातायात को मिलेगी रफ्तार, जाम से मिलेगी राहत

गुरुग्राम में बढ़ते यातायात के दबाव को कम करने और शहर की कनेक्टिविटी बेहतर बनाने के लिए गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (GMDA) की तीन महत्वपूर्ण परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इनमें सेक्टर-45-46 और 51-52 के चौराहे पर फ्लाईओवर, सेक्टर-85-86 और 89-90 के चौराहे पर फ्लाईओवर तथा मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के आसपास यातायात का दबाव कम करने के लिए सेक्टर-27-29 और 43-44 के चौराहे पर अंडरपास का निर्माण शामिल है। इन परियोजनाओं के पूरा होने से गुरुग्राम के प्रमुख व्यस्त चौराहों पर यातायात का दबाव कम होगा। वाहन चालकों को बार-बार लगने वाले जाम से राहत मिलेगी और शहर के विभिन्न सेक्टरों के बीच आवागमन अधिक सुगम होगा।

बैठक में जींद जिले के गांव हैबतपुर में निर्माणाधीन संत शिरोमणि श्री धन्ना भगत जी राजकीय मेडिकल कॉलेज के लिए फर्नीचर की खरीद को भी मंजूरी दी गई।

26 नवंबर को संविधान दिवस पर हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र होगा आयोजित, मुख्यमंत्री ने की घोषणा

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने मंगलवार को चंडीगढ़ में आयोजित मंत्रिमंडल की बैठक के बाद आयोजित प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए बताया कि आज मंत्रिमंडल की बैठक में सात एजेंडे रखे गए थे, जिन्हें मंजूरी प्रदान कर दी गई है। उन्होंने पत्रकार बंधुओं को आगामी त्योहारों की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनकल्याण और विकास के कार्यों को निरंतर गति दे रही है।मुख्यमंत्री ने बताया कि संविधान पखवाड़े के तहत 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर हरियाणा विधानसभा का विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें संविधान के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की जाएगी। इस अवसर पर सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग विभाग के निदेशक डॉ. आदित्य दहिया एवं अतिरिक्त निदेशक कैप्टन मनीष लोहान भी उपस्थित थे।



मोदी सरकार के नेतृत्व में गरीब, युवा, महिला और किसान को मिल रही है मजबूती

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश में विकास कार्य तीन गुना गति से आगे बढ़ रहे हैं। वर्ष 2014 से पहले केवल घोषणाएं और बातें होती थीं, जबकि भ्रष्टाचार के कारण विकास के लिए आने वाला पैसा सही लाभार्थियों तक नहीं पहुंच पाता था। वर्तमान सरकार ने भ्रष्टाचार पर प्रभावी रोक लगाकर यह सुनिश्चित किया है कि सरकारी योजनाओं का लाभ सीधे पात्र लोगों तक पहुंचे। आज योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के खातों में ट्रांसफर की जा रही है और आमजन को इसका लाभ मिल रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार ने युवाओं को बिना खर्ची-बिना पर्ची के पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियां दी हैं। पहले युवाओं को नौकरी पाने के लिए पैसे और सिफारिशों का सहारा लेना पड़ता था, लेकिन भाजपा सरकार ने इस व्यवस्था को बदलकर योग्यता को प्राथमिकता दी है। सरकार ने खिलाड़ियों को भी प्रोत्साहित किया है, जिसके परिणामस्वरूप हरियाणा के खिलाड़ी देश और प्रदेश का गौरव बढ़ा रहे हैं। आयुष्मान योजना का दायरा भी बढ़ाया गया है और प्रदेश में करीब 1 लाख 60 हजार मकान बनाकर जरूरतमंद परिवारों को उपलब्ध करवाए गए हैं। सरकार का उद्देश्य महिला, किसान, युवा और गरीब सहित समाज के प्रत्येक वर्ग को सशक्त बनाना है।

629 गौशालाओं को 86 करोड़ 95 लाख रुपये की अनुदान राशि प्रदान की

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा सरकार गौशालाओं के विकास और गौवंश संरक्षण की दिशा में लगातार महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। प्रदेश में गौशालाओं को चारे की व्यवस्था तथा शेड निर्माण के लिए अनुदान राशि प्रदान की जाती है, ताकि गौवंश के रखरखाव और देखभाल की बेहतर व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इसी कड़ी में गत दिवस प्रदेश की 629 गौशालाओं को 86 करोड़ 95 लाख रुपये की राशि प्रदान की गई है। इस राशि का उपयोग गौशालाओं के रखरखाव, चारे की व्यवस्था, शेड निर्माण और अन्य आवश्यक कार्यों पर किया जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार गौवंश संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है और गौशालाओं को आवश्यक संसाधन उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयास कर रही है।

हरियाणा कैबिनेट ने टीडीआर पॉलिसी में संशोधनों को दी मंजूरी

ओपन सर्च/ब्यूरो

- टीडीआर प्रमाणपत्रों के घटते मूल्य से जुड़ी चिंताओं का होगा समाधान; बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के लिए भूमि जुटाना होगा आसान

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहाँ हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हस्तांतरणीय विकास अधिकार (टीडीआर) प्रदान करने और उसके उपयोग से संबंधित 16 नवंबर, 2021 की नीति में संशोधनों को मंजूरी दी गई। इसका उद्देश्य टीडीआर प्रमाण-पत्रों के मूल्यांकन, हस्तांतरण और उपयोग से जुड़े मुद्दों का समाधान करना तथा प्रदेशभर में बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन को सुगम बनाना है। मौजूदा टीडीआर पॉलिसी के तहत उन भू-स्वामियों को टीडीआर प्रमाण-पत्र दिए जाने का प्रावधान है, जो महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचा विकास परियोजनाओं के लिए आवश्यक अपनी भूमि सरकार को देते हैं। भू-स्वामी ऐसे प्रमाणपत्रों को उसी विकास योजना के भीतर डेवलपर्स या अन्य उपयोगकर्ताओं को बेचकर अपने विकास अधिकारों का मुद्रीकरण (मोनीटाइज) करके धनराशि प्राप्त कर सकते हैं। संशोधित नीति के तहत, उस काल्पनिक भूमि (नोशनल लैंड) की गणना के फार्मूला को संशोधित किया जाएगा, जिसके लिए टीडीआर प्रमाण पत्र जारी किया गया है। यह गणना आवेदन के कैलेंडर वर्ष की 1 जनवरी को लागू दर से जुड़े मौजूदा प्रावधान के बजाय, आवेदन जमा करने की तिथि को दी गई भूमि पर लागू भारित औसत कलेक्टर रेट पर आधारित होगी। मंत्रिमंडल ने प्राप्ति स्थल (रिसीविंग साइट) की नोशनल भूमि की गणना के फार्मूले में भी बदलाव को मंजूरी दी है। संशोधित गणना में आवेदन जमा करने की तिथि पर प्राप्ति स्थल पर लागू भारित औसत कलेक्टर दर को ध्यान में रखा जाएगा, जिसके आधार पर टीडीआर प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया था। इसके अलावा, टीडीआर प्रमाण-पत्र प्रदान करने के लिए संबंधित उपायुक्त द्वारा अधिसूचित कलेक्टर दर और आवेदन जमा करने की तिथि पर लागू कलेक्टर दर को मान्य माना जाएगा, चाहे उसे अंतत: किसी भी तिथि को उपयोग में लाया जाए।

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मिलीं वर्ल्ड चैंपियन पहलवान मनीषा भनवाला

मनीषा की उपलब्धि हरियाणा सहित पूरे देश के लिए गौरव का विषय - मुख्यमंत्री

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी से मंगलवार को जींद जिले की अंतरराष्ट्रीय पहलवान एवं वर्ल्ड चैंपियन मनीषा भनवाला ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कजाकिस्तान में आयोजित सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतकर देश का नाम रोशन करने पर मनीषा को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि मनीषा की यह ऐतिहासिक उपलब्धि हरियाणा सहित पूरे देश के लिए गर्व और गौरव का विषय है। उन्होंने मनीषा को भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए प्रोत्साहित किया और हरसंभव सहयोग एवं समर्थन का आश्वासन दिया। इस मौके पर खेल राज्य मंत्री श्री गौरव गौतम, कोच मनदीप सिंह भी मौजूद रहे। मनीषा भनवाला ने कजाकिस्तान में आयोजित सीनियर वर्ल्ड रेसलिंग चैंपियनशिप में 59 किलोग्राम भार वर्ग में शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीतकर वर्ल्ड चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इस उपलब्धि के साथ ही उन्होंने देश की पहली महिला पहलवान के रूप में यह ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की।



मनीषा इससे पहले भी अंतरराष्ट्रीय कुश्ती प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा और मेहनत का लोहा मनवा चुकी हैं। उन्होंने वर्ष 2025 में जॉर्डन में आयोजित एशियन चैंपियनशिप में 62 किलोग्राम भार वर्ग में स्वर्ण पदक हासिल किया। इसके अलावा, वर्ष 2026 में आयोजित वर्ल्ड रैंकिंग सीरीज में भी उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की। मनीषा की अंतरराष्ट्रीय उपलब्धियों का सिलसिला यहीं तक सीमित नहीं है। उन्होंने वर्ष 2022 की एशियन चैंपियनशिप में कांस्य पदक, वर्ष 2023 में कांस्य पदक तथा वर्ष 2024 में पुन: कांस्य पदक जीतकर लगातार शानदार प्रदर्शन किया। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा की बेटियां खेलों के क्षेत्र में निरंतर नए कीर्तिमान स्थापित कर रही हैं। मनीषा भनवाला जैसी प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रदेश की युवा पीढ़ी, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। उनकी सफलता यह साबित करती है कि दृढ़ संकल्प, कठिन परिश्रम और समर्पण से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

हरियाणा मंत्रिमंडल ने कॉलेज कैडर ग्रुप-सी सेवा नियमों में संशोधन को दी मंजूरी

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा शैक्षणिक कॉलेज कैडर (ग्रुप-सी) सेवा नियम, 1986 में संशोधन को मंजूरी प्रदान की गई। इसके तहत जूनियर लेक्चर असिस्टेंट के पद पर नियुक्ति के लिए शैक्षणिक योग्यता में संशोधन करने के साथ-साथ सेवा संबंधी अन्य प्रावधानों को भी अद्यतन किया गया है। संशोधित नियम हरियाणा शैक्षणिक कॉलेज कैडर (ग्रुप-सी) सेवा (संशोधन) नियम, 2026 कहलाएंगे। ये नियम राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से लागू होंगे। संशोधित प्रावधानों के अनुसार, जूनियर लेक्चरर असिस्टेंट के पद पर सीधी भर्ती के लिए अभ्यर्थी का विज्ञान संकाय में भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं गणित (पीसीएम) अथवा भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान एवं जीव विज्ञान (पीसीबी) विषयों के साथ 10$2 उत्तीर्ण होना अनिवार्य होगा। इसके अतिरिक्त, किसी मान्यता प्राप्त कॉलेज में लेबोरेटरी अटेंडेंट के रूप में पांच वर्ष का अनुभव होना चाहिए। अभ्यर्थी के पास मैट्रिक स्तर पर हिंदी या संस्कृत विषय अथवा उच्च शिक्षा में हिंदी विषय का होना भी आवश्यक है।

भू-मालिकों को मिलेगा विकसित क्षेत्र का 50 प्रतिशत हिस्सा; चार वर्षों तक मिलेगी प्रतिवर्ष प्रति एकड़ 1 लाख की अंतरिम वित्तीय सहायता

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में लैंड पूलिंग पॉलिसी-2026 को मंजूरी प्रदान की गई। यह नीति मौजूदा लैंड पूलिंग पॉलिसी-2022 का स्थान लेगी। नई नीति का उद्देश्य विकास परियोजनाओं में भू-मालिकों की भागीदारी सुनिश्चित करना है।



नई नीति के तहत, भू-मालिकों को स्वीकृत लेआउट प्लान के अनुसार परियोजना के कुल बिक्री योग्य क्षेत्र का 50 प्रतिशत हिस्सा दिया जाएगा, जबकि शेष 50 प्रतिशत हिस्सा विकास एजेंसी के पास रहेगा। भू-मालिकों के हिस्से का निर्धारण बाजार मूल्य से जोड़ने संबंधी पहले के प्रावधानों को हटा दिया गया है। भू-मालिकों को मिलने वाले 50 प्रतिशत हिस्से में निर्धारित पात्रता के अनुसार वाणिज्यिक स्थल भी उपलब्ध करवाए जाएंगे। शेष क्षेत्र परियोजना के उद्देश्य के अनुसार आवासीय, औद्योगिक अथवा संस्थागत भूखंडों के रूप में आवंटित किया जाएगा। नीति के तहत भू-मालिकों को उनके द्वारा दी गई भूमि के अनुपात में, विक्रय विलेख (सेल डीड) के पंजीकरण की तारीख से चार वर्षों तक प्रतिवर्ष प्रति एकड़ 1 लाख रुपये की अंतरिम वित्तीय सहायता दी जाएगी। यदि सेल डीड के 15 दिनों के भीतर यह राशि हस्तांतरित नहीं की जाती है, तो भू-मालिक विलंब की अवधि के लिए 9 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज पाने के हकदार होंगे। परियोजना को पूरा करने की समय-सीमा पांच वर्ष से घटाकर चार वर्ष कर दी गई है। विकास एजेंसी को परियोजना की अंतिम स्वीकृति की तारीख से चार वर्ष के भीतर सभी आवश्यक बुनियादी सुविधाओं का विकास पूरा करना होगा। निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूरा न होने की स्थिति में भू-मालिकों को भूमि वापस कर दी जाएगी। भू-मालिकों को आवंटित किए जाने वाले विकसित भूखंडों का न्यूनतम आकार भी निर्धारित किया गया है। इसके तहत आवासीय भूखंड 100 वर्ग मीटर, औद्योगिक भूखंड 250 वर्ग मीटर तथा संस्थागत भूखंड 500 वर्ग मीटर के होंगे। वास्तविक आवंटित क्षेत्र भूमि के योगदान के अनुपात में निर्धारित किया जाएगा। जिन भू-मालिकों का भूमि योगदान 2,000 वर्ग मीटर से अधिक होगा, उन्हें पात्रता के अनुसार कियोस्क अथवा बूथ के रूप में वाणिज्यिक भूखंड आवंटित किए जाएंगे।

999 वर्ग मीटर से कम भूमि का योगदान करने वाले भू-मालिकों को भूमि अधिग्रहण, पुनर्वास एवं पुनर्स्थापन में उचित मुआवजा और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 के तहत अथवा भूखंड के आरक्षित मूल्य के अनुसार मुआवजा राशि दी जाएगी। इनमें से जो भी राशि अधिक होगी, वह भू-मालिक को प्रदान की जाएगी। भूमि पात्रता प्रमाणपत्र (लैंड एंटाइटलमेंट सर्टिफिकेट) धारक अपने प्रमाणपत्रों को एक साथ जोड़कर बड़े आकार के विकसित भूखंडों के लिए संयुक्त रूप से आवेदन कर सकेंगे।

इसके अतिरिक्त, विकास एजेंसी द्वारा आवंटित भूखंडों को वापस खरीदने की अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर तीन वर्ष कर दी गई है। नीति में लैंड एग्रीगेटर का पारिश्रमिक संबंधित राजस्व संपदा में कृषि भूमि के कलेक्टर रेट का 0.5 प्रतिशत निर्धारित किया गया है। यह राशि विकास एजेंसी द्वारा वहन की जाएगी तथा परियोजना की सेल डीड प्रक्रिया पूरी होने के बाद भुगतान किया जाएगा। नई नीति में 'ई-भूमि' के माध्यम से लैंड पूलिंग को शामिल नहीं किया गया है।

अगले पांच वर्षों में राज्य के निर्यात को दोगुना करने का लक्ष्य: मुख्यमंत्री

200 से अधिक देशों तक पहुंच रहे हरियाणा के उत्पाद

ओपन सर्च/ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि वैश्विक बाजारों के साथ भारत का बढ़ता जुड़ाव हरियाणा के उद्योगों, एमएसएमई, किसानों और उद्यमियों के लिए नए अवसर लेकर आया है। कार्यक्रम को विशेष वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए उन्होंने कारोबारियों से देश के व्यापार समझौतों का पूरा लाभ उठाने, नए अंतरराष्ट्रीय बाजारों की तलाश करने और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में अपनी स्थिति मजबूत करने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा को अपने मजबूत विनिर्माण आधार और कुशल कार्यबल की क्षमता का लाभ उठाते हुए अंतरराष्ट्रीय बाजारों में अपनी उपस्थिति और बढ़ानी होगी। उन्होंने अगले पांच वर्षों में राज्य के निर्यात को दोगुना करने के लक्ष्य के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। इस दिशा में केंद्रित नीतिगत ढांचे, मजबूत संस्थागत सहयोग और उद्योग जगत के साथ निरंतर संवाद को महत्वपूर्ण बताया। हरियाणा सरकार द्वारा गुरुग्राम में "लेवरेजिंग एफटीए – आउटरीच प्रोग्राम" विषय पर राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में भारत सरकार एवं हरियाणा सरकार के वरिष्ठ गणमान्य अधिकारीगण, जनप्रतिनिधियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, निर्यातकों, व्यापार विशेषज्ञों और प्रमुख निर्यात संवर्धन परिषदों ने भाग लिया।

इस कार्यशाला का आयोजन हरियाणा सरकार के एमएसएमई निदेशालय द्वारा भारत सरकार के वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय के वाणिज्य विभाग तथा विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) के क्षेत्रीय कार्यालयों के सहयोग से किया गया। इंडिया ट्रेड प्रमोशन ऑर्गनाइजेशन (आईटीपीओ) इस कार्यक्रम का नॉलेज पार्टनर रहा इस राज्य स्तरीय आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य हरियाणा के उद्योगों और कारोबारियों को भारत के फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स के तहत उपलब्ध बाजार अवसरों की जानकारी देना, टैरिफ रियायतों एवं रूल्स ऑफ ओरिजिन को समझने में सहायता करना, गैर-टैरिफ बाधाओं से निपटने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना और अंतरराष्ट्रीय बाजारों में प्रतिस्पर्धा के लिए उनकी तैयारी को मजबूत करना था।

हरियाणा के उत्पाद आज 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों में पहुंच रहे

वित्त वर्ष 2025-26 में 20.57 अरब अमेरिकी डॉलर के वस्तु निर्यात, 7.66 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि और देश के कुल वस्तु निर्यात में 4.66 प्रतिशत की हिस्सेदारी के साथ हरियाणा भारत के प्रमुख निर्यातक राज्यों में अपनी मजबूत स्थिति बनाए हुए है। देश के राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों में छठे स्थान पर रहने वाले हरियाणा के उत्पाद आज 200 से अधिक देशों और क्षेत्रों तक पहुंच रहे हैं। राज्य अब भारत के बढ़ते मुक्त व्यापार समझौतों (फ्री ट्रेड एग्रीमेंट्स-एफटीए) के माध्यम से उपलब्ध अवसरों को अपने उद्योगों और निर्यातकों के लिए वास्तविक कारोबारी संभावनाओं में बदलने की दिशा में प्रयास तेज कर रहा है।

मकान से सोने की चेन और नकदी चोरी करने वाली मेड गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-52 स्थित एक मकान से सोने की चेन और नकदी चोरी करने के मामले में सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने आरोपी महिला मेड को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक सोने की चेन और 1.50 लाख रुपये की नकदी बरामद की है। पुलिस के मुताबिक, मकान मालिक ने 2 नवंबर को सेक्टर-53 थाना पुलिस को शिकायत दी थी कि उनके घर पर एक महिला सफाई का काम करती थी। 12 अक्टूबर को उसे रुपये चोरी करते हुए पकड़ लिया गया था, जिसके बाद उसे काम से हटा दिया गया था। कुछ दिन बाद जब उन्होंने अलमारी चेक की तो उसमें रखी सोने की चेन और नकदी गायब मिली। उन्हें शक था कि उनकी पूर्व मेड ने ही चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। शिकायत के आधार पर सेक्टर-53 थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने आरोपी महिला को 2 नवंबर को सेक्टर-43 के नजदीक से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी महिला की पहचान 35 वर्षीय गुडिया देवी निवासी बिहार के खगडिया जिले के गांव बाईसा, हाल निवासी वजीराबाद, गुरुग्राम के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी की एक सोने की चेन और डेढ़ लाख रुपये की नकदी बरामद की है।



हिमाचल से चरस लाकर गुरुग्राम में सप्लाई करने वाला गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में चरस तस्करी के मामले में पुलिस ने सप्लायर को चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले के गांव चौकी निवासी 40 वर्षीय वेदराम उर्फ वेदु के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने ही राजीव चौक के पास पकड़े गए दो युवकों को चरस उपलब्ध कराई थी। पुलिस के अनुसार, 31 अक्टूबर को सेक्टर-17 क्राइम ब्रांच ने राजीव चौक के नजदीक कार्रवाई करते हुए पांच लोगों को गिरफ्तार किया था। इनमें सोहना निवासी अंकित जैन (36) और तपन पाराशर (31) शामिल थे। पुलिस ने इनके कब्जे से 203.71 ग्राम चरस बरामद की थी। इस संबंध में सदर थाना गुरुग्राम में एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया था। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने बताया था कि वे हिमाचल प्रदेश से एक लाख रुपये में चरस खरीदकर गुरुग्राम में बेचने के लिए लाए थे। इसके बाद पुलिस ने सप्लाई करने वाले व्यक्ति की तलाश शुरू की। क्राइम ब्रांच ने आगे कार्रवाई करते हुए 2 नवंबर को चंडीगढ़ से वेदराम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी ने अपने गांव में कैनाबिस के पौधे लगा रखे थे और इनके जरिए मादक पदार्थ बेचने का काम करता था। आरोपी के खिलाफ चंडीगढ़ में एनडीपीएस एक्ट के तहत पहले भी एक मामला दर्ज है। फिलहाल पुलिस आरोपी से पूछताछ कर मामले की आगामी जांच कर रही है।



गाड़ी से नकदी चोरी करने का आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सोहना क्राइम ब्रांच ने सोहना की सब्जी मंडी में खड़ी गाड़ी से नकदी चोरी करने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी किए गए 35 हजार रुपये बरामद किए हैं। आरोपी की पहचान सोहना के गांव सांचोली निवासी शाहरुख के रूप में हुई है। पुलिस के मुताबिक, शिकायतकर्ता ने 1 नवंबर को थाना शहर सोहना में शिकायत दी थी कि 24 अक्टूबर को उसकी गाड़ी सब्जी मंडी सोहना में खड़ी थी। इस दौरान किसी अज्ञात व्यक्ति ने गाड़ी में रखी नकदी चोरी कर ली। शिकायत के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी। मामले की जांच के दौरान सोहना क्राइम ब्रांच ने कार्रवाई करते हुए 3 नवंबर को अंसल पहाड़ी, सोहना के पास से आरोपी शाहरुख को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ और जांच के दौरान पुलिस ने उसके कब्जे से चोरी की गई 35 हजार रुपये की नकदी बरामद की। पुलिस के अनुसार, आरोपी के आपराधिक रिकॉर्ड की जांच में सामने आया है कि उसके खिलाफ चोरी और मारपीट के आरोप में गुरुग्राम में पहले से पांच मामले दर्ज हैं। फिलहाल पुलिस आरोपी के खिलाफ नियमानुसार आगामी कार्रवाई कर रही है और मामले की जांच जारी है।

सीएम फ्लाइंग की रेड में पटाखों की अवैध बिक्री का भंडाफोड़, 586 किलो पटाखे बरामद

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। दिवाली से पहले गुरुग्राम में पटाखों की अवैध बिक्री के खिलाफ सीएम फ्लाइंग की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। टीम ने बादशाहपुर एरिया की आरआर कॉलोनी में छापेमारी कर अवैध रूप से पटाखे बेच रहे एक व्यक्ति को काबू किया है। मौके से करीब 586 किलो पटाखे बरामद किए गए हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक, सोमवार शाम सीएम फ्लाइंग की टीम को सूचना मिली थी कि बादशाहपुर इलाके में चोरी-छिपे पटाखों की बिक्री की जा रही है। सूचना के आधार पर उपनिरीक्षक नरेंद्र सिंह, एएसआई धर्मबीर और थाना बादशाहपुर की महिला मुख्य सिपाही सीमा की संयुक्त टीम ने आरआर कॉलोनी में रेड की। यहां अशोक नामक व्यक्ति के प्लॉट में बनी दुकान/कमरा नंबर 20 में किरायेदार राजकुमार अवैध रूप से पटाखे बेचता मिला। टीम ने मौके पर जांच की तो वहां भारी मात्रा में पटाखे रखे हुए थे। कार्रवाई के दौरान कुल 586 किलो पटाखे बरामद किए गए। पुलिस टीम ने बरामद पटाखों में 10 प्रकार के पटाखे, बम, रॉकेट और स्काई शॉट आदि शामिल पाए। महिला मुख्य सिपाही सीमा ने नियमानुसार सभी पटाखों को अलग-अलग गत्ते की पेटियों और प्लास्टिक के कट्टों व बैग में रखकर सील कराया। इस मामले में महिला मुख्य सिपाही सीमा की शिकायत पर आरोपी राजकुमार के खिलाफ बीएनएस की धारा 288, 125 और इंडियन एक्सप्लोसिव एक्ट की धारा 98 के तहत केस दर्ज किया गया है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आरोपी पटाखे कहां से लाया था और इस अवैध कारोबार में उसके साथ अन्य लोग भी शामिल हैं या नहीं।

अवैध हथियार मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने अवैध हथियार रखने और उपलब्ध कराने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने एक आरोपी के कब्जे से देशी कट्टा बरामद किया है। पूछताछ में खुलासा हुआ कि उसने यह हथियार दूसरे आरोपी से 2,500 रुपये में खरीदा था। पुलिस के मुताबिक, 2 नवंबर को सेक्टर-43 क्राइम ब्रांच ने खुशबू चौक के नजदीक कार्रवाई करते हुए संजय (29) को अवैध हथियार सहित गिरफ्तार किया। आरोपी मूल रूप से राजस्थान के दौसा जिले के गांव मंडावरी का रहने वाला है और वर्तमान में सिकंदरपुर, गुरुग्राम में रह रहा था। इसके बाद पुलिस ने हथियार उपलब्ध कराने वाले दूसरे आरोपी की तलाश शुरू की। टीम ने कार्रवाई करते हुए उसी दिन सिकंदरपुर से आयुष थापा (25) को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपी मूल रूप से नेपाल का निवासी है और वर्तमान में सिकंदरपुर में रह रहा था। पुलिस पूछताछ में संजय ने बताया कि उसने बरामद देशी कट्टा आयुष थापा से 2,500 रुपये में खरीदा था। इस मामले में दोनों आरोपियों के खिलाफ डीएलएफ फेज-1 थाना गुरुग्राम में आर्म्स एक्ट की संबंधित धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। आरोपी संजय के खिलाफ गुरुग्राम में आर्म्स एक्ट के तहत पहले से एक मामला दर्ज है।

ईएसआईसी अस्पताल के डॉक्टरों की बड़ी लापरवाही

सर्जरी के बाद पेट में छोड़ दिए गाउन व हाथ पोछने वाला कपड़ा, महिला की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-9 स्थित ईएसआईसी अस्पताल के डॉक्टरों की लापरवाही के कारण पांच महीने की गर्भवती महिला की मौत का मामला सामने आया है।

हालांकि अभी तक मृतक महिला के पति की ओर से केवल पुलिस को शिकायत दी है, लेकिन पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी। फिलहाल 174 की कार्रवाई की गई है। खास बात ये है कि महिला के शव का पोस्टमार्टम के दौरान एक फीट लंबी-चौड़ी तौलिया व एक गाउन मिलने की बात सामने आई है। सीएमओ डॉक्टर विरेंद्र बासवाना ने माना कि महिला के पेट से कपड़े मिले हैं। मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया है, लेकिन अभी तक मेडिकल नेकलीजेंसी से संबंधित कोई शिकायत नहीं मिली है। मृतक 28 वर्षीय मंजू सेक्टर-5 की शीतला कॉलोनी में रहती थी। परिजनों के मुताबिक, गत शुक्रवार को पेट में दर्द और रक्तस्राव होने पर उन्हें शनिवार तड़के ईएसआईसी अस्पताल सेक्टर-9 में भर्ती कराया गया था।



डॉक्टरों ने गर्भस्थ शिशु को बाहर निकाला, लेकिन महिला का रक्तस्राव जारी रहा। रविवार को उनकी आपातकालीन सर्जरी की गई। हालत बिगड़ने पर उन्हें पालम विहार के निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां महिला की मौत हो गई। गत सोमवार को तीन चिकित्सकों के मेडिकल बोर्ड ने पोस्टमार्टम किया। इस दौरान पेट से गाउन का कपड़ा और गॉज बरामद हुआ, जिन्हें साक्ष्य के तौर पर सुरक्षित रखा गया है। बोर्ड के सदस्य डॉ. दीपक माथुर ने शुरुआती तौर पर अत्यधिक रक्तस्राव को मौत का कारण बताया। उन्होंने

- ईएसआई के डिप्टी मेडिकल सुपरिडेंट अनिल कुमार बोले-हम फोन पर कुछ नहीं कह सकते

समय पर उपचार मिलने पर जान बचने की संभावना भी जताई। वहीं सेक्टर-5 थाना प्रभारी सत्यवान के अनुसार, पोस्टमार्टम के बाद सामने आए तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

वहीं, सीएमओ डॉ. विरेंद्र बासवाना ने शिकायत मिलने पर जांच कराने की बात कही है। मृतका के पति मनोज कुमार ने ऑपरेशन से लेकर उपचार तक की पूरी प्रक्रिया की जांच की मांग की है। वहीं ईएसआईसी के डिप्टी मेडिकल सुपरिडेंट अनिल कुमार ने फोन पर किसी तरह की जानकारी देने से मना कर दिया।

घर के बाहर खड़ी स्कूटी में जलकर हुई राख

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। सेक्टर-24 में मंगलवार सुबह घर के बाहर खड़ी एक स्कूटी में अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी स्कूटी को अपनी चपेट में ले लिया और वाहन जलकर राख हो गया। घटना के बाद आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलने पर सेक्टर-29 फायर स्टेशन से दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, मंगलवार सुबह करीब 5:30 बजे घर के बाहर खड़ी स्कूटी से अचानक धुआं निकलने लगा। कुछ ही देर में स्कूटी में आग भड़क उठी। आसपास मौजूद लोगों ने मकान में रहने वालों को इसकी जानकारी दी। लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग तेजी से फैलने के कारण वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद सुबह करीब 5:40 बजे फायर विभाग को सूचना दी गई। आग फैलने की आशंका को देखते हुए लोगों ने आसपास खड़े अन्य वाहनों को भी



वहां से हटा दिया। सूचना मिलते ही सेक्टर-29 फायर स्टेशन से दमकल टीम मौके पर पहुंची और पानी का छिडक़ाव कर आग बुझाई। हालांकि, तब तक स्कूटी पूरी तरह जल चुकी थी। सेक्टर-29 फायर स्टेशन के अधिकारी मामचंद के अनुसार, दमकल टीम ने मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाया। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज से आग लगने के कारणों का पता लगाया जा सकता है। वहीं, नाथूपुर पुलिस चौकी प्रभारी पिंगाक्ष ने बताया कि स्कूटी मालिक की ओर से अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

हिंदी काव्य सरिता मंच सोहाँसड़ा

हरियाणा दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी काव्य मंच पर एक काव्य गोष्ठी आयोजित की गई। जिसमें हरियाणा के बेहतरीन साहित्यकारों ने अपनी लेखनी और गायन से कार्यक्रम को और ज्यादा खूबसूरत बना दिया। संरक्षक श्री अशोक कुमार जाखड़ झज्जर से,सलाहकार श्रीमति सुशीला जांगड़ा जींद से,हरियाणा के वरिष्ट कवि श्री बलबीर सिंह ढ़ाका रोहतक से,लोक कवि और रेडियो सिंगर श्री दलबीर सिंह फूल रेवाड़ी से,नवांकुर श्रीमति सुशीला शेखावत फरीदाबाद,मंच के संस्थापक सुरेश कुमार सुलोदिया भिवानी से, डॉ कृष्णा जोशी इंदौर से जिन्होंने बहुत बहुत सुंदर मंच संचालन की जिम्मेदारी निभाई।अनेक कलमकारों ने मंच से जुड़े कर हरियाणा दिवस मनाया और समृद्ध हरियाणा प्रदेश और देश के लिए मंगल कामनाएं की।



यूके से भारत आए इंजीनियर की गुरुग्राम के होटल में संदिग्ध मौत, बाथटब में मिला शव

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। यूनाइटिड किंगडम (यूके) से भारत लौटे 35 वर्षीय इंजीनियर की गुरुग्राम के सेक्टर-53 स्थित एक होटल में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। इंजीनियर का शव होटल के कमरे के बाथरूम में बाथटब के पानी में अचेत अवस्था में मिला। होटल कर्मचारियों ने इसकी सूचना प्रबंधन और पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे डॉक्टर ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने फॉरेंसिक टीम को बुलाकर घटनास्थल का निरीक्षण कराया और शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान आगरा की इदगाह कॉलोनी निवासी प्रांजल पाठक के रूप में हुई है। वह यूनाइटिड किंगडम (यूके) के मैनचेस्टर में एक मल्टीनेशनल कंपनी में इंजीनियर के पद पर कार्यरत थे और हाल ही में भारत आए थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि भारत आने के बाद वह उत्तराखंड के ऋषिकेश घूमने गए थे। ऋषिकेश से लौटने के बाद वह दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पहुंचे थे, जहां उन्होंने अपने एक दोस्त को फ्लाइट में बैठाकर विदा किया। इसके बाद रविवार रात उन्होंने गुरुग्राम के सेक्टर-53 स्थित ओरसम होटल में ठहरने के लिए कमरा बुक किया। उन्हें होटल के कमरा नंबर 302 में ठहराया गया था। सोमवार सुबह 11 बजे उनका



चेकआउट निर्धारित था, लेकिन शाम करीब साढ़े पांच बजे तक न तो उन्होंने कमरा खाली किया और न ही अंदर से कोई हलचल सुनाई दी। इस पर होटल स्टाफ ने कमरे में जाकर देखा तो प्रांजल बाथरूम के बाथटब में अचेत अवस्था में पड़े मिले। इसके बाद होटल प्रबंधन ने डॉक्टर को बुलाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने होटल में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली। प्रारंभिक जांच में सामने आया कि प्रांजल के कमरे में जाने के बाद कोई अन्य व्यक्ति अंदर नहीं गया था। शव मिलने के समय कमरे का दरवाजा भी अंदर से लॉक था। पुलिस के अनुसार, फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत की असली वजह का पता चल सकेगा।

पिता की हत्या के आरोप में जेल में बंद कैदी की मौत

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। पिता की हत्या के आरोप में भोंडसी जेल में बंद व्यक्ति की उपचार के दौरान मौत हो गई। वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था और जेल के अस्पताल में उसका इलाज किया जा रहा था। हालत में सुधार नहीं होने पर उसे सेक्टर-10 स्थित सिविल अस्पताल रेफर किया गया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव का मजिस्ट्रेट की निगरानी में मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया है।

पुलिस के मुताबिक, वर्ष 2019 में शिवाजी नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मी गार्डन में 46 वर्षीय ऋ षभ मेहता ने अपने पिता सुशील मेहता की चाकू से गोदकर हत्या कर दी थी। जांच में सामने आया था कि ऋ षभ मानसिक रूप से परेशान था। उसे भ्रम था कि उसके माता-पिता छोटे भाई मयंक को उससे ज्यादा प्यार



करते हैं और उस पर काला जादू कर रहे हैं। इसी बात को लेकर उसने अपने पिता पर चाकू से कई वार किए थे। गर्दन पर चाकू लगने से सुशील मेहता की मौके पर ही मौत हो गई थी। बीच-बचाव करने पहुंची मां चंदर मेहता और भाई मयंक पर भी उसने हमला कर घायल कर दिया था। मामले में शिवाजी नगर थाना पुलिस ने केस दर्ज कर ऋ षभ को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद से वह भोंडसी जेल में बंद था। पुलिस के अनुसार, 2 नवंबर की सुबह करीब 10:15 बजे ऋ षभ की तबीयत अचानक ज्यादा बिगड़ गई। उसे जेल अस्पताल में प्राथमिक उपचार देने के बाद सेक्टर-10 सिविल अस्पताल भेजा गया, जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर भोंडसी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। मंगलवार को मजिस्ट्रेट की निगरानी में मेडिकल बोर्ड ने शव का पोस्टमार्टम किया। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का पता चल सकेगा।

हरियाणा में ट्रैवल एजेंटों का पंजीकरण अनिवार्य, धोखाधड़ी और अवैध तरीके से विदेश भेजने वालों पर कसेगा शिकंजा

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। हरियाणा सरकार प्रदेश के युवाओं को विदेश में नौकरी और बेहतर भविष्य का सपना दिखाकर ठगी करने वाले तथा अवैध तरीके से विदेश भेजने वाले लोगों से बचाने के लिए प्रभावी व्यवस्था लागू करने जा रही है। इसी दिशा में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में आज यहां हुई मंत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण एवं विनियमन अधिनियम, 2025 के तहत हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण एवं विनियमन नियम, 2026 को मंजूरी प्रदान की गई। इन नियमों का मुख्य उद्देश्य प्रदेश के युवाओं को धोखाधड़ी करने वाले ट्रैवल एजेंटों, अवैध विदेश भर्ती, मानव तस्करी और डंकी रूट जैसी गैर-कानूनी गतिविधियों से बचाना तथा ट्रैवल एजेंटों के व्यवसाय में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना है।

नए नियमों के तहत प्रदेश में ट्रैवल

- मंत्रिमंडल ने हरियाणा ट्रैवल एजेंट पंजीकरण एवं विनियमन नियम, 2026 को दी मंजूरी; प्रत्येक सेवा श्रेणी के लिए अलग पंजीकरण जरूरी

एजेंट का व्यवसाय करने वाले सभी नए और पहले से कार्यरत एजेंटों के लिए पंजीकरण अनिवार्य होगा। प्रत्येक नए कार्यालय या शाखा के लिए अलग पंजीकरण कराना होगा। इसी प्रकार, प्रत्येक सेवा श्रेणी के लिए भी अलग-अलग पंजीकरण आवश्यक होगा। इनमें पासपोर्ट सेवाएं, टूर एवं ट्रैवल एजेंसी सेवाएं, स्टडी वीजा कंसल्टेंसी और टिकटिंग सेवाएं शामिल हैं। वित्तीय जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक सेवा श्रेणी के पंजीकरण हेतु 5,000 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। पंजीकरण से पहले प्रत्येक आवेदक का पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा, ताकि इस व्यवसाय से जुड़े व्यक्तियों की पृष्ठभूमि की जांच सुनिश्चित की जा सके। पुलिस सत्यापन रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद सक्षम प्राधिकारी द्वारा 30 दिनों के भीतर पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा। यह प्रमाणपत्र तीन वर्ष तक वैध रहेगा। आम नागरिकों की सुविधा और पारदर्शिता के लिए एजेंटों को क्यूआर कोड युक्त डिजिटल पंजीकरण प्रमाणपत्र जारी किए जाएंगे। नागरिक क्यूआर कोड स्कैन करके संबंधित एजेंट के पंजीकरण की प्रामाणिकता और वैधता की जांच कर सकेंगे। इसके अलावा, पंजीकृत ट्रैवल एजेंटों की जिला वार सूची और उनके पंजीकरण प्रमाणपत्र अंत्योदय सरल पोर्टल के साथ-साथ गृह विभाग एवं पुलिस विभाग की आधिकारिक वेबसाइटों पर उपलब्ध करवाए जाएंगे, ताकि कोई भी व्यक्ति एजेंट की वैधता की जानकारी आसानी से प्राप्त कर सके।

केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आगामी 5 नवंबर को अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में विशाल जनसभा को करेंगें संबोधित

आजादी की पहली लडाई (1857) का शहीद स्मारक का करेंगें लोकार्पण - ऊर्जा मंत्री अनिल विज

ओपन सर्च/ ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि आजादी की पहली लड़ाई (1857) के शहीदों की स्मृति में निर्मित शहीद स्मारक के लोकार्पण को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। आगामी 5 नवंबर को केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह इस ऐतिहासिक स्मारक का लोकार्पण करेंगे और अंबाला छावनी के गांधी ग्राउंड में आयोजित विशाल जनसभा को संबोधित करेंगे। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह को सुनने के लिए हजारों की संख्या में लोग अंबाला छावनी पहुंचेंगे, क्योंकि केन्द्रीय गृह मंत्री के विचार सुनने के लिए लोगों में भारी



उत्साह है।

श्री विज आज मीडिया कर्मियों से बातचीत कर रहे थे। इसके उपरांत, श्री विज ने अंबाला छावनी के अधिकारियों की बैठक की अध्यक्षता की और संबंधित अधिकारियों को आगामी 5 नवंबर के कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आवश्यक दिशानिर्देश दिए। श्री विज ने कहा कि 5 नवंबर का दिन हरियाणा ही नहीं, बल्कि पूरे देश के लिए ऐतिहासिक होगा। उन्होंने कहा कि 1857 की क्रांति देश की आजादी की पहली लड़ाई थी, जो कांग्रेस पार्टी के गठन से भी 28 वर्ष पहले लड़ी गई थी। दुर्भाग्यवश, इस ऐतिहासिक संग्राम और इसमें अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले अनेक वीरों के योगदान को इतिहास में वह स्थान नहीं मिल पाया, जिसके वे हकदार थे। उन्होंने कहा कि अंबाला में निर्मित शहीद स्मारक देश का ऐसा पहला स्मारक है, जो विशेष रूप से 1857 के स्वतंत्रता संग्राम को समर्पित है। इस स्मारक में 22 भव्य गैलरियों के माध्यम से आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए उस दौर की लड़ाइयों, घटनाओं और स्वतंत्रता सेनानियों के संघर्ष को जीवंत रूप में प्रदर्शित किया गया है। उन्होंने कहा कि इस स्मारक के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के उस इतिहास को सामने लाने का प्रयास किया गया है, जो अब तक व्यापक रूप से उजागर नहीं हो पाया था।

ग्रेटर फरीदाबाद की कनेक्टिविटी को रफ्तार देने पर सीएम नायब सिंह सैनी का आभार : खाद्य मंत्री राजेश नागर

ओपन सर्च/ ब्यूरो

चंडीगढ़। हरियाणा के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले मंत्री श्री राजेश नागर ने ग्रेटर फरीदाबाद को एनआईटी फरीदाबाद से जोड़ने वाले लगभग 753 करोड़ रुपये की लागत के महत्वाकांक्षी एलिवेटेड फ्लाईओवर प्रोजेक्ट को मंजूरी मिलने पर मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हृदय से आभार व्यक्त किया है।

श्री नागर ने कहा कि यह परियोजना फरीदाबाद के विकास और बेहतर यातायात व्यवस्था की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगी। इससे ग्रेटर फरीदाबाद की कनेक्टिविटी न केवल एनआईटी क्षेत्र से मजबूत होगी, बल्कि गुरुग्राम की ओर आवागमन भी पहले से अधिक सुगम और सुविधाजनक हो सकेगा। इस परियोजना का टेंडर 17 दिसंबर को प्रस्तावित है, जिससे इसके धरातल पर उतरने का रास्ता साफ होगा। मंत्री ने कहा कि इस महत्वपूर्ण परियोजना की मांग उन्होंने विधायक रहते हुए तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री मनोहर लाल के समक्ष उठाई थी। उनका उद्देश्य था कि तेजी से विकसित हो रहे ग्रेटर फरीदाबाद को शहर के पुराने हिस्सों और प्रमुख मार्गों से सीधे जोड़ा जाए, ताकि लोगों को जाम और लंबी दूरी की परेशानी से राहत मिल सके। आज मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के नेतृत्व और सकारात्मक सोच से यह प्रयास साकार होने जा रहा है। उन्होंने कहा कि सैनिक कॉलोनी मोड़ से ग्रेटर फरीदाबाद और अमृता अस्पताल तक प्रस्तावित एलिवेटेड कॉरिडोर से बड़खल, अनखीर, मस्जिद चौक, प्याली-हार्डवेयर और बाटा चौक जैसे प्रमुख क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो संदेश से निर्यातकों को दिया वैश्विक बाजार में विस्तार का संदेश, हरियाणा का निर्यात पांच वर्षों में दोगुना करने का लक्ष्य

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने कहा, हरियाणा के उत्पादों को दुनिया के हर बाजार तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा के उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाने और प्रदेश के निर्यात को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के उद्देश्य से मंगलवार को गुरुग्राम में राज्य स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने वीडियो संदेश के माध्यम से कार्यशाला को संबोधित करते हुए अगले पांच वर्षों में प्रदेश का निर्यात दोगुना करने का लक्ष्य रखा। वहीं हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने होटल ग्रैंड हयात में 'लेवरेजिंग एफटीए – आउटरीच प्रोग्राम' का शुभारंभ किया। कार्यशाला में भारत के मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के माध्यम से हरियाणा के उद्योगों, एमएसएमई और निर्यातकों के लिए वैश्विक बाजार में उपलब्ध अवसरों तथा निर्यात विस्तार की रणनीतियों पर चर्चा की गई। कार्यशाला का आयोजन हरियाणा सरकार के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) निदेशालय द्वारा भारत सरकार के वाणिज्य विभाग, विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) तथा इंडिया ट्रेड प्रोमोशन ऑर्गेनाइजेशन (आईटीपीओ) के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में सोहना के विधायक तेजपाल तंवर, भारत सरकार के वाणिज्य विभाग के अतिरिक्त सचिव नितिन कुमार यादव, उद्योग एवं वाणिज्य विभाग, हरियाणा के कमिश्नर एवं सचिव डॉ. अमित के. अग्रवाल, गुरुग्राम के डिविजनल कमिश्नर रवि प्रकाश गुप्ता, हरियाणा एमएसएमई एवं उद्योग एवं वाणिज्य विभाग के महानिदेशक डॉ. यश गर्ग, भारत सरकार के वाणिज्य विभाग में निदेशक डॉ. गरिमा मित्तल तथा एचएसआईआईडीसी के एमडी विनय प्रताप सिंह सहित केंद्र एवं राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी, व्यापार विशेषज्ञ और विभिन्न औद्योगिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

हरियाणा के उत्पादों को वैश्विक बाजारों तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य : मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी ने अपने वीडियो संदेश के माध्यम से कार्यशाला से जुड़े सभी निर्यातकों, उद्यमियों और प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा हरियाणा ने 1 नवंबर को अपनी स्थापना के 60 गौरवशाली वर्ष पूरे किए हैं। इन छह दशकों में प्रदेश के किसानों, श्रमिकों और उद्यमियों ने अपनी मेहनत से हरियाणा को कृषि एवं उद्योग के प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित किया है। अब सरकार का लक्ष्य प्रदेश के उत्पादों को दुनिया के हर बाजार तक पहुंचाना है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत के मुक्त व्यापार समझौतों के माध्यम से 36 विकसित देशों के बाजारों तक पहुंच के नए अवसर खुले हैं। हरियाणा सरकार इन अवसरों को प्रदेश के उद्योगों, एमएसएमई, किसानों और युवाओं तक पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2025-26 में हरियाणा का मर्चेंडाइज निर्यात 20 बिलियन डॉलर से अधिक रहा और देश के कुल निर्यात में हरियाणा देश में छठे स्थान पर है।

हरियाणा की नई निर्यात नीति से पांच वर्षों में निर्यात दोगुना करने का लक्ष्य : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरुग्राम के ऑटोमोबाइल एवं आईटी क्षेत्र, फरीदाबाद के इंजीनियरिंग उत्पाद, पानीपत के होम टेक्सटाइल, करनाल के बासमती चावल, झज्जर के फुटवियर और अंबाला के वैज्ञानिक उपकरण अंतरराष्ट्रीय स्तर पर हरियाणा की पहचान हैं। भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते के लागू होने से प्रदेश के टेक्सटाइल, गारमेंट, फुटवियर सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए नए अवसर खुले हैं। इन अवसरों का पूरा लाभ उठाने के लिए निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग, टैरिफ रियायतों, रूल्स ऑफ ओरिजिन और गुणवत्ता मानकों की जानकारी होना जरूरी है। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार ने हाल ही में हरियाणा प्रोग्रेसिव एमएसएमई एवं एक्सपोर्ट प्रमोशन पॉलिसी-2026 अधिसूचित की है, जिसके तहत अगले पांच वर्षों में प्रदेश का निर्यात दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है।

प्रॉपर्टी टैक्स के बड़े बकायेदारों पर नगर निगम की कार्रवाई, जोन-4 में तीन संपत्तियां सील

तीनों संपत्तियों पर करीब 5.57 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया, भुगतान नहीं करने पर की गई कार्रवाई



ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। नगर निगम गुरुग्राम द्वारा प्रॉपर्टी टैक्स की बकाया राशि की वसूली के लिए कार्रवाई लगातार तेज की जा रही है। इसी कड़ी में मंगलवार को जोन-4 की टीम ने प्रॉपर्टी टैक्स जमा नहीं कराने वाले तीन बड़े बकायेदारों की संपत्तियों को सील कर दिया। इन तीनों संपत्तियों पर कुल लगभग 5.57 करोड़ रुपये का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। नगर निगम की टीम ने यह कार्रवाई उद्योग विहार क्षेत्र में की। सील की गई संपत्तियों में पहली संपत्ति पीसीआई लिमिटेड की है, जो प्राइम टावर, उद्योग विहार फेज-II में स्थित है। इस संपत्ति पर 2,10,45,687 रुपये से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। दूसरी संपत्ति एडुकॉम्प डेटामेटिक्स लिमिटेड की है, जिस पर 53,25,204 रुपये का बकाया है। वहीं, तीसरी संपत्ति रोल्टा प्राइवेट लिमिटेड की है। इस संपत्ति पर 2,92,96,643 रुपये से अधिक का प्रॉपर्टी टैक्स बकाया है। निगमायुक्त प्रदीप दहिया ने कहा कि नगर निगम गुरुग्राम द्वारा संपत्ति कर की वसूली को लेकर बकायेदारों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। निगम की ओर से संपत्ति मालिकों से अपील की जाती है कि वे अपना बकाया प्रॉपर्टी टैक्स समय पर जमा कराएं, ताकि सीलिंग सहित अन्य नियमानुसार कार्रवाई से बचा जा सके।

महिला सशक्तिकरण के लिए हरियाणा सरकार की बड़ी पहल

राज्य स्तरीय पुरस्कारों के लिए ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ाकर 16 नवंबर की गई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र आवेदक अब 16 नवंबर 2026 तक वेबसाइट onlinemis.wcdhry.gov.in/gaurav के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। डीसी उत्तम सिंह ने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में दिए जाने वाले प्रमुख पुरस्कारों में 5 लाख रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल के साथ 'श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार', 1.50 लाख रुपये की नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ 'इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार', 1 लाख रुपये की नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ 'कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार' तथा 1 लाख रुपये की नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ 'बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार' शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला उद्यमी श्रेणियों में चयनित विजेताओं को 21 हजार रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान किए जाएंगे। डीसी ने बताया कि जिला स्तर पर प्राप्त सभी आवेदनों की जांच जिला स्तरीय अनुशंसा समिति द्वारा की जाएगी। समिति द्वारा अनुशंसित पात्र मामलों का आवश्यक सत्यापन एवं पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के उपरांत निर्धारित समय-सीमा के भीतर मुख्यालय भेजा जाएगा। उन्होंने आमजन से अपील की कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली पात्र महिलाओं एवं संबंधित श्रेणियों के योग्य व्यक्तियों तक इस योजना की जानकारी पहुंचाएं तथा उन्हें 16 नवंबर तक आवेदन करने के लिए प्रेरित करें। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग के कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

सेवानिवृत्त सिंडिकेट बैंक अधिकारियों की अनूठी पहल : बुजुर्ग पेंशनर्स के लिए डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र शिविर शुरू

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। देश में केंद्र व राज्य सरकार, रक्षा सेवाओं, रेलवे, शिक्षा, बैंक व अन्य विभागों से सेवानिवृत्त लाखों पेंशनर्स अपनी पेंशन पर जीवन निर्वाह करते हैं। इन्हें हर वर्ष नवंबर माह में अपने बैंक या पेंशन भुगतान अधिकारी के समक्ष जीवन प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होता है, ताकि अगले एक वर्ष तक पेंशन निर्बाध रूप से मिलती रहे। इसके लिए विशेषकर अधिक उम्र के, बीमार तथा महिला पेंशनर्स को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। वरिष्ठ नागरिकों की इसी परेशानी को दूर करने के लिए केनरा-सिंडीकेट बैंक के सेवानिवृत्त अधिकारियों की संस्था CBSPRA कई वर्षों से पेंशनर्स के घरों के निकट ही शिविर लगाकर जीवन प्रमाण पत्र भरने की सेवा कर रही है। यह जानकारी संस्था के रीजनल सेक्रेटरी विजय अग्रवाल ने दी। इसी कड़ी में वैश्य समाज धर्मशाला, सेक्टर-4, गुरुग्राम में 3 नवम्बर से 5 नवम्बर तक तीन दिवसीय डिजिटल जीवन प्रमाण पत्र सबमिशन कैंप का आयोजन किया जा रहा है। भविष्य में शहर के अन्य क्षेत्रों में भी ऐसे कैंप लगाए जाएंगे। आज शिविर का शुभारंभ गुरुग्राम के माननीय डिप्टी मेयर श्री अनूप भांभू जी ने किया। संस्था की ओर से वैश्य समाज के चेयरमैन श्री सुंदर दास अग्रवाल, वाइस प्रेसिडेंट श्री सुरेश रस्तोगी, केंद्रीय समिति सदस्य श्री सतीश वत्स, रीजनल सेक्रेटरी श्री विजय अग्रवाल, श्री राजिंदर अरोड़ा, श्री सुभाष नागपाल व श्री अशोक कपूर ने बुके एवं अंगवस्त्र भेंट कर श्री भांभू जी का स्वागत किया। श्री अनूप भांभू जी ने संस्था के इस नेक कार्य की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद भी समाज सेवा में लगे रहकर वृद्धजनों को राहत देना अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने इस सेवाकार्य में सहयोग के लिए वैश्य समाज धर्मशाला की भी सराहना की। शिविर में सेक्टर-4, सेक्टर-7, कृष्णा कॉलोनी, न्यू कॉलोनी, सूर्य विहार सहित दूर-दराज से आए पेंशनर्स ने लाभ उठाया। पहले दिन लगभग 145 पेंशनर्स के ऑनलाइन जीवन प्रमाण पत्र जमा कराए गए। सभी के लिए चाय-पानी की व्यवस्था भी की गई थी। संस्था के वाइस प्रेसिडेंट श्री सुरेश रस्तोगी ने बताया कि जो बुजुर्ग चलने-फिरने में असमर्थ हैं या बीमार हैं, उनके घर जाकर भी जीवन प्रमाण पत्र की सुविधा दी जाएगी। केंद्रीय समिति सदस्य श्री सतीश वत्स ने बताया कि जनमांग के अनुसार यह सेवा शहर के अन्य क्षेत्रों में भी उपलब्ध कराई जाएगी। ईपीएफओ से पेंशन प्राप्त करने वाली अनेक महिला पेंशनर्स ने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पहले उन्हें इस कार्य के लिए सेक्टर-42 स्थित कार्यालय में जाना पड़ता था और पूरा दिन लग जाता था, वहीं यह कार्य यहां मात्र 5 मिनट में हो रहा है। इस सेवाकार्य में वैश्य समाज सेक्टर-4 का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। शिविर के संचालन में श्री राजिंदर अरोड़ा, श्री सुभाष नागपाल, श्री राजपाल अरोड़ा, श्री लहरी सिंह, श्री सुरेश रस्तोगी, श्री श्रीराम आजाद व श्री अशोक कपूर आदि का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर वैश्य समाज के प्रधान श्री रामबिलास सिंगला, श्री रामकिशन गोयल, श्री राजेश अग्रवाल, श्री एस.के. जैन, श्री सतीश भारद्वाज, श्री आर.पी. जैन, श्री विजय कोच, श्री रोहित धीमान, श्री एम.के. जेटली, श्री नरेंद्र जैन, श्री मनमोहन संसोया, श्री नरेंद्र मुंजाल, श्री कृष्ण कुमार, श्री आर.के. उपाध्याय सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

गुरुग्राम में लगातार धंस रही सड़कें, क्या रिकॉर्ड बनाना चाह रहे हैं शासन-प्रशासन: पंकज डावर

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। कांग्रेस के जिला अध्यक्ष (शहरी) पंकज डावर ने कहा कि गुड़गांव में सड़कें धंसने का क्रम थम नहीं रहा है। बार-बाहर सड़कें धंस रही हैं। लगता है कि सरकार सड़कें धंसने का ही रिकॉर्ड बनाना चाह रही है। यह भ्रष्टाचार की बड़ी बानगी है कि एक ही सड़क गुरुग्राम-सोहना हाइवे पर सातवीं बार धंस गई। दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे-48 पर फ्लाईओवर पर दो साल से कंक्रीट गिरते-गिरते आरपास नजर आने लगा है, उसे अभी तक दुरुस्त नहीं किया गया है। इन घटनाओं से साफ है कि भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर हो रहा है, मगर सरकार आंखें मुंदे बैठी है। पंकज डावर ने विशेष रूप से गुरुग्राम-सोहना हाइवे का जिक्र करते हुए कहा कि यह हाइवे भ्रष्टाचार की जीती-जागती मिसाल बन गया है। करोड़ों रुपये की लागत से बना यह हाइवे सातवीं बार धंस गया है। उन्होंने कहा कि एक ही हाइवे का एक ही हिस्सा सात बार धंस जाए, इससे बड़ा भ्रष्टाचार का सबूत क्या हो सकता है। हर बार सरकार लीपापोती करती है, मिट्टी डालकर गड्ढा भर दिया जाता है, फिर कुछ महीनों बाद वही सड़क फिर धंस जाती है। जनता की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। पंकज डावर ने कहा कि गुरुग्राम-सोहना हाइवे से हजारों लोग रोजाना सोहना, नूंह और अलवर की तरफ आते-जाते हैं। जब से यह हाइवे बना है, तब से यह हादसों का हाइवे बन गया है। कभी सर्विस लेन धंस जाती है तो कभी मुख्य सड़क। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी कौन सी तकनीक से यह सड़क बनाई गई है जो हर बारिश में या बिना बारिश के ही बैठ जाती है। पंकज डावर ने कहा कि सड़कें धंसने के बाद भी जांच के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति होती है। अगर पहली बार सड़क धंसने पर ही ठेकेदार पर कार्रवाई होती, उसकी सिक्योरिटी जब्त होती और ब्लैकलिस्ट किया जाता, तो आज सातवीं बार यह नौबत नहीं आती। सरकार में बैठे लोगों की ठेकेदारों से मिलीभगत है, इसलिए कोई कार्रवाई नहीं होती। डावर ने दिल्ली-जयपुर नेशनल हाइवे-48 का भी उदाहरण दिया। उन्होंने कहा कि एनएच-48 पर बने फ्लाईओवरों की हालत भी खस्ता है। पिछले दो साल से इन फ्लाईओवरों से कंक्रीट के टुकड़े गिर रहे हैं। सरिये यानी आरपार तक नजर आने लगे हैं, लेकिन एनएचएआई और प्रशासन आंखें मूंदे बैठा है। किसी बड़े हादसे का इंतजार किया जा रहा है। जब कोई गाड़ी नीचे गिरते मलबे की चपेट में आएगी, तब सरकार जागेगी। उन्होंने कहा कि गुड़गांव को मिलेनियम सिटी कहा जाता है, स्मार्ट सिटी बनाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन यहां की बुनियादी सुविधाएं ही सबसे ज्यादा बदहाल हैं। सड़कें धंस रही हैं, सीवर ओवरफ्लो हो रहे हैं, कूड़े के पहाड़ लगे हैं। यह कैसी स्मार्ट सिटी है। यह तो भ्रष्टाचार की स्मार्ट सिटी बन गई है। पंकज डावर ने मांग की कि गुरुग्राम-सोहना हाइवे के निर्माण में हुए भ्रष्टाचार की उच्च स्तरीय जांच हो, जिसमें रिटायर्ड हाईकोर्ट जज को शामिल किया जाए। साथ ही जिस कंपनी ने यह हाइवे बनाया है, उसे ब्लैकलिस्ट कर उसके खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज किया जाए।

मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक आज

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा के मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की मासिक बैठक आज 04 नवंबर, बुधवार को गुरुग्राम में आयोजित की जाएगी। बैठक में जिले के नागरिकों से संबंधित विभिन्न जनसमस्याओं और शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की जाएगी तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे। सीटीएम ज्योति नागपाल ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक का आयोजन सिविल लाइंस स्थित स्वतंत्रता सेनानी जिला परिषद हॉल (जॉन हॉल) में किया जाएगा। बैठक में जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ विभिन्न विभागों के अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

उन्होंने बताया कि जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति का उद्देश्य आमजन की शिकायतों का प्रभावी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। बैठक के दौरान नागरिकों से प्राप्त शिकायतों की वर्तमान स्थिति, अब तक की गई कार्रवाई तथा लंबित मामलों के निस्तारण की प्रगति की समीक्षा की जाएगी।

एचएसपीसीबी ने विद्यार्थियों को पटाखों से होने वाले प्रदूषण के प्रति किया जागरूक

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज



गुरुग्राम। हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (एचएसपीसीबी) की ओर से त्योहारी सीजन के मद्देनजर खांडसा रोड स्थित एसडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल, गुरुग्राम में पटाखों से होने वाले प्रदूषण के प्रति जागरूकता अभियान आयोजित किया गया। अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों को पटाखों के हानिकारक प्रभावों तथा स्वच्छ एवं पर्यावरण संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक किया गया। कार्यक्रम के दौरान एचएसपीसीबी के सहायक पर्यावरण अभियंता (एईई) कामेश तथा जेईई राघवेंद्र ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने बताया कि पटाखों से निकलने वाला जहरीला धुआं, सूक्ष्म कण और तेज आवाज वायु एवं ध्वनि प्रदूषण को बढ़ाते हैं। इससे विशेष रूप से बच्चों, बुजुर्गों और पशु-पक्षियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने विद्यार्थियों को पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझने तथा प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाए रखने में सहयोग करने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय की प्राचार्य गीतिका आहूजा और शिक्षकों ने भी इस पहल में सहयोग दिया तथा विद्यार्थियों से दीपावली को पर्यावरण अनुकूल तरीके से मनाने का आह्वान किया। इस अवसर पर अधिकारियों एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को प्रदूषण मुक्त दिवाली मनाने की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों से सुरक्षित, स्वच्छ एवं हरित दीपावली मनाने के साथ-साथ अपने परिवार और पड़ोस के लोगों को भी प्रदूषण मुक्त वातावरण बनाए रखने में सहयोग करने के लिए प्रेरित करने का संदेश दिया गया।

दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे को स्वच्छ, सुंदर और बेहतर बनाने के लिए एनएचएआई करे प्रभावी कार्रवाई : निगमायुक्त प्रदीप दहिया

सीएंडडी वेस्ट डालने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराकर की जाए कानूनी कार्रवाई

ओपन सर्च/ विशेष संवाददाता सतबीर भारद्वाज

गुरुग्राम। गुरुग्राम में वायु प्रदूषण पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करने तथा शहर के सडक़ नेटवर्क को स्वच्छ, सुरक्षित और बेहतर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम गुरुग्राम के आयुक्त प्रदीप दहिया ने संबंधित विभागों को अपने-अपने अधिकार क्षेत्र में आने वाली सडक़ों की स्थिति सुधारने और नियमित रखरखाव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने विशेष रूप से भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अधिकारियों को दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे को दुरुस्त एवं बेहतर बनाने तथा वहां सफाई, हरियाली और रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। निगमायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि दिल्ली-जयपुर एक्सप्रेस-वे पर निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट (सीएंडडी वेस्ट) की अवैध डंपिंग किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इसके लिए एनएचएआई प्रभावी इनफोर्समेंट कार्रवाई सुनिश्चित करे। यदि कोई व्यक्ति या एजेंसी एक्सप्रेस-वे के आसपास सीएंडडी वेस्ट डालती हुई पाई जाती है, तो उसके विरुद्ध एफआईआर दर्ज करवाकर नियमानुसार कानूनी कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों एवं एक्सप्रेस-वे का रखरखाव, स्वच्छता और हरियाली सुनिश्चित करना एनएचएआई की जिम्मेदारी है। इसलिए संबंधित अधिकारी अपने क्षेत्र में नियमित निगरानी रखें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न होने दें। निगमायुक्त प्रदीप दहिया सोमवार को नगर निगम कार्यालय में प्रदूषण नियंत्रण को लेकर आयोजित समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। बैठक में नगर निगम गुरुग्राम, गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए), लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी), हरियाणा राज्य औद्योगिक एवं अवसंरचना विकास निगम (एचएसआईआईडीसी), यातायात पुलिस सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में निगमायुक्त ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि वे अपने अधीन आने वाली सडक़ों का निरीक्षण करें और उनकी स्थिति को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक कार्य प्राथमिकता के आधार पर करवाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उद्योग विहार क्षेत्र में एचएसआईआईडीसी अधिकारी सडक़ों की मरम्मत एवं सुधार कार्य सुनिश्चित करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सडक़ों को धूल-मिट्टी, सीएंडडी वेस्ट और कचरे से पूरी तरह मुक्त रखने के लिए नियमित सफाई एवं निगरानी की व्यवस्था की जाए। सडक़ों पर जमा धूल और मिट्टी वायु प्रदूषण बढ़ाने का प्रमुख कारण बन सकती है, इसलिए इस दिशा में सभी विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। निगमायुक्त ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए केवल सडक़ों की सफाई पर्याप्त नहीं है, बल्कि सडक़ अवसंरचना को भी बेहतर बनाना आवश्यक है। इसके लिए सभी संबंधित विभाग अपने अधिकार क्षेत्र की सडक़ों को एंड-टू-एंड पेव्ड कराएं, ताकि सडक़ किनारों पर मिट्टी और धूल जमा न हो। साथ ही यातायात पुलिस यह सुनिश्चित करे कि सडक़ों पर यातायात सुचारू रूप से चलता रहे और अनावश्यक जाम की स्थिति उत्पन्न न हो। उन्होंने ग्रीन बेल्ट को व्यवस्थित एवं साफ-सुथरा रखने तथा फुटपाथों की मरम्मत और रखरखाव पर भी विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि सडक़ किनारे हरियाली विकसित एवं व्यवस्थित रखने के साथ पैदल यात्रियों के लिए फुटपाथों की स्थिति भी बेहतर होनी चाहिए। निगमायुक्त ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) के तहत निर्धारित सिटी एक्शन प्लान के लक्ष्यों को तय समयावधि में पूरा किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्धारित कार्यों को गंभीरता से लेते हुए उनकी नियमित समीक्षा की जाए और सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का समयबद्ध तरीके से निर्वहन करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि गुरुग्राम में प्रदूषण नियंत्रण के लिए सभी विभागों को मिलकर समन्वित प्रयास करने होंगे। सडक़ों का बेहतर रखरखाव, नियमित सफाई, अवैध सीएंडडी वेस्ट डंपिंग पर रोक, व्यवस्थित ग्रीन बेल्ट और सुचारू यातायात व्यवस्था जैसे कदम शहर की वायु गुणवत्ता में सुधार लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

पीएम श्री स्कूलों में विद्यार्थियों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करें अधिकारी : एडीसी ज्योति

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए सफलता कार्यक्रम के तहत प्रतिदिन अंतिम पीरियड में लिया जाए विद्यार्थियों का टेस्ट

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। जिले के सभी पीएम श्री स्कूलों में विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा के साथ-साथ बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से अतिरिक्त उपायुक्त ज्योति ने संबंधित अधिकारियों एवं स्कूलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने निर्देश दिए कि पीएम श्री स्कूलों को प्राप्त बजट का नियमानुसार एवं निर्धारित समयावधि में सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाना प्रशासन की प्राथमिकता है और इस दिशा में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। एडीसी ज्योति ने कहा कि सभी पीएम श्री स्कूलों में स्थापित डिजिटल बोर्ड सही एवं चालू अवस्था में होने चाहिए, ताकि विद्यार्थियों को डिजिटल माध्यम से शिक्षा प्राप्त करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अतिरिक्त सभी विद्यालयों में स्वच्छ एवं पर्याप्त शौचालयों तथा पीने के स्वच्छ पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्कूल परिसरों में साफ-सफाई, स्वच्छता एवं अन्य आवश्यक मूलभूत सुविधाओं पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों एवं स्कूल मुखियाओं को निर्देशित किया कि पीएम श्री स्कूल योजना के तहत प्राप्त बजट का उपयोग निर्धारित नियमों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप विद्यार्थियों के हित में किया जाए। बजट का सदुपयोग विद्यालयों में शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पीएम श्री स्कूलों का उद्देश्य विद्यार्थियों को आधुनिक संसाधनों से युक्त गुणवत्तापूर्ण शिक्षा एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाना है।

बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए प्रतिदिन लिया जाए टेस्ट

बैठक में एडीसी ज्योति ने सफलता कार्यक्रम के तहत बोर्ड परीक्षाओं की तैयारियों पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार लाने के लिए नियमित रूप से मूल्यांकन किया जाना आवश्यक है। इसके लिए प्रत्येक विद्यालय में प्रतिदिन अंतिम पीरियड के दौरान विद्यार्थियों का टेस्ट लिया जाए। टेस्ट के परिणामों के आधार पर कमजोर विद्यार्थियों की पहचान कर उन पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा अतिरिक्त कक्षाओं एवं व्यक्तिगत मार्गदर्शन के माध्यम से उनकी शैक्षणिक कमियों को दूर किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी की शैक्षणिक प्रगति पर नियमित नजर रखी जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी विद्यार्थी पढ़ाई में पीछे न रहे।

शिक्षकों द्वारा नियमित अभ्यास, पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति एवं समय-समय पर टेस्ट लेकर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं के लिए बेहतर ढंग से तैयार किया जाए। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी राजेंद्र शर्मा, डीपीसी योगेश चंद्र, सभी खंड शिक्षा अधिकारी, लेखा सहायक एवं जिले के सभी पीएम श्री विद्यालयों के प्राचार्य मौजूद रहे।

हरियाणा में नारी शक्ति ने बदली तस्वीर और बनाई अपनी विशेष पहचान

ओपन सर्च / नरेश शर्मा



चंडीगढ़। हरियाणा में नारी शक्ति की भूमिका तेजी से बदल रही है। कभी घर की चारदीवारी और चूल्हे-चौके तक सीमित मानी जाने वाली महिलाएं आज खेल, शिक्षा, प्रशासन, सरकारी विभागों और राजनीति सहित प्रत्येक क्षेत्र में अपनी प्रतिभा और नेतृत्व क्षमता का परिचय दे रही हैं। महिलाओं ने अपनी मेहनत और जिम्मेदारी के बल पर न केवल अलग पहचान बनाई है, बल्कि प्रदेश का गौरव भी बढ़ाया है। प्रदेश में महिलाओं की बढ़ती राजनीतिक भागीदारी भी इस बदलाव का एक महत्वपूर्ण पहलू है। भाजपा सरकार में प्रदेश प्रभारी स्मृति ईरानी और प्रदेशाध्यक्ष डॉ. अर्चना गुप्ता महिला नेतृत्व का प्रतिनिधित्व कर रही हैं। महिलाओं की ओर से सरकार और प्रशासन के समक्ष जनहित से जुड़े मुद्दे उठाने तथा व्यवस्थाओं की वास्तविक स्थिति सामने लाने के प्रयास भी चर्चा में हैं। इससे प्रदेश में महिला नेतृत्व की भूमिका और जिम्मेदारियों को लेकर नई संभावनाएं सामने आ रही हैं। नारी शक्ति की यह भागीदारी अब पत्रकारिता के क्षेत्र में भी दिखाई दे रही है। श्रमजीवी पत्रकार संघ की कमान भी महिला नेतृत्व के हाथों में है। संघ की संस्थापक एवं प्रदेशाध्यक्ष डॉ. इंदु बंसल जैन ने स्वच्छ, स्वस्थ और जिम्मेदार पत्रकारिता को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया है। उनका प्रयास पत्रकारों के हितों के साथ-साथ पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों और लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की गरिमा को बनाए रखने पर केंद्रित है। हरियाणा में अनेक पत्रकार संगठन सक्रिय हैं, लेकिन श्रमजीवी पत्रकार संघ अपनी सदस्यता और संगठनात्मक कार्यप्रणाली को लेकर अलग दृष्टिकोण रखने का दावा करता है। संघ का उद्देश्य केवल सदस्यों की संख्या बढ़ाना नहीं, बल्कि पत्रकारिता के सिद्धांतों की समझ रखने वाले और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने वाले पत्रकारों को साथ जोड़ना है। संगठन में पत्रकारिता की मर्यादा, अनुभव और कार्यशैली को महत्व देने की बात कही जाती है। संघ का मानना है कि पत्रकारिता केवल समाचार प्रकाशित करने तक सीमित नहीं है, बल्कि समाज के प्रति जवाबदेही निभाना भी उसका महत्वपूर्ण दायित्व है। पत्रकारों को निष्पक्षता, सच्चाई और जनहित को प्राथमिकता देनी चाहिए। समाज की अपेक्षा है कि पत्रकारिता स्वस्थ और स्वच्छ रहे तथा लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की प्रतिष्ठा बरकरार रहे। हरियाणा में महिलाओं की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि नारी शक्ति अब केवल बदलाव की साक्षी नहीं, बल्कि विभिन्न क्षेत्रों में बदलाव की प्रक्रिया का हिस्सा भी बन रही है। राजनीति, प्रशासन और पत्रकारिता में महिलाओं का नेतृत्व सामाजिक बदलाव की इस यात्रा को नई दिशा दे रहा है।

नवोदय विद्यालय के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षिक भ्रमण

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा



फर्रूखनगर। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय, फर्रूखनगर, गुरुग्राम के 510 छात्र-छात्राओं ने पीएम श्री एक्टिविटी के तहत एक्स्पोजर भ्रमण किया। दिनांक 30 अक्टूबर से 3 नवंबर 2026 तक चले इस शैक्षिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने दिल्ली के प्रमुख वैज्ञानिक, ऐतिहासिक और सांस्कृतिक स्थलों का दौरा किया। विद्यालय लौटने पर छात्रों ने प्राचार्य श्री राधा कृष्ण पंवार और शिक्षकों के समक्ष अपनी विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस यात्रा का प्राथमिक उद्देश्य विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा और रुचि पैदा करना था। इसके तहत छात्रों ने 'नेशनल साइंस सेंटर' दिल्ली का दौरा किया, जहाँ उन्होंने व्यावहारिक रूप से विज्ञान के सिद्धांतों को समझा और विभिन्न दीर्घाओं (गैलरी) का अवलोकन किया। इसके अलावा, बच्चों ने शांति स्तूप, ऐतिहासिक उग्रसेन की बावड़ी और इंडिया गेट का भी भ्रमण किया, जिससे उन्हें देश के समृद्ध इतिहास और वास्तुकला को करीब से जानने का अवसर मिला। इस भ्रमण की विशेष बात यह रही कि इसमें जवाहर नवोदय विद्यालय, नंदुरबार (महाराष्ट्र) से आए माइग्रेशन छात्रों ने भी हिस्सा लिया। इन छात्रों ने भी अपने अनुभवों के आधार पर एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की, जो दोनों राज्यों के बच्चों के बीच सांस्कृतिक और शैक्षणिक आदान-प्रदान का एक सुंदर उदाहरण बनी। यात्रा के दौरान सभी बच्चों के स्वास्थ्य और सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया। भ्रमण के दौरान हर दिन बच्चों को पौष्टिक मध्याह्न भोजन कराया गया। इस पूरे सफर को सफल और सुरक्षित बनाने में एस्कॉर्ट टीचर्स—श्री सर्वेश कुमार, श्री चंदन कुमार, श्री संजू श्री रीमल चंद्र, श्री रविंद्र कुमार, श्री अविनाश कुमार, कुमारी मोनिका, कुमारी शगुन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विद्यालय के प्राचार्य श्री राधा कृष्ण पंवार के कुशल मार्गदर्शन में इस विशाल यात्रा का सफल आयोजन हुआ। विद्यालय के उपप्राचार्य श्री पवन कुमार जी ने इस सफल और ज्ञानवर्धक आयोजन के लिए प्राचार्य श्री राधा कृष्ण पंवार का विशेष रूप से धन्यवाद और आभार व्यक्त किया। छात्रों ने कहा कि यह यात्रा उनके शैक्षणिक जीवन का एक अविस्मरणीय हिस्सा रहेगी।

आईजी नाजनीन भसीन ने थाना सदर तावडू को लिया गोद, व्यवस्थाओं में सुधार के दिए निर्देश

डीएसपी अभिमन्यु लोहान और थाना प्रभारी नरेश कुमार ने गुलदस्ता भेंट कर किया स्वागत

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। हरियाणा के नूंह जिले में पुलिस व्यवस्था को आधुनिक और बेहतर बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल की गई है। पुलिस महानिदेशक के आदेशानुसार विकसित भारत संकल्प-2047 के तहत पुलिस महानिरीक्षक सीआईडी एवं एटीएस प्रभारी नाजनीन भसीन ने थाना सदर तावडू को गोद लिया है। मंगलवार को आईजी नाजनीन भसीन सदर तावडू थाने पहुंचीं, जहां डीएसपी अभिमन्यु लोहान और सदर थाना प्रभारी नरेश कुमार ने गुलदस्ता भेंट कर उनका स्वागत किया। इसके बाद आईजी ने थाने का गहनता से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाने की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई, बिल्डिंग की मरम्मत, बिजली, पानी और लाइट जैसी बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को जल्द दूर करने के लिए अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए।

फरियादियों को बेहतर सुविधा और पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण पर जोर -

आईजी ने कहा कि खास बात यह है कि अब थाने की व्यवस्थाओं का समय-समय पर निरीक्षण भी किया जाएगा। पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण देने के साथ-साथ थाने में आने वाले फरियादियों को अच्छी सुविधाएं उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है।

सिर्फ बिल्डिंग नहीं, कार्यप्रणाली में भी सुधार होगा - आईजी

आईजी नाजनीन भसीन ने स्पष्ट किया कि इस पहल का मकसद सिर्फ थाने की बिल्डिंग को सुंदर बनाना नहीं, बल्कि पुलिस की कार्यप्रणाली, शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई और आमजन के साथ व्यवहार में भी सुधार लाना है। इससे जहां आमजन और पुलिस में आपसी तालमेल बढ़ेगा, वहीं पुलिस की कार्यप्रणाली में भी बेहतर सुधार होगा।

क्या है विकसित भारत संकल्प-2047 -

गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश को 2047 तक विकसित भारत बनाने की घोषणा की हुई है, जब देश आजादी के 100 साल पूरे करेगा। इसी संकल्प के तहत हर विभाग को अपने-अपने क्षेत्र में सुधार कर देश को विकसित बनाने में योगदान देना है। इसी कड़ी में हरियाणा पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर प्रदेश के सभी जिलों में सीनियर आईपीएस अधिकारियों द्वारा थानों को गोद लेकर उन्हें आदर्श थाना बनाने की पहल की जा रही है।

64 साल बाद भी नहीं बदली मामलिका गांव के सरकारी स्कूल की तस्वीर, स्कूल में नहीं है एक भी रेगुलर अध्यापक

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। हरियाणा सरकार जहां शिक्षा को बेहतर बनाने और बच्चों को सरकारी स्कूलों में बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का दावा करती है, वहीं नूंह जिले के पिनगवां खंड के गांव मामलिका के सरकारी माध्यमिक विद्यालय की बदहाली ने सरकार के दावों की पोल खोल दी है। 64 साल बाद भी बच्चों को बैठने की सुविधा न मिलने से गांव के लोगों में सरकार और प्रशासन के खिलाफ भारी रोष व्याप्त है। स्कूल में एक भी रेगुलर अध्यापक न होने से बच्चों की शिक्षा भी प्रभावित हो रही है। गांव के शिक्षाविद और वरिष्ठ समाजसेवी दीन मोहम्मद मामलिका ने जिला उपायुक्त अखिल पिलानी को पत्र लिखकर गुहार लगाई है। पत्र में उन्होंने स्कूल के बच्चों को बैठने के लिए ड्यूल डेस्क उपलब्ध कराने और कम से कम एक रेगुलर अध्यापक नियुक्त करने की मांग की है।

1962 में चौपाल में लिया था दाखिला, आज भी वही हाल -



समाजसेवी दीन मोहम्मद ने उपायुक्त को दी शिकायत में लिखा है कि उनके गांव में *सन 1962 में प्राइमरी स्कूल एक चौपाल में खुला था*। उन्होंने भी सन 1962 में ही गांव की चौपाल में दाखिला लिया था। लेकिन बाद में स्कूल की बिल्डिंग बन गई थी। लेकिन स्कूल के बच्चों को आज तक कोई सुविधा नहीं मिल रही है। दीन मोहम्मद मामलीका ने कहा कि तब भी हम टाट पर जमीन पर नीचे बैठते थे और आज 64 साल बीत जाने के बाद भी उनके गांव के स्कूल में बच्चे टाट की पट्टी पर ही बैठ रहे हैं। इन 64 सालों में स्कूल में कोई बदलाव नहीं है, अगर बदलाव है तो बगैर हेड टीचर के सिर्फ स्कूल का नाम प्राइमरी स्कूल से मिडिल स्कूल हुआ है।

उपायुक्त से की ड्यूल डेस्क और स्टाफ की मांग -

दीन मोहम्मद मामलिका ने उपायुक्त से मांग करते हुए कहा है कि स्कूल के बच्चों को बैठने के लिए ड्यूल डेस्क दिलाई जाए, ताकि बच्चों को बैठने की सुविधा हो सके। इसके अलावा गांव के स्कूल में कम से कम एक रेगुलर अध्यापक नियुक्त किया जाए। उन्होंने बताया कि स्कूल में गेस्ट टीचर और शिक्षा सहायकों के दम पर ही बच्चे शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं, जिससे उनकी शिक्षा बुरी तरह प्रभावित हो रही है।



क्या कहते हैं समाजसेवी दीन मोहम्मद मामलिका -

मेवात के वरिष्ठ समाजसेवी दीन मोहम्मद मामलिका ने उपायुक्त अखिल पिलानी से मांग करते हुए कहा है कि वे इस स्कूल का दौरा कर यहां की व्यवस्थाओं का जायजा लें और स्कूल में बच्चों को बैठने के लिए डेस्क , रेगुलर अध्यापक सहित अन्य जरूरी सामान मुहैया कराएं, जिससे मामलिका गांव के स्कूली बच्चों को भी सरकार द्वारा दी जा रही सुविधाओं का लाभ मिल सके।

क्या कहते हैं उपायुक्त अखिल पिलानी

इस बारे में जब उपायुक्त अखिल पिलानी से बात हुई तो उन्होंने कहा कि मामलीका गांव के सरकारी स्कूल की शिकायत प्राप्त हुई है। जिसमें स्कूल में रेगुलर अध्यापक और स्कूल में बच्चों को बैठने के लिए ड्यूल डेस्क की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि 64 सालों में अभी तक बच्चों को बैठने के लिए ड्यूल टैक्स उपलब्ध नहीं हुई है ग्रामीणों की इस मांग को गंभीरता से लिया जा रहा है और जल्द ही सरकारी स्कूल के बच्चों को डयूल डेस्क उपलब्ध कराई जाएगी।

निगम क्षेत्र में 5 नवंबर से निर्माण-तोड़फोड़ पर पूर्ण रोक, ग्रैप-2 के तहत टीम करेगी सख्त निगरानी

ओपन सर्च/ नरेश शर्मा



मानेसर। बढ़ते वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए एयर क्वालिटी मैनेजमेंट कमीशन(सीएक्यूएम) के आदेशानुसार नगर निगम मानेसर क्षेत्र में ग्रैप-2 की पालना शुरू कर दी गई है। 5 नवंबर से आगामी आदेशों तक निगम क्षेत्र में सभी प्रकार के निर्माण और तोडफोड़ कार्य पूरी तरह बंद रखे जाएंगे। नगर निगम आयुक्त प्रदीप सिंह की ओर से जारी आदेशों में कहा गया है कि जिन स्थानों पर अभी निर्माण कार्य चल रहें हैं, वहां पालना सुनिश्चित करने के लिए तुरंत आवश्यक इंतजाम किए जाएं। निर्माण सामग्री जैसे ईंट, रोड़ी, बजरी, रेता को पूरी तरह ढककर रखा जाए, ताकि हवा चलने पर धूल न उड़े। साइटों पर लगातार पानी का छिड़काव किया जाए। जरूरत के अनुसार एंटी स्मॉग गन का उपयोग करके भी पानी का छिडकाव किया जा सकता है। आयुक्त ने निर्देश किए कि निर्माणाधीन साइटों को हरी चादर या अन्य उपयुक्त कपड़े से ढका जाए। इससे निर्माण स्थल से उड़ने वाली धूल को काफी हद तक रोका जा सकेगा। आयुक्त ने आम नागरिकों, बिल्डरों, आरडब्ल्यूए, ठेकेदारों, औद्योगिक प्रतिष्ठानों और अन्य हितधारकों से अपील की है कि जनहित में सीएक्यूएम के आदेशों की पूरी ईमानदारी से पालना करें। उन्होंने कहा कि प्रदूषण केवल सरकार या सरकारी एजेंसियों की समस्या नहीं है, इससे बच्चों, बुजुर्गों, श्वास रोगियों सहित सभी जीवों के स्वास्थ्य पर अधिक असर पड़ता है। इसलिए आमजन की जिम्मेदारी बनती है कि वह धूल फैलाने वाली गतिविधियों से बचे और निर्माण साइटों पर नियमों की पालना सुनिश्चित करें। आयुक्त प्रदीप सिंह ने स्पष्ट किया कि आदेशों की अवहेलना करने वालों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। नियम तोड़ने वालों के चालान किए जाएंगे और उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई भी अमल में लाई जाएगी। निगम की टीमें निगम क्षेत्र में नियमित सर्वे कर रही है। सर्वे के दौरान निर्माण साइटों पर सामग्री ढकने, पानी का छिड़काव, हरी चादर और धूल नियंत्रण की जांच भी की जा रही है।

चेक बाउंस के मामलों के निपटारे के लिए 21 नवंबर को लगेगी विशेष लोक अदालत : डॉ. सुशील कुमार जैन

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नूंह की ओर से 21 नवंबर को चेक बाउंस से संबंधित मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. सुशील कुमार जैन के निर्देशानुसार किया जा रहा है। विशेष लोक अदालत में परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के तहत दर्ज मामलों का आपसी सहमति एवं समझौते के आधार पर निपटारा किया जाएगा। जिला एवं सत्र न्यायाधीश डॉ. सुशील कुमार जैन ने कहा कि न्यायालयों में लंबित मामलों का शीघ्र एवं प्रभावी निपटारा सुनिश्चित करना न्यायिक व्यवस्था की प्राथमिकता है। विशेष लोक अदालत के माध्यम से संबंधित पक्षकारों को आपसी बातचीत और सहमति से अपने विवादों का समाधान करने का बेहतर अवसर मिलता है। इससे न केवल न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या कम होती है, बल्कि आमजन के समय और धन की भी बचत होती है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नूंह की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) नेहा गुप्ता ने बताया कि विशेष लोक अदालत का आयोजन जिला एवं सत्र न्यायालय, नूंह के अलावा उपमंडल न्यायालय तावडू, फिरोजपुर झिरका और पुन्हाना में भी किया जाएगा। इसमें चेक बाउंस से संबंधित लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर आपसी समझौते के जरिए निपटाने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने बताया कि लोक अदालत में दोनों पक्षों को अपना पक्ष रखने तथा आपसी सहमति से विवाद का समाधान करने का अवसर मिलता है। लोक अदालत के माध्यम से मामलों का निपटारा सरल, सुलभ और कम खर्चीली प्रक्रिया के तहत किया जाता है। इसके निर्णय को कानूनी मान्यता प्राप्त होती है। सीजेएम नेहा गुप्ता ने चेक बाउंस से संबंधित मामलों के सभी पक्षकारों से अपील की कि वे 21 नवंबर को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत में भाग लेकर इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा आपसी सहमति से अपने लंबित मामलों का निपटारा करवाएं।

उन्होंने बताया कि किसी भी प्रकार की कानूनी सहायता एवं जानकारी के लिए नागरिक नालसा की टोल फ्री हेल्पलाइन 15100 तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नूंह के हेल्पलाइन नंबर 01267-271072 पर संपर्क कर सकते हैं।

बच्चों की प्रतिभा निखारने के लिए दिवाली हुनर मेले का आयोजन सराहनीय प्रयास : सीजेएम नेहा गुप्ता

ओपन सर्च/ आस मोहम्मद



नूंह। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय छपेड़ा में आयोजित दिवाली हुनर मेले में विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा ने अतिथियों का दिल जीत लिया। मेले का अवलोकन करने पहुंचीं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव एवं मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (सीजेएम) नेहा गुप्ता भी बच्चों द्वारा तैयार की गई आकर्षक कलाकृतियों और सजावटी सामान को देखकर काफी प्रभावित हुईं। उन्होंने विद्यार्थियों की मेहनत और रचनात्मकता की सराहना करते हुए विद्यालय की प्राचार्या प्रोमिला कुमारी के प्रयासों की विशेष प्रशंसा की। सीजेएम नेहा गुप्ता ने कहा कि जिला नूंह में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव के रूप में कार्यभार संभालने के बाद इस विद्यालय में आयोजित दिवाली हुनर मेले में उनकी यह पहली विजिट थी। यहां आकर उन्हें पता चला कि विद्यालय में बच्चों के हुनर को सामने लाने के लिए विशेष आयोजन किए जाते हैं। छोटे-छोटे बच्चों ने इतनी सुंदर आकृतियां और कलाकृतियां तैयार की हैं, जिन्हें देखकर वह वास्तव में आश्चर्यचकित हैं। उन्होंने कहा कि इस आयोजन का पूरा श्रेय विद्यालय की प्राचार्या को जाता है। उन्होंने न केवल बच्चों की प्रतिभा को पहचाना, बल्कि उन्हें अपनी कला और हुनर प्रदर्शित करने के लिए एक बेहतर मंच भी उपलब्ध कराया। उन्होंने उम्मीद जताई कि प्राचार्या भविष्य में भी इसी तरह बच्चों को प्रोत्साहित करती रहेंगी। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे विद्यालय में मन लगाकर पढ़ाई करें और हमेशा अपनी प्राचार्या के संपर्क में रहें। उन्होंने विशेष रूप से कहा कि प्राचार्या की सबसे अच्छी बात यह है कि वह बच्चों के विद्यालय से पढ़ाई पूरी करने के बाद भी उनका ध्यान रखती हैं। यह वास्तव में सराहनीय प्रयास है। सीजेएम ने विद्यालय की साफ-सफाई, बेहतर व्यवस्थाओं और बच्चों को मिलने वाले प्रोत्साहन की भी प्रशंसा की।

उन्होंने कहा कि सरकारी विद्यालय में इस तरह की व्यवस्थाएं और बच्चों के हुनर को निखारने के प्रयास देखकर वह काफी प्रभावित हुई हैं। उन्होंने कहा कि इस हुनर मेले से विशेषकर लड़कियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के बेहतरीन अवसर मिले हैं। छात्राओं ने मेहनत और लगन से सजावटी सामान, हस्तशिल्प उत्पाद तथा अन्य आकर्षक वस्तुएं तैयार की हैं।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक विजय कुमार व सम्पादक सतबीर भारद्वाज द्वारा ए.जी.एस. पब्लिकेशन्स एफ-23,सेक्टर-6, नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश समुद्रित, गांव- बाबुपुर गुरुग्राम, हरियाणा- 122006 से प्रकाशित। सम्पादक : सतबीर भारद्वाज
RNI No. HARHIN/2023/86132 अखबार में प्रकाशित तथ्यों एवं लेखों से सम्पादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं, किसी भी कानूनी वाद विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय के अधीन होगा। मोबाइल : 9210092542, 9312643452
E-mail : opensearchnews@gmail.com

निपुण रामलीला जैसे कार्यक्रम शिक्षा और संस्कृति का अनूठा संगम : डी ई ओ रोहताश वर्मा

निपुण रामलीला जैसी प्रतियोगिताए बच्चों में भाषा और संवाद कौशल को निखारने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है... डी ई ओ रोहताश वर्मा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। राजकीय कन्या मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रेलवे रोड़ करनाल में एडीसी डॉ राहुल रैया के मार्गदर्शन एवं जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा के नेतृत्व में समुदाय आधारित हरियाणा के राजकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान को मजबूत करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय निपुण रामलीला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ,बीईओ संजीव शर्मा और महेंद्र नरवाल ने दीप प्रज्ज्वलित करके किया। विद्यालय के प्रिंसीपल महेंद्र नरवाल द्वारा ने डीईओ और बीईओ को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ सचिन ने बताया कि खण्ड स्तर से भेजी गई टॉप तीन वीडियो की छटनी करके जिला स्तर पर तीन विद्यालयों के विद्यार्थियों ने निपुण रामलीला में प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। जिला शिक्षा अधिकारी रोहताश वर्मा ने कहा कि निपुण रामलीला जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से बच्चे अपनी प्रतिभा, अभिनय कौशल और रचनात्मकता का शानदार प्रदर्शन करते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा के सरकारी प्राथमिक विद्यालयों में बच्चों के भाषा और संवाद कौशल को निखारने के लिए निपुण बाल रामलीला पहल की शुरुआत की है ।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य निपुण भारत मिशन के लक्ष्यों को रोचक एवं प्रभावी गतिविधियों के माध्यम से विद्यार्थियों तक पहुंचाना, बच्चों में भाषा कौशल, संवाद क्षमता, आत्मविश्वास और सांस्कृतिक मूल्यों का विकास करना है। खण्ड शिक्षा अधिकारी संजीव शर्मा ने कहा कि निपुण भारत मिशन के तहत साक्षरता कौशल के निर्माण के लिए रोल प्ले के महत्व पर अधिक जोर दिया गया है। रोल प्ले को सीखने की एक गतिविधि माना गया है जो कि विद्यार्थियों मे अभिव्यक्ति के कौशल को विकसित करने और बच्चों को सुनने, बोलने पढ़ने तथा लिखने के कौशल को विकसित करने में मदद करता है। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले विद्यालय की शिक्षिका बबीता और मंजू ने कहा कि इस प्रकार की प्ले आधारित नवाचार गतिविधिया शिक्षण में अपनाकर विद्यार्थियों को निपुण बनाने में सक्रिय भूमिका निभा सकते है ।बच्चों को बोलने, सुनने , पढ़ने के कौशल को विकसित करते हैं।

परिणाम इस प्रकार रहे..

राजकीय प्राथमिक विद्यालय रायपुर जाटान ने पांच हजार रुपये की ईनामी राशि के साथ प्रथम, राजकीय विद्यालय प्रेमनगर ने तीन हजार रुपये की राशि के साथ द्वितीय और राजकीय विद्यालय डाचर ने दो हजार रूपये की राशि के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर डीईओ रोहताश वर्मा, बीईओ संजीव, निपुण समन्वयक अंशुल,प्राचार्य महेंद्र नरवाल, कार्यक्रम डॉ सचिन, मीडिया समन्वयक दलीप सिंह, जिला विधिक नोडल दिनेश, पूजा सिसोदिया, संजीव, बबीता, हरदीप मालिक,करण, सुशीला, मीना, संदीप, ज्योति, प्रीति,मजिंदर कौर , अमरदीप मंजू, कुशल आदि विशेष रूप से उपस्थित रहे।

गृह मंत्री अमित शाह के करनाल दौरे से कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह : कपूर

पदयात्रा के लिए डाक्टर अर्चना गुप्ता ने संभाला मोर्चा

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। लोकतंत्र बचाओ,अराजकता हटाओ अभियान के अंतर्गत 5 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करनाल आगमन को लेकर कार्यकर्ताओं एवं आमजन में खासा उत्साह का वातावरण बन गया है ।भाजपा के जिला प्रवक्ता शिव नाथ कपूर के अनुसार भाजपा की प्रदेश अध्यक्षा डाक्टर अर्चना गुप्ता सहित प्रदेश के सभी वरिष्ठ पदाधिकारी एवं भाजपा नेता गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाने के लिए व्यषस्थाओं का जायाजा कर रहे हैं तथा अपेक्षित जनसमूह जुटाने के लिए समीक्षा बैठकों का आयोजन कर रहे हैं वहीं जिलाध्यक्ष प्रवीण लाठर जिले में मंडलों के कार्यकर्ताओं की बैठकें करके अमित शाह के इस कार्यक्रम में भीड जुटाने के लिए कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारियां लगा रहे हैं। सुरक्षा व्यवस्था तथा व्यवस्थित कार्यक्रम के आयोजन के लिए उपायुक्त डॉ.आनंद एवं पुलिस उपाधीक्षक पूरी तरह प्रशासनिक ढांचे के साथ पूरी तरह सक्रिय हो गये हैं वहीं करनाल के विधायकजगमोहनआनंद, नीलोखेड़ी के विधायक भगवान दास कबीरपंथी,असंध के विधायक योगेन्द्र राणा, घरौंडा के विधायक एवं विधानसभाध्यक्ष हरविंद्र कल्याण एवं इंद्री के राम कुमार कश्यप विधायक भी अपने-अपने विधानसभा में पूर्व निर्धारित सभी कार्यक्रमों को स्थगित करके आमजन को अमित शाह के कार्यक्रम में पहुंचने का निमंत्रण दे रहे हैं। जिला प्रवक्ता शिव नाथ कपूर के अनुसार प्रदेशाध्यक्षा डाक्टर अर्चना गुप्ता के साथ सत्य प्रकाश जवात्रा,जवाहर सैनी,ललित बत्रा,अमर पाल राणा,रामेश्वर दयाल चौहान तथा जिला प्रभारी जवाहर यादव सहित सभी वरिष्ठ अधिकारी कार्यकर्ताओं की निरंतर बैठकें ले रहे हैं तथा अमित शाह के कार्यक्रम को भव्यतापूर्ण बनाने के लिए हरसंभव प्रयास में जुटे हुए हैं। उल्लेखनीय है कि गृह मंत्री अमित शाह जनसमूह को संबोधित करने के उपरांत करीब 2 किलोमीटर की पदयात्रा भी करेंगे ।इस दौरान मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी,केंद्रीय मंत्री एवं स्थानीय सांसद मनोहर लाल खट्टर भी मुख्य रुप से अमित शाह के इस कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे।

हिन्दू नेता पर पंजाब पुलिस द्वारा चिट्टा रखने की साजिश रचने पर भगवंत मान सरकार बर्खास्त हो : वीरेश शांडिल्य

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



कुरूक्षेत्र। एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि जिस तरह पंजाब पुलिस ने एक महंत पर चिट्टा रखकर उसे झूठे केस में फंसाने की साजिश रची इससे पूरे देश में पंजाब सरकार ही नहीं पंजाब पुलिस भी बदनाम हुई है। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि पंजाब में भगवंत मान सरकार को बर्खास्त किया जाए पंजाब में हिन्दू सुरक्षित नहीं है और जिस तरह पंजाब पुलिस ने हिन्दू नेता पर चिट्टा रखकर गिरफ्तारी दिखाई अगर सीसीटीवी कैमरे न होते तो पूरे पंजाब के हिन्दूओं को आम आदमी पार्टी बदनाम करती। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि इससे पहले भी पंजाब पुलिस के दिलावर सिंह पंजाब के मुख्यमंत्री सरदार बेअंत सिंह की मानव बंम बनकर हत्या कर चुके हैं और पंजाब पुलिस में ऐसी काली भेड़ों की कमी नहीं है। वीरेश शांडिल्य ने कहा कि एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया की तरफ से पंजाब के राज्यपाल को मिलकर गृह मंत्री अमित शाह के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा और पंजाब सरकार को बर्खास्त करने की मांग की जाएगी क्योंकि आज पंजाब पुलिस के कुछ अधिकारी व पंजाब पुलिस के कर्मी आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता बनकर कानून व संविधान की धज्जियां उड़ा कर खाकी को पंजाब में ही नहीं पूरे देश में बदनाम कर रहे हैं लेकिन एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया अब पंजाब में अराजकता फैलाने वाली और जंगल राज पैदा करने वाली आम आदमी पार्टी के खिलाफ सड़कों से लेकर हाईकोर्ट तक उनका संगठन लड़ाई लड़ेगा।

एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेश शांडिल्य ने कहा कि पंजाब में कट्टरपंथी भगवंत मान सरकार से मिलकर हिन्दू सिख भाई चारे में जहर घोलने की साजिश रच रहे हैं लेकिन भगवंत मान के मंसूबों को एंटी टेरोरिस्ट फ्रंट इंडिया कामयाब नहीं होने देगा।

केंद्रीय मंत्री अमित शाह के करनाल आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में

डीसी डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने अधिकारियों की ली बैठक, प्रबंधों की समीक्षा, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

ओपन सर्च /प्रदीप मैहता



करनाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर करनाल आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। उपायुक्त डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने केंद्रीय मंत्री अमित शाह के आगमन को लेकर अधिकारियों की बैठक ली और प्रबंधों की समीक्षा की तथा उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व हरियाणा मंत्रिमंडल के अन्य मंत्रीगण मौजूद रहेंगे। इसके अलावा स्थानीय जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी। प्रशासन की ओर से सभी वीआईपीज़ के प्रोटोकॉल की अनुपालना के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को लाइजन ऑफिसर नियुक्त करने के आदेश जारी कर दिए गए हैं। इसके अलावा मेडिकल टीम व एम्बुलेंस, बिजली विभाग, जन स्वास्थ्य विभाग, अग्निशमन विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को लेकर दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उन्होंने यह भी बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को करनाल आगमन एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को मध्यनजर रखते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम स्थान तथा उसके आसपास 500 मीटर के क्षेत्र को 4 नवंबर से 5 नवंबर 2026 तक अस्थायी रेड जोन घोषित किया है। इस दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन सहित किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) को उड़ाने की अनुमति नहीं होगी। दौरे वाले प्रत्येक स्थान के एक किलोमीटर के दायरे में 4 नवंबर से 5 नवंबर 2026 तक ड्रोन आदि उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। बैठक में एसपी करन गोयल ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम को लेकर पुलिस विभाग द्वारा कानून व्यवस्था व सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। पार्किंग की व्यवस्था के साथ-साथ शहर में ट्रैफिक को भी दुरूस्त रखने का भी प्रबंध किया गया है ताकि आमजन को किसी प्रकार की दिक्कत का सामना न करना पड़े। हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक हर पॉइंट पर भारी सुरक्षा बल तैनात किया गया है। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डॉ. राहुल रईया, सभी एसडीएम, सीटीएम सुरेश कुमार व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। वीआईपी सुरक्षा के कमांडेंट ने अधिकारियों के साथ हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक किया निरीक्षण, आवश्यक प्रबंधों का लिया जायजा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को करनाल आगमन को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से आज यहां वीआईपी सुरक्षा के कमांडेंट ने अपनी टीम व स्थानीय प्रशासन के साथ हेलीपैड से लेकर कार्यक्रम स्थल तक सभी पॉइंटों पर निरीक्षण किया और आवश्यक प्रबंधों का जायजा लिया तथा अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक की। इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारियों सहित हरियाणा मार्केटिंग बोर्ड के चेयरमेन वेदपाल एडवोकेट, भाजपा प्रदेश महामंत्री गोपाल शर्मा, जिला प्रभारी जवाहर यादव, जिला प्रधान प्रवीन लाठर मौजूद रहे।

कर्मयोगी बनकर कार्य करें अधिकारी एवं कर्मचारी : डॉ. चौहान

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



नीलोखेड़ी। अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन केवल औपचारिकता समझकर न करें, बल्कि उन्हें कर्मयोगी की भावना के साथ पूरी निष्ठा, ईमानदारी और जिम्मेदारी से कार्य करना चाहिए। सरकारी योजनाओं का वास्तविक उद्देश्य तभी पूरा हो सकता है, जब उनके क्रियान्वयन में जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें। यह बात हरियाणा ग्रामीण विकास संस्थान, नीलोखेड़ी के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान ने कही। वे संस्थान में वीबी राम जी के अंतर्गत अनुमत कार्यों पर आयोजित दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम में प्रतिभागियों को संबोधित कर रहे थे। डॉ. चौहान ने कहा कि वी बी राम जी के अंतर्गत अनुमत कार्यों की सही जानकारी होना प्रत्येक संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी के लिए आवश्यक है। योजना के दिशा-निर्देशों, कार्यों की पात्रता, प्रक्रिया एवं तकनीकी पहलुओं को समझकर ही इसका प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि क्षमता निर्माण कार्यक्रमों का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि अधिकारियों एवं कर्मचारियों की कार्यक्षमता, समझ और निर्णय लेने की क्षमता को बेहतर बनाना भी है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास से जुड़े कार्यों में पारदर्शिता, जवाबदेही और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। अधिकारी एवं कर्मचारी आपसी समन्वय के साथ कार्य करें तथा योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता से अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने प्रतिभागियों से कार्यक्रम के दौरान अधिक से अधिक जानकारी प्राप्त करने और उसका उपयोग अपने कार्यक्षेत्र में करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर संस्थान के सहायक आचार्य कमलदीप सांगवान ने कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं विषय-वस्तु की जानकारी देते हुए प्रतिभागियों को प्रशिक्षण की महत्ता से अवगत करवाया। उन्होंने संस्थान के निदेशक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान का स्वागत भी किया। दो दिवसीय क्षमता निर्माण कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों को वीबी राम जी के अंतर्गत अनुमत कार्यों, संबंधित दिशा-निर्देशों, कार्यों के चयन, क्रियान्वयन तथा विभिन्न प्रशासनिक एवं तकनीकी पहलुओं के बारे में जानकारी प्रदान की जाएगी, ताकि संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी योजना को बेहतर ढंग से समझकर जमीनी स्तर पर प्रभावी क्रियान्वयन कर सकें। इस अवसर पर शाकिर हुसैन, अतिरिक्त खंड कार्यक्रम अधिकारी, नरेंद्र सिंह, अतिरिक्त खंड कार्यक्रम अधिकारी, कविता, लेखा सहायक, मोहित, कनिष्ठ अभियंता सहित अन्य प्रतिभागी उपस्थित रहे।

माँ भगवती जागरण में नगरपालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल को स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



तरावड़ी। दया सेवा समिति के तत्वावधान में प्रथम विशाल माँ भगवती जागरण का आयोजन अत्यंत श्रद्धा, भक्ति और धूमधाम के साथ संपन्न हुआ। इस भव्य धार्मिक आयोजन में क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाकर माँ भगवती का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरा वातावरण माँ के जयकारों और भजनों से भक्तिमय हो गया। इस अवसर पर तरावड़ी नगरपालिका अध्यक्ष वीरेंद्र बंसल को मार्केट कमेटी के वाइस चेयरमैन राजीव नारंग द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस दौरान उपस्थित गणमान्य व्यक्तियों ने धार्मिक एवं सामाजिक आयोजनों को समाज में आपसी भाईचारे, प्रेम और सद्भावना बढ़ाने का महत्वपूर्ण माध्यम बताया। कार्यक्रम में दयावान सिंगला, संदीप पाहुजा, अरुण सैनी, वीरेंद्र जांगड़ा, सुनिश परवेज राणा, मोहित जांगड़ा, अनुज गुप्ता, नीरज गिरधर, अनिल चुग, राकेश भटनागर, यशपाल गिरधर, शमी, सचदेवा, अशोक जांगड़ा, विपिन छाबड़ा एवं परवीन गुप्ता सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति मुख्य रूप से उपस्थित रहे। दया सेवा समिति के सदस्यों ने आयोजन में सहयोग देने वाले सभी श्रद्धालुओं एवं गणमान्य व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया।

अन्जनथली में ही बनाया जाए होर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी का मुख्यालय और कैंपस : इंद्रजीत सिंह गोराया

ओपन सर्च / प्रदीप मैहता



करनाल। केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को करनाल दौरे को लेकर प्रदेश सरकार व स्थानीय प्रशासन तैयारीयों में लगा है उनके इस दौरे को लेकर अखिल भारतीय किसान कांग्रेस के प्रवक्ता एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य इन्दरजीत सिंह गोराया ने क्षेत्र की कई अहम मांगें सामने रखी हैं। उन्होंने गृह मंत्री को संबोधित ज्ञापन जारी करते हुए कहा कि उनके इस दौरे से क्षेत्र के लोगों को काफी उम्मीदें हैं। गोराया ने गृह मंत्री का करनाल आगमन पर स्वागत करते हुए कहा कि ये मांगें सीधे केंद्र सरकार से जुड़ी हैं, इसलिए इनके सही समाधान के लिए यह मांग पत्र प्रस्तुत किया गया है। उन्होंने कहा की गांव अन्जनथली ने होर्टिकल्चर यूनिवर्सिटी के लिए लगभग 100 एकड़ भूमि दान में दी है। गोराया की मांग है कि यूनिवर्सिटी का मुख्यालय और कैंपस किसी और जगह की बजाय इसी गांव की भूमि पर बनाया जाए, ताकि इस क्षेत्र का विकास हो सके। उन्होंने कहा की नीलोखेड़ी शहर में केंद्र सरकार की प्रिंटिंग प्रेस अब बंद हो चुकी है। उसकी लगभग 35 एकड़ भूमि और भवन में लड़कियों के लिए उच्च शिक्षा संस्थान खोला जाए, जिसमें नर्सिंग जैसे कोर्स शुरू किए जाएं। इंद्रजीत गोराया ने कहा की गांव कुटेल की भूमि पर बन रहे मेडिकल विश्वविद्यालय का नाम गुरु ब्रह्मानंद विश्वविद्यालय रखा जाए। फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य स्वामीनाथन आयोग की सिफारिशों के अनुरूप दिया जाए, ताकि किसान अपनी खेती से सही ढंग से गुजर-बसर कर सकें। इन्दरजीत सिंह गोराया ने उम्मीद जताई कि गृह मंत्री इस इलाके की मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुए इनका समाधान करेंगे।

आज कैबिनेट मंत्री बहन आरती राव जी से मुलाकात कर दीपावली की बधाई दी



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

रेवाड़ी। आज हरियाणा सरकार में कैबिनेट मंत्री बहन आरती राव जी से शिष्टाचार मुलाकात कर दीपावली पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर *मेरी बेटी मेरा अभिमान संगठन की महिला अध्यक्ष रेखा भारद्वाज (गुरुग्राम)* ने भारतीय जनता पार्टी की नीतियों में आस्था व्यक्त करते हुए विधिवत रूप से पार्टी ज्वाइन की। कैबिनेट मंत्री आरती राव जी ने रेखा भारद्वाज का पार्टी में स्वागत किया और उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। इस मुलाकात के दौरान *राकेश राव जोनियावास, सतबीर बाबू जी, दिनेश कुमार, एकता उपाध्याय* सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर कैबिनेट मंत्री जी को दीपावली की बधाई दी और क्षेत्र के विकास पर चर्चा की।

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के करनाल दौरे के मद्देनजर ड्रोन उड़ाने पर प्रतिबंध



ओपन सर्च / प्रदीप मैहता

करनाल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के 5 नवंबर को करनाल आगमन एवं विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होने के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। जिलाधीश डॉ. आनंद कुमार शर्मा ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत आदेश जारी करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के कार्यक्रम स्थान तथा उसके आसपास 500 मीटर के क्षेत्र को 4 नवंबर से 5 नवंबर 2026 तक अस्थायी रेड जोन घोषित किया है। जारी आदेश के अनुसार, केंद्रीय गृह मंत्री के करनाल दौरे के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से ड्रोन सहित किसी भी प्रकार के मानव रहित हवाई वाहन (यूएवी) को उड़ाने की अनुमति नहीं होगी। दौरे वाले प्रत्येक स्थान के एक किलोमीटर के दायरे में 4 नवंबर से 5 नवंबर 2026 तक ड्रोन आदि उड़ाने पर प्रतिबंध रहेगा। आदेश की पालना सुनिश्चित करवाने की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक, करनाल को सौंपी गई है। आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के तहत कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

हलवाईयों की दुकानों व गोदामों पर धड़ाधड़ हो रही छापेमारी-मिठाईयों के भरे 9 सैंपल

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की टीम ने खाद्य सुरक्षा अधिकारी के साथ संयुक्त टीम बनाकर यहां पर गांव मैदावास में मिठाई के एक गोदाम पर छापेमारी कर मिठाई के सैंपल भरे है तो सोहना, भौंड़सी, बादशाहपुर और आसपास क्षेत्रों में भी सैम्पल भरने वाली टीमें हलवाईयों की दुकानों और गोदामों पर औचक छापेमारी कर ना केवल विभिन्न मिठाईयों के सैम्पल भर रही है बल्कि दूध, छैना, पनीर, रसगुल्ले, खोया, मावा और ड्राईफ्रूट के भी सैम्पल भरकर जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजे गए है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी डाक्टर मनोज कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की टीम के साथ मिलकर उन्होने सोहना के गांव भौंड़सी स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार समेत 3 अलग-अलग स्थानों पर औचक छापेमारी कर 9 सैम्पल रसगुल्ला आदि के भरे है तो गांव मैदावास में ज्ञानचंद के मिठाई गोदाम पर छापेमारी के दौरान गोदाम के भीतर 1550 किलो रसगुल्ले, 355 किलो मिल्क केक और 14 किलो डोडा तैयार हालत में मिला तो गांव कादरपुर के रहने वाले सुंदर के गोदाम पर भी छापेमारी के दौरान 120 किलो पनीर बरामद किया गया है। गांव भौंड़सी में बीकानेर मिष्ठान भंडार से 100 किलो काजू कतली, 25 किलो मिल्क केक और 100 किलो बेशन बर्फी का स्टॉक मिला। सभी भरे गए सैंपलों को जांच के लिए चंडीगढ़ भेजा गया है। इसके अलावा यहां पर सेक्टर सड़सठ स्थित मिठाई के 2 थोक विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों की भी जांच-पड़ताल की गई है और वहां से पनीर के सैंपल भरे गए है जबकि गांव बादशाहपुर में हलवाईयों की दुकानों से डोडा बर्फी, रसगुल्ला और मिल्क केक के 3 सैंपल लिए गए है तो दूसरी छापामार टीमों ने सेक्टर पंद्रह और सेक्टर चौसठ में भी हलवाईयों और मिठाई की दुकानों पर औचक छापेमारी कर विभिन्न मिठाईयों के 6 सैंपल भरकर जांच के लिए



प्रयोगशाला में भेजे है तो मिठाई-परचून की कई दुकानों से पेस्टी, काजू कतली, प्लेन बर्फी, मिल्क केक आदि के सैंपल भरकर जांच के लिए लैब में भेजे गए है तो सेक्टर सड़सठ स्थित एक दूग्ध डेयरी से पनीर का सैंपल भरकर जांच के लिए लैब में भिजवाया गया है। देखने वाली बात यह रही कि जैसे ही मुख्यमंत्री उडऩदस्ते की छापामार टीम के शिवनगरी सोहना शहर के साथ-साथ सेक्टर चौसठ, सेक्टर सड़सठ, गांव मैदावास, गांव कादरपुर, गांव बादशाहपुर, गांव भौंड़सी और आसपास लगते ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य सुरक्षा विभाग की सैंपल भरने वाली टीम के साथ आने की भनक दूग्ध, देशी घी, पनीर और मिठाई बेचने वाले हलवाईयों के साथ-साथ किरयाणा व्यापारियों को लगी, किरयाणा का सामान बेचने वाले व्यापारियों के साथ-साथ दूग्ध, देशी घी, पनीर और मिठाई बेचने वाले हलवाईयों में हडक़ंप बन गया। कोई दुकानदार शटर गिराकर भागा तो कई दुकानदार अपनी दुकानों को यूं ही खुला छोडक़र भाग खड़े हुए। ध्यान देने वाली बात यह है कि शिवनगरी सोहना के साथ-साथ गांव भौंड़सी, बादशाहपुर और सोसायटियों के आसपास तथा विभिन्न कॉलोनियों, बस्तियों के पास बने बाजारों की दुकानों पर आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते नकली बीडिय़ों, नकली बोतल बंद पानी, नकली सौन्दर्य प्रसाधन वस्तुओं के साथ-साथ खानपान की वस्तुओं में मिलावट के चलते लोगों के जीवन से खिलवाड़ हो रहा है। खोया से बनी रंग-बिरंगी मिठाइयां भी हलवाईयों की दुकानों पर बिक रही है। जिन पर मक्खियां भिनभिनाते साफ नजर आ रही है। सफाई का कोई ध्यान नही है तो हलवाई के गोदामों में भी मिठाई तैयार करते वक्त ऐसा ही नजारा कमोबेश रहता है। इतना ही नही इन मिठाईयों में तेज रंग डालकर शरीर को हानि पहुंचाने वाली मिठाइयों की भी बाजार में भरमार है। गौरतलब हो कि सैंपल भरने वाली टीमों के बाजार में आकर हलवाईयों और परचून-किरयाणा व्यापारियों की दुकानों, दूग्ध डेयरियों, मावा, घी, पनीर बेचने वाले दुकानदारों के यहां धड़ाधड़ छापेमारी कर आए दिन सैंपल भरे जाने के बावजूद उपरोक्त शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के बाजारों में देशी घी विक्रेताओं और परचून की लगभग हर दुकान पर पूजा के घी के नाम पर जमकर नकली घी की बिक्री धडल्ले से हो रही है तो सरसो का मिलावटी खुला तेल भी जमकर बिक रहा है। इतना ही नही दैनिक रोजमर्रा उपयोग में आने वाली वस्तुओं में भी मिलावट का जमकर बोलबाला नजर आ रहा है। साबुत व पिसी मिर्च में रंग तो दालों में पोलिश साफ नजर आ रही है तो देशी घी के नाम पर आपसी प्रतिस्पर्धा के चलते मिलावटी घी भी जमकर बाजार में जगह-जगह बिक रहा है। इतना ही नही छापेमारी के बावजूद भी यहां जगह-जगह मिलावटी मावा, खोया, नकली पनीर, सिंथेटिक दूग्ध की बिक्री धडल्ले से बेरोकटोक हो रही है।

भाजपा का वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आज-तैयारियां पूरी : भाजपा नेता पंकज सिंगला



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा में सोहना मंडल अध्यक्ष सौरभ सिंगला और नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि भाजपा के तत्वाधान में बुधवार, 4 नवम्बर को वरिष्ठ कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम आयोजन को लेकर चल रही तमाम तैयारियां पूरी कर ली गई है। उन्होने बताया कि गुरूकमल कार्यालय प्रांगण में आयोजित होने वाले इस आयोजन में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद कायम करेंगे। इस मौके पर बाबा खाटूश्याम के परम भक्त कपिल गर्ग धोजिया, युवा अग्रवाल नेता सौरभ सिंगला, भाजपा नेता चिराग सिंगला, सुनील अग्रवाल, श्री शिवकुम्भ साखमजती अधमर्षण रक्षा सभा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, नगरपार्षद नीरज सिंगला आदि प्रमुख लोगों समेत आमंत्रित लोग भी मौजूद रहे।

पांचों राज्यों में आगामी चुनावों में बनेगी कांग्रेस-ईडी सरकार : कांग्रेस नेता मोहित तंवर



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): युवा कांग्रेस के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता मोहित तंवर एडवोकेट ने कांग्रेस-इंडिया गठबंधन के तत्वाधान में दिल्ली के रामलीला मैदान में आयोजित की गई वोट बचाओ-देश बचाओ रैली में देश के कोने-कोने से उमड़े जन सैलाब को भाजपा-एनडीए सरकार के खिलाफ फतवा और देश में चल रही बदलाव की लहर बताते हुए दावा किया कि उत्तरप्रदेश और पंजाब में आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों में कांग्रेस-इंडिया गठबंधन की जीत होने पर इन दोनों राज्यों समेत पांचों राज्यों उत्तरप्रदेश व पंजाब के साथ-साथ उत्तराखंड, गोवा व मणिपुर में कांग्रेस-इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।

सत्ता के नशे में सरकार कर रही जनप्रतिनिधियों का अपमान : कांग्रेस नेता मनीष खटाना



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव दमदमा के रहने वाले कांग्रेस पार्टी में राज्य प्रवक्ता मनीष खटाना ने क्षेत्र व प्रदेश के लोगों के रिकार्ड तोड़ तादाद में कांग्रेस-इंडिया गठबंधन की तरफ से आयोजित की गई दिल्ली के रामलीला मैदान महारैली की जबरदस्त कामयाबी पर अपनी व पार्टी संगठन की तरफ से आभार जताया है। वही उन्होने राज्य विधानसभा की तरफ से आयोजित जनप्रतिनिधि सम्मेलन में राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा का होर्डिंग से फोटो गायब होने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि आज सत्ता के नशे में भाजपा सरकार जनप्रतिनिधियों का अपमान करने से बाज नही आ रही है और अच्छी बात यह रही कि पूर्व मुख्यमंत्री व प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा के विरोध जताने पर सरकार की कुम्भकर्णी नींद टूटी और कार्यक्रम के मंच के बैंक ड्राप पर राज्य विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष और प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा की फोटो तुरन्त प्रभाव से लगाई गई। कांग्रेस नेता मनीष खटाना ने कहा कि चौधरी भूपेन्द्र सिंह हुडडा ने सही वक्त पर भाजपा सरकार को आईना दिखाने का काम किया है।

सोहना में जीडी गोयनका के समीप आठ पिस्टल व 16 मैगजीन के साथ दो गिरफ्तार

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सीआईए पुलिस टीम ने मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर सोहना शहर में जीडी गोयनका विश्वविद्यालय के समीप 2 युवकों से तलाशी में 8 पिस्टल और 16 मैगजीन मिलने पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान दुर्गेश और नरेन्द्र के रूप में हुई है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने खुलासा किया कि वह इन हथियारों को यहां पर सप्लाई करने के लिए मध्यप्रदेश से लाए थे और पिछले 4 वर्षों से अवैध रूप से हथियार खरीद-फरोख्त के धंधे में संलिप्त है। एसीपी क्राइम इंदीवर कुमार ने बताया कि पूछताछ में सामने आया कि यह आरोपी एनसीआर क्षेत्र में हथियार सप्लाई करते थे और कमीशन के रूप में इन्हे प्रति हथियार 7 हजार रुपए की रकम मिलती थी। इस मामले में पुलिस दीपक व राहुल को 5 पिस्टल और 11 मैगजीन व कार समेत पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है।


सोहना में रहने वाले दो युवक 203 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार-कार जब्त

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सीआईए पुलिस टीम ने मुखबिर खास से मिली सूचना के आधार पर सोहना शहर में रहने वाले 2 युवकों को 203.71 ग्राम चरस के साथ गिरफ्तार कर इस कार्य में प्रयुक्त की जा रही कार को भी जब्त कर लिया है। दोनों आरोपी सोहना शहर के रहने वाले है, जिनके नाम अंकित जैन और तपन पाराशर बताए गए है। एसीपी क्राइम इंदीवर कुमार ने बताया कि दोनों आरोपियों को पुलिस ने राजीव चौक के समीप से पकड़ा है। उन्होने बताया कि आरोपियों से पूछताछ में सामने आया कि वह इस चरस को हिमाचलप्रदेश से खरीद कर यहां महंगे दामों में बेचने के लिए लाए थे। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि पकड़ में आए आरोपी नशे के इस कारोबार को कब से कर रहे है।

सोहना अनाजमंडी के भीतर खड़ी कार से नकदी चोरी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना शहर की अनाजमंडी में एक गुड कारोबारी दीपक मूल निवासी गांव चांदसमंद, जनपद मुजफ्फरनगर की गाड़ी से 47 हजार रुपए की नकदी चोरी वाले मामले में पुलिस ने सोहना घाटी में अंसल मोड से आरोपी को पकडऩे में कामयाबी पाई है। आरोपी की पहचान शाहरूख निवासी गांव साचौली, थानाक्षेत्र सोहना देहात के रूप में हुई है। पुलिस ने आरोपी की निशानदेही पर चोरी की गई रकम में से 35 हजार रुपए की नकदी बरामद कर ली है। एसीपी मुकेश यादव ने बताया कि जांच में सामने आया कि शाहरूप पर चोरी व मारपीट के आरोप में 5 मुकदमे गुरूग्राम में पहले ही दर्ज है।

भरे गए सैम्पलों में 170 सैम्पल आए फेल-50 हजार किलो पनीर व मिठाई नष्ट : भाजपा नेता महेन्द्र यादव



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव ने बताया कि क्षेत्र व प्रदेश में मिलावटखोरी पर नकेल कसने के लिए स्वास्थ्यमंत्री डाक्टर आरती राव के आदेश पर हरकत में आए स्वास्थ्य विभाग ने सोहना, भौंड़सी, बादशाहपुर, गुरूग्राम और प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर औचक छापेमारी कर मिठाई, खोया, मावा, दूग्ध, पनीर और अन्य खाद्य पदार्थों के अब तक एक हजार 288 सैम्पल भरे है। उन्होने बताया कि इनमें से 861 सैम्पलों की अब तक हुई जांच में 170 सैम्पल फेल आए है जबकि 140 सैम्पल सबस्टैंडर्ड और 30 सैम्पल मानव जगत के लिए असुरक्षित पाए गए है। भाजपा नेता व ग्रीवेसिंग कमेटी मैंबर महेन्द्र यादव ने बताया कि छापामार टीमों ने सैम्पल भरने के दौरान 50 हजार किलो नकली खोया, पनीर और मिलावटी मिठाईयों को नष्ट कर मौके पर ही गढढा खुदवाकर दबवाने का काम किया है तथा सैम्पल भरने का यह अभियान छापामार टीमें आगे और तेजी से चलाएगी।

आज प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे अपराध, कर्ज और बेरोजगारी बने चुनौती : वीरेन्द्र यादव

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने कहा कि भाजपा राज में आज प्रदेश में तेजी से बढ़ रहे अपराध, बिगड़ रही कानून व्यवस्था, प्रदेश पर बढ़ रहा कर्जा और बेरोजगारी की फौज, बढ़ रही महंगाई सबसे बड़ी चुनौती बन गई है। बदमाश व्यापारियों से रंगदारी मांग रहे है और बदमाशों में खाकी का तनिक भी खौफ नही रहा है। वही अगले वर्ष 5 राज्यों उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गोवा, पंजाब और मणिपुर में विधानसभा चुनावों से पहले मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के बाद चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए है। जिनसे साफ जाहिर हो रहा है कि इन राज्यों में मतदाताओं की कुल संख्या में 13.24 प्रतिशत तक की कटौती हो गई है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा



प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया से पहले इन पांचों राज्यों में मतदाताओं की कुल संख्या करीब 18.71 करोड़ थी, जो एसआईआर के बाद अब घटकर 16.43 करोड़ रह गई है। यानी एसआईआर में 2.29 करोड़ मतदाताओं के नाम मतदाता सूची से हटाए गए है जोकि मतदाता सूची का 12.2 प्रतिशत बन रहा है और कमाल की बात यह है कि मतदाताओं के काटे गए नामों में गिरावट का 90 प्रतिशत हिस्सा अकेले उत्तरप्रदेश से सामने आ रहा है, जहां शुद्ध मतदाताओं की संख्या में 2.04 करोड़ यानी 13.24 प्रतिशत की कमी आई है। उन्होने बताया कि पहले उत्तरप्रदेश में 15.44 करोड़ मतदाता थे, जो अब अंतिम सूची में 13.40 करोड़ रह गए है तो पंजाब में करीब 34 प्रतिशत मतदाताओं के नाम एसआईआर के दौरान दोबारा जोड़े गए है। कांग्रेस पार्टी के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी वीरेन्द्र यादव बिल्लू ने बताया कि उत्तराखंड की मतदाता सूची में एसआईआर के बाद 10.7 प्रतिशत मतदाताओं के नामों में कमी आई है। इसी प्रकार गोवा में 10.76 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है तो पंजाब में लगभग 6.33 और मणिपुर में 6.34 प्रतिशत की गिरावट मतदाता सूची में आई है लेकिन इस बार कांग्रेस-इंडिया गठबंधन में शामिल पार्टियां और उनके कार्यकर्ता पूरी तरह सजग व मुस्तैद है। किसी भी कीमत पर इन पांचों राज्यों में आगामी विधानसभा चुनावों में एक भी वोट की चोरी नही होने देंगे।

पटाखों से बचाए पैसों को गरीबों पर खर्च किया जाए : डाक्टर रामवीर गोस्वामी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा गुरूग्राम महानगर के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह यादव तथा सोहना मार्किटकमेटी मैंबर और भाजपा में चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी ने मंगलवार को यहां पर दीवाली उत्सव एवं स्वदेशी जागरूकता सम्मेलन में बोलते हुए उपस्थित लोगों को दीवाली, गौवर्धन, भैयादौज, गंगास्नान की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीवाली दीपों का त्यौहार है। मनुष्य को अपने अंदर की बुराईयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। तभी दीवाली की सार्थकता है। कार्यक्रम के संयोजक देविन्द्र चौहान व हर्ष चौहान ने बताया कि आचार्य लोकेश भारद्वाज के सानिध्य और पूर्व नगरपार्षद मदन सिंह चौहान की अध्यक्षता में आयोजित किए गए इस कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापिस लौटे थे। उसी दिन भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष प्राप्त हुआ था।

भाजपा में चिकित्सा प्रकोष्ठ संयोजक डाक्टर रामवीर गोस्वामी तथा भाजपा गुरूग्राम महानगर के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के सपने को साकार बनाने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका देश को नई दिशा देने का काम कर रही है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने प्रण लिया कि इस बार वह सपरिवार फूलों और मिठाई से ही दीवाली मनाएंगे और लोगों को इस बात के लिए जागरूक बनाएगे कि वह पटाखे और प्रदूषण मुक्त दीपावली धूमधाम से मनाए।

पंचायती निर्णयों पर अमल करे अग्रवाल समाज : रोहित गर्ग प्रधान अग्रवालसभा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने मंगलवार को यहां पर समाज के लोगों के बीच बोलते हुए पलवल में हुई अग्रवाल समाज की पंचायत में समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होने बताया कि अग्रवाल पंचायत में लिए गए मुख्य निर्णयों में मृत्यु उपरांत मृत्युभोज पूरी तरह बंद रहेगा। केवल परिवार व रिस्तेदारों के लिए ही भोजन व्यवस्था रहेगी। शोक सभा (पगड़ी रस्म) में समाज के कितनी भी संख्या में लोग शामिल हो सकते हैं। शोकसभा में शामिल हुए लोगों के लिए अल्पाहार (एक स्नैक्स व चाय) की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होने बताया कि पंचायती निर्णय के मुताबिक मृत्यु उपरांत चददर चढाने पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। केवल एक या दो चददर परिवार इत्यादि की ही चढ़ाई जायेगी। चददर की जगह गोला,सामग्री या कपूर इत्यादि ले जा सकते है और विवाह-शादी में प्री वेडिंग सूट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। डीजे कम आवाज वाले ही चलेंगे। खाने में 21-31 आइटम ही रहेंगे। दिखावे पर कोई खर्चा नही होगा। नवदम्पति को आप अपनी सामथ्र्य अनुसार कुछ भी दे सकते है, जैसे लडकी के नाम पर एफडी या खाते में रूपये, गोल्ड, जमीन या दामाद के बिजनेस में मदद। स्थानीय श्री अग्रवालसभा के प्रधान सेठ रोहित गर्ग ने बताया कि पंचायत में लगे निर्णय के मुताबिक भात व सगाई में ज्यादा दिखावा ना कर शादी सिम्पल तरीके से की जाए। फेरे दिन में ही किये जाए। निमंत्रण कार्ड व्हाटसएप पर ही दिए जायेंगे। साथ ही फोन करके निमंत्रण दिया जाएगा। बहन-बहनोई व बुआ-फूफा को घर जाकर निमंत्रण दे सकते हैं। शराब की स्टाल पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। मिलनी घर और रिस्तेदारों की (सीमित मात्रा में) बाकी बंद की गई है।

लैबर्नम स्कूल भौंड़सी ने मुक्केबाजी प्रतियोगिता में लहराया परचम : पंडित अनिल कौशिक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव भौंड़सी स्थित लैबर्नम पब्लिक स्कूल के मुक्केबाज खिलाडिय़ों ने मुक्केबाजी समेत विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में शानदार उपलब्धियां हासिल कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। मंगलवार को यहां पर उपरोक्त जानकारी देते हुए लैबर्नम पब्लिक स्कूल निर्देशक भारत शर्मा ने बताया कि जी.बी.एस.ए. बॉक्सिंग अकादमी द्वारा आयोजित जिलास्तरीय सीनियर पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप 2026 में विद्यालय की कक्षा 12वीं की प्रतिभाशाली मुक्केबाज खिलाड़ी प्रिया राघव एवं कोमल तंवर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्णिम सफलता हासिल की। उन्होने बताया कि खुशी की बात यह है कि इस शानदार प्रदर्शन के आधार पर दोनों खिलाडिय़ों का चयन हरियाणा सीनियर पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए हुआ है, जिसका आयोजन 11 से 15 नवंबर तक हिसार में होगा। लैबर्नम पब्लिक स्कूल निर्देशक भारत शर्मा ने बताया कि मेडी ईजी स्कूल में आयोजित अंतरविद्यालयीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में विद्यालय के 29 विद्यार्थियों ने विभिन्न स्पर्धाओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 7वीं की पावनी ने 100 मीटर दौड़ (अंडर-17) में द्वितीय स्थान प्राप्त कर रजत पदक अपने नाम किया। वही रिया ने 100 मीटर दौड़ (अंडर-17) में तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक हासिल किया। इसके अतिरिक्त कक्षा 7वीं की छात्राएं अश्विनी, रिधिमा, मानस्वी एवं रिया ने अंडर-14 रिले रेस में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त कर कांस्य पदक जीतकर विद्यालय का नाम गौरान्वित किया है। लैबर्नम पब्लिक स्कूल प्रबंधन समिति चेयरमैन पंडित अनिल कौशिक ने सभी विजेता खिलाडिय़ों को बधाई देते हुए कहा कि खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और संघर्षशीलता जैसे गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालय के विद्यार्थी शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। बेटियों की यह उपलब्धियां विशेष रूप से गर्व का विषय हैं और अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। विद्यालय प्रधानाचार्या डाक्टर भावना छिब्बर ने खिलाडिय़ों की उपलब्धियों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि सफलता निरंतर अभ्यास, समर्पण और दृढ़ संकल्प का परिणाम होती है। उन्होने सभी विजेता खिलाडिय़ों को प्रोत्साहित करते हुए आगामी प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करने और विद्यालय का नाम रोशन करने के लिए शुभकामनाएं दी। वही विद्यालय परिवार ने सभी विजेता खिलाडिय़ों एवं खेल प्रशिक्षकों को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

आप को डूबता जहाज समझ छोड़-छोडक़र भाग रहे नेता : भाजपा नेता मामराज डागर

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव अलीपुर में रहने वाले भाजपा के वरिष्ठ नेता व सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने पंजाब में आम आदमी पार्टी के 3 विधायकों सनोर हलका से विधायक हरमीत सिंह पठानमाजरा, समाना हलका से विधायक चेतन सिंह जोड़ामाजरा और अमृतसर उत्तर सीट से निलम्बित विधायक व पूर्व आईपीएस अधिकारी कुंवर विजयप्रताप सिंह के अपने समर्थकों समेत भाजपा के राष्ट्रीयमहासचिव और पार्टी संगठन में पंजाब मामलों के प्रभारी सतीश पूनिया, सहप्रभारी विजय सचेदवा और पंजाब भाजपा के अध्यक्ष केवल सिंह ढिल्लो की मौजूदगी में भाजपा में शामिल होने का स्वागत किया है। भाजपा नेता चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने बताया कि उपरोक्त भाजपा नेताओं की मौजूदगी में आम आदमी पार्टी के तीनों विधायकों ने अपने पदों से इस्तीफा देकर झाड़ू का साथ छोड़ कमल के फूल चुनाव निशान वाली पार्टी भाजपा की जनकल्याणकारी नीतियों से प्रभावित होकर अपने समर्थकों समेत भाजपा में शामिल होने का फैसला लिया और भाजपा में शामिल हो गए, जिन्हे उपरोक्त भाजपा नेताओं ने पार्टी के चुनाव चिन्ह कमल के निशान वाला पटका पहनाकर पार्टी में शामिल किया है। भाजपा नेता व सीएम विंडो एमिनेंट पर्सन चौधरी मामराज डागर अलीपुरिया ने उम्मीद जताई कि उपरोक्तजनों के भाजपा में शामिल होने से पंजाब राज्य में आगामी होने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा को जबरदस्त फायदा मिलेगा और पंजाब राज्य में भाजपा पहले से ना केवल मजबूत होगी बल्कि जनता के भरोसे के दम पर स्पष्ट बहुमत हासिल कर हरियाणा, पश्चिमबंगाल, असम और पांडुचेरी की तर्ज पर भाजपा सरकार बनाने में कामयाब होगी। उन्होने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में देश और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में प्रदेश विकास के नए आयाम छू रहा है। नई-नई जनकल्याणकारी योजनाएं बनाकर लागू किए जाने से देश व प्रदेश में भाजपा का जनाधार तेजी से बढ़ रहा है।

ग्रीन पटाखों की आड़ में धडल्ले से बेचे जा रहे प्रतिबंधित पटाखे

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। इस मौसम में वायु गुणवत्ता खराब होने के चलते ग्रेप का दूसरा चरण लागू होने पर पटाखे बनाने से लेकर बेचने और फोडऩे अथवा जलाने पर प्रतिबंध है। इसके बाद भी क्षेत्र में ग्रीन पटाखों की आड़ में प्रतिबंधित पटाखे खुले में बेचे जा रहे है। देखने में आ रहा है कि सोहना शहरी क्षेत्र में विभिन्न सोसायटियों के आसपास परचून और सब्जियों की दुकानों व सोहना शहर में दमदमा रोड़ पर सडक़ किनारे कई दुकानों तथा खंड के विभिन्न गांवों में परचून-सब्जी की दुकानों पर प्रतिबंध पटाखे लकड़ी के तख्त अथवा चारपाई पर रखकर खुलेआम बिक रहे है। कुछ पटाखों की पैकिंग पर ग्रीन पटाखा का स्टीकर लगाकर बेचा जा रहा है जबकि सुप्रीमकोर्ट ने इस बार राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली एनसीआर क्षेत्र में शर्तों के आधार पर केवल 7-8 नवम्बर को ग्रीन पटाखे चलाने की इजाजत सुप्रीमकोर्ट से दी गई है। जिसके तहत सुबह 6 बजे से एक घंटे के लिए 7 बजे तक और रात में 2 घंटे के लिए 8 से 10 बजे तक ही केवल ग्रीन पटाखे वह भी तय स्थानों पर बिक और जलाए जा सकेंगे जबकि पटाखों की ऑनलाइन बिक्री पर भी पूर्णतया रोक लगाई गई है लेकिन देखने में आ रहा है कि यहां पर शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में जगह-जगह ग्रीन पटाखों की बजाय दूसरे ज्यादा हानिकारक और तेज आवाज व प्रदूषण को बढ़ावा देने वाले पटाखों की कही चोरी-छिपे तो कही खुले में बिक्री का गोरखधंधा चल रहा है। शहर हो या गांव गली-मोहल्लों में खुली परचून, सब्जी आदि की दुकानों पर भी पटाखे बेचे जा रहे है। अहम बात यह है कि पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग ने पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा-5 के तहत पटाखों पर पाबंदी का आदेश जारी किया है और प्रशासन विशेषकर पुलिस अधिकारियों को इस आदेश को पूरे साल सख्ती से लागू करने के निर्देश है लेकिन जिस तरह गांवों और शहर में सोसायटियों के आसपास तथा गली-मोहल्लों में खुली परचून, सब्जियों की दुकानों पर खुले में परचून व सब्जी के साथ लकड़ी के तख्त अथवा चारपाई पर रखकर जिस तरह पटाखे बिक रहे है, उससे जाहिर है कि पटाखों पर प्रतिबंध कागजों में चल रहा है तो निर्धारित समय से हटकर भी जगह-जगह जमकर पटाखे फोड़े जा रहे है।

अग्रवाल समाज ने पंचायत जोड़कर लिए अहम निर्णय : विजय अग्रवाल



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व प्रधान और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल ने मंगलवार को यहां पर समाज के लोगों के बीच बोलते हुए पलवल में हुई अग्रवाल समाज की पंचायत में समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होने बताया कि अग्रवाल पंचायत में लिए गए मुख्य निर्णयों में मृत्यु उपरांत मृत्युभोज पूरी तरह बंद रहेगा। केवल परिवार व रिस्तेदारों के लिए ही भोजन व्यवस्था रहेगी। शोक सभा (पगड़ी रस्म) में समाज के कितनी भी संख्या में लोग शामिल हो सकते हैं। शोकसभा में शामिल हुए लोगों के लिए अल्पाहार (एक स्नैक्स व चाय) की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होने बताया कि पंचायती निर्णय के मुताबिक मृत्यु उपरांत चददर चढाने पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। केवल एक या दो चददर परिवार इत्यादि की ही चढ़ाई जायेगी। चददर की जगह गोला,सामग्री या कपूर इत्यादि ले जा सकते है और विवाह-शादी में प्री वेडिंग सूट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। डीजे कम आवाज वाले ही चलेंगे। खाने में 21-31 आइटम ही रहेंगे। दिखावे पर कोई खर्चा नही होगा। नवदम्पति को आप अपनी सामथ्र्य अनुसार कुछ भी दे सकते है, जैसे लडकी के नाम पर एफडी या खाते में रूपये, गोल्ड, जमीन या दामाद के बिजनेस में मदद। अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाध्यक्ष सेठ विजय अग्रवाल ने बताया कि पंचायत में लगे निर्णय के मुताबिक भात व सगाई में ज्यादा दिखावा ना कर शादी सिम्पल तरीके से की जाए। फेरे दिन में ही किये जाए। निमंत्रण कार्ड व्हाटसएप पर ही दिए जायेंगे। साथ ही फोन करके निमंत्रण दिया जाएगा। बहन-बहनोई व बुआ-फूफा को घर जाकर निमंत्रण दे सकते हैं। शराब की स्टाल पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। मिलनी घर और रिस्तेदारों की (सीमित मात्रा में) बाकी बंद की गई है। उन्होने बताया कि इनके अतिरिक्त कई और कुरीतियों पर विचार-विमर्श हुआ लिस्ट लम्बी है। जैसे मिठाई का डिब्बा (दोनों पक्षों की तरफ से) व लडके वालों की तरफ से दिया जाने वाला लिफाफा। उन्होने सभी अग्र बन्धुओं से आग्रह किया है कि समाज हित को सर्वोपरि रखते हुए इन सामाजिक कुरीतियों को दिल से त्यागे ताकि हम आने वाली जरनेशन को एक सभ्य व उज्ज्वल भविष्य दे सके।

जजपा का दिनोंदिन तेजी से बढ़ रहा जनाधार : नगेन्द्र डागर प्रदेश उपाध्यक्ष जजपा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना ब्लॉक के आदर्श गांव अलीपुर में मंगलवार को जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक अलीपुरिया की अध्यक्षता में आयोजित किए गए दीवाली मिलन समारोह में मुख्यातिथि रूप में आए जजपा युवा के प्रदेशउपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर ने मौजूद ग्रामीणों, पार्टी कार्यकर्ताओं को दीवाली की अग्रिम बधाई दी और दीवाली के महत्व पर प्रकाश डाला। इस मौके पर बोलते हुए जजपा युवा के प्रदेशउपाध्यक्ष नगेन्द्र डागर और जजपा के हलका अध्यक्ष चौधरी दीपक अलीपुरिया ने जजपा को जमीनी स्तर पर ज्यादा मजबूत बनाने के लिए पार्टी संगठन में विस्तार कर रोशन ढांडा को राष्ट्रीयसचिव, इंजीनियर रोकी डागर को राष्ट्रीय कार्यकारिणी मैंबर, ज्ञान सिह गुर्जर को प्रदेशउपाध्यक्ष व सुनील मुंड और जितेन्द्र श्योराण को प्रदेशसचिव समेत प्रदेश व राष्ट्र स्तर पर 11 नए पदाधिकारी बनाए जाने पर जजपा सुप्रीमो चौधरी अजय सिंह चौटाला, पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और प्रदेशाध्यक्ष बृज शर्मा का क्षेत्र के पार्टी कार्यकर्ताओं की तरफ से आभार जताया और इस बात पर खुशी जताई कि क्षेत्र व प्रदेश में जजपा का जनाधार दिनोंदिन तेजी से बढ़ रहा है।

बच्चे मनाएंगे प्रदूषण रहित दीवाली-पटाखे ना फोड़कर करेंगे साज-सज्जा : शैली लोहिया



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में पुराने बसअडडा रोड़ स्थित एशियन प्राइमरी स्कूल निर्देशिका शैली लोहिया ने बताया कि इस बार उनके विद्यालय के छात्र-छात्रा दीवाली पर पर्यावरण को प्रदूषण मुक्त रखेंगे। इसके लिए मंगलवार को विद्यालय में छात्र-छात्राओं को प्रदूषण मुक्त दीवाली मनाने के लिए शपथ दिलाई गई। उन्होने बताया कि विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष कपिल लोहिया की प्रेरणा से विद्यालय में शिक्षा ग्रहण करने वाले छात्र-छात्राएं अबकी बार अपनी दीवाली पटाखे फोडकर मनाने की बजाय घर की साज-सज्जा और देशी घी के दीपक व मोमबत्तियां जलाकर मनाएंगे ताकि वातावरण हरा-भरा और प्रदूषण मुक्त रहे। पर्यावरण स्वच्छ रहे। एशियन प्राइमरी स्कूल निर्देशिका शैली लोहिया ने बताया कि पटाखों की आवाज से जहां ध्वनि प्रदूषण होता है, वही वातावरण प्रदूषित हो जाता है। पटाखे चलाने से कई बार बच्चे आग की चपेट में आ जाते है और चोटिल हो बैठते है। जिसके चलते लोगों को काफी नुकसान उठाना पड़ता है।

सोहना अनाजमंडी में बाजरे की भारी आवक के चलते हो रही जमकर खरीद : भाजपा नेता हरीश नंदा

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा किसान मोर्चा में जिलाउपाध्यक्ष, स्थानीय पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू ने बताया कि यहां पर सोहना अनाजमंडी में बाजरे की भारी आवक के चलते बाजरा खरीद कार्य में लगी एजेंसियां बाजरे की जमकर खरीद कर रही है। खुशी की बात यह है कि स्थानीय अनाजमंडी में अब तक 4 हजार 764 मीट्रिक टन बाजरे की आवक हुई है। भाजपा नेता हरीश नंदा राजू ने बताया कि हरियाणा सरकार भावांतर भरपाई योजना के तहत बाजरा उत्पादक किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के अंतर्गत बाजरे के लिए 2,900 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने का प्रावधान है। निर्धारित नियमों एवं पात्रता के अनुसार 2,900 रुपये प्रति क्विंटल के निर्धारित मूल्य तक अधिकतम 600 रुपए के अंतर की भरपाई सरकार द्वारा भावांतर के रूप में की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े। इस मौके पर भाजपा किसान मोर्चा दमदमा मंडल अध्यक्ष जगमेन्द्र खटाना, भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह, भाजपा जिला कार्यकारिणी मैंबर व भारत रक्षा मंच के प्रांतमंत्री रामकिशन राघव, शिक्षाविद डाक्टर श्याम राघव, शिक्षाविद भागीरथ राघव एडवोकेट और गांव बादशाहपुर से आए व्यापारी नेता सेठ तरूण मंगला सर्राफ भी विशेष रूप से मौजूद रहे।

घर से सोने की चेन व नकदी चोरी करने वाली घरेलू सहायिका गिरफ्तार

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): पुलिस ने एक घर में घरेलू सहायिका के रूप में काम करने वाली एक महिला को मालिक के घर से चोरी की गई एक सोने की चेन व डेढ़ लाख रुपए की नकदी के साथ गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की पहचान 35 वर्षीय गुडिया हालआबाद गांव वजीराबाद के रूप में हुई है।

सोहना में आज सुबह दस बजे से 11 फीडरों पर रहेगी बिजली बाधित : एसडीओ मुकेश गौड

सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): बिजलीनिगम में सोहना सबडिवीजन प्रभारी व एसडीओ मुकेश गौड और अपर अभियंता सुमित अग्रवाल ने बताया कि बुधवार, 4 नवम्बर को सोहना में बिजलीनिगम के 66केवीए पावरहाउस में मरम्मत कार्य के चलते शटडाउन रहने की वजह से शहर में 16 एमवीए का लोड और 11 फीडरों में लाखुवास फीडर, सिटी-3 फीडर, सिटी-4 फीडर, खेड़ला फीडर, खाईका फीडर, बेरका फीडर, दमदमा फीडर, अभयपुर फीडर, आशियाना मलबेरी फीडर, स्टर्नल बिल्डकॉन फीडर में बिजली आपूर्ति सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक बाधित रहेगी। उन्होने उपभोक्ताओं से अनुरोध किया कि वह अपने बिजली संबंधी कार्यों को पहले ही निपटा ले और पानी आदि भी जरूरत मुताबिक घरों में भरकर रखने का इंतजाम कर ले।

सोहना की पंजाबी धर्मशाला में लगाया गया एक दिवसीय नेत्र जांच शिविर : तिलकराज डूडेजा





ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर आज नेत्र जांच शिविर का आयोजन पंजाबी धर्मशाला सोहना में आयोजित किया गया। नेत्र जांच शिविर में कुल 34 मरीज ने नेत्र जांच का लाभ उठाया और 20 मरीज आंखों की कमजोरी से पीड़ित पाए गए, 2 मरीज रेटिना से परेशान पाए गए और 7 मरीज मोतियाबिंद से ग्रस्त गए। उनका मुफ्त में ऑपरेशन किया जाएगा। श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर की ओर से मुख्य सेवक लव जुनेजा, दीपक बाली, प्रोजेक्ट चेयरमैन तिलकराज डूडेजा, राजेंद्र अरोड़ा, वयोवृद्ध समाजसेवी चंद्रभान रतड़ा, मेहुल डूडेजा, कुणाल और गोपाल गेरा ने अपनी सेवाएं दी।

श्री सनातन धर्मसभा राममंदिर के संरक्षक रवि मदान, पंजाबी महासंघ के अध्यक्ष व नगरपार्षद हरीश नंदा राजू, सेठ गुलशन आहूजा, बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा, मिठाई कारोबारी मोहित खटटर, विपिन मल्होत्रा आदि ने इस बात पर खुशी जताई कि पंजाबी धर्मशाला में लगने वाले नेत्र जांच शिविर में जरूरतमंद लोग निशुल्क नेत्र जांच शिविर का लाभ उठा रहे है।

अदालत के निर्णय की अनदेखी कर अतिथि अध्यापकों का शोषण कर रही सरकार : इनेलो नेता रोहताश खटाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने भाजपा राज में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार पर पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के अतिथि अध्यापकों के अतिथि शिक्षकों को पक्का करने के दिए गए निर्णय की अनदेखी कर शोषण करने का आरोप लगाया है। उन्होने बताया कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार द्वारा हाल ही में राज्य में कार्यरत 10,757 गेस्ट टीचर्स की पक्का करने की मांग को एक बार फिर झटका लगा है। उन्होने इनेलो की तरफ से अतिथि अध्यापकों को पूरा समर्थन देने का ऐलान करते हुए कहा कि इनेलो अतिथि अध्यापकों का शोषण किसी भी कीमत पर हर्गिज नही होने देगी। साथ ही उन्होने यह भी कहा कि जब पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय टीचर्स को पक्का करने का फैसला दे चुकी है जबकि सरकार स्पीकिंग ऑर्डर जारी कर नियमित करने से इनकार कर रही है। 24 अक्टूबर को स्कूल शिक्षा विभाग ने यह लेटर जारी कर अतिथि शिक्षकों के मनोबल को तोडऩे का काम किया है। इससे पहले गेस्ट टीचर्स ने 21 अक्टूबर को सिरसा से न्याय यात्रा की शुरुआत की थी। टीचर्स का चंडीगढ़ जाकर राज्यपाल को ज्ञापन सौंपने का कार्यक्रम था। कैबिनेट मंत्री अनिल विज ने मुख्यमंत्री नायब सैनी से उनकी बात कराने का आश्वासन दिया था लेकिन अब अतिथि अध्यापक अपने को ठगा महसूस कर रहे है। इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने कहा कि जब सरकार राज्य में लैक्चरारों को पक्का कर सकती है तो अतिथि अध्यापकों को पक्का करने में क्यो हिचक रही है? इनेलो के जिलाध्यक्ष चौधरी रोहताश खटाना लोहटकी ने बताया कि वर्ष-2014 की पॉलिसी के तहत हारट्रोन के माध्यम से नियुक्त 58 कर्मचारियों को पक्का किया जा चुका है। इसके अलावा कॉलेजों में लेक्चरर और स्कूलों में एडवर्टाइजमेंट के जरिए नियुक्त शिक्षकों को भी नियमित किया गया है लेकिन कई सालों से सेवाएं दे रहे गेस्ट टीचर्स को अब तक पक्का नही किया गया है। इनेलो नेता चौधरी रोहताश खटाना ने बताया कि गेस्ट टीचर्स कोर्ट से केस जीत चुके हैं। इसके बावजूद सरकार उन्हे पक्का नही कर रही है। सरकार को स्पीकिंग ऑर्डर जारी करने के बजाय कोर्ट के फैसले को लागू करना चाहिए था।

सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज में दो दिवसीय उत्सव आज से होगा शुरू

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना विट इंजीनियरिंग कॉलेज में विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक कौशल को मंच प्रदान करने के लिए 2 दिवसीय प्रतिभा निखार उत्सव व दीवाली मेला की शुरूआत बुधवार, 4 नवम्बर से होगी और अगले दिन 5 नवम्बर को उत्सव के समापन अवसर पर रंगारंग कार्यक्रम का भी आयोजन होगा। मंगलवार को यहां पर उपरोक्त जानकारी देते हुए कॉलेज प्राचार्य डाक्टर संजय कौशिक ने बताया कि विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति महासचिव अभिमन्यु बोकन की अध्यक्षता में आयोजित होने वाले इस 2 दिवसीय उत्सव का शुभारम्भ विट इंजीनियरिंग कॉलेज प्रबंधन समिति चेयरमैन नरेन्द्र बोकन मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित करके करेंगे। इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि रूप में कॉलेज निदेशक डॉ. श्याम सुंदर कौशिक और ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट चेयरपर्सन मोनिका बोकन भी विशेष रूप से मौजूद रहेगी। उन्होने बताया कि उत्सव के माध्यम से आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों की खेल प्रतिभा, रचनात्मकता एवं सांस्कृतिक कौशल को मंच प्रदान करना है। कॉलेज प्राचार्य डाक्टर संजय कौशिक ने बताया कि उत्सव के पहले दिन 4 नवंबर को क्रिकेट, वॉलीबॉल, शॉटपुट, बैडमिंटन, 100 मीटर दौड़ सहित विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। इन प्रतियोगिताओं में विद्यार्थी उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा एवं टीम भावना का प्रदर्शन करेंगे जबकि अगले दिन बृहस्पतिवार, 5 नवंबर को दीपावली मेले का आयोजन किया जाएगा। मेले में दीपावली थीम पर आधारित विभिन्न स्टॉल, रंगोली प्रतियोगिता, नृत्य, गायन एवं अन्य सांस्कृतिक गतिविधियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। यह आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के साथ-साथ भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं से जुड़ने का अवसर प्रदान करेगा। उन्होने बताया कि कार्यक्रम के सफल आयोजन की जिम्मेदारी प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर पवन एवं ज्योति को सौंपी गई है।

संस्थान प्रबंधन एवं आयोजन समिति द्वारा कार्यक्रम को सफल, आकर्षक एवं यादगार बनाने के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इस दो दिवसीय उत्सव से विद्यार्थियों में आपसी सहयोग, नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा मिलेगा।

समाज हित में लिए गए निर्णय स्वागत योग्य : भाजपा नेता राकेश जैन

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने मंगलवार को यहां पर समाज के लोगों के बीच बोलते हुए पलवल में हुई अग्रवाल समाज की पंचायत में समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होने बताया कि अग्रवाल पंचायत में लिए गए मुख्य निर्णयों में मृत्यु उपरांत मृत्युभोज पूरी तरह बंद रहेगा। केवल परिवार व रिस्तेदारों के लिए ही भोजन व्यवस्था रहेगी। शोक सभा (पगड़ी रस्म) में समाज के कितनी भी संख्या में लोग शामिल हो सकते हैं। शोकसभा में शामिल हुए लोगों के लिए अल्पाहार (एक स्नैक्स व चाय) की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होने बताया कि पंचायती निर्णय के मुताबिक मृत्यु उपरांत चददर चढाने पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। केवल एक या दो चददर परिवार इत्यादि की ही चढ़ाई जायेगी। चददर की जगह गोला,सामग्री या कपूर इत्यादि ले जा सकते है और विवाह-शादी में प्री वेडिंग सूट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। डीजे कम आवाज वाले ही चलेंगे। खाने में 21-31 आइटम ही रहेंगे। दिखावे पर कोई खर्चा नही होगा। नवदम्पति को आप अपनी सामथ्र्य अनुसार कुछ भी दे सकते है, जैसे लडकी के नाम पर एफडी या खाते में रूपये, गोल्ड, जमीन या दामाद के बिजनेस में मदद। हरियाणा भाजपा के वरिष्ठ नेता तथा श्री शांति सागर कन्या महाविद्यालय प्रबंधन समिति चेयरमैन राकेश जैन झिरकिया ने बताया कि पंचायत में लगे निर्णय के मुताबिक भात व सगाई में ज्यादा दिखावा ना कर शादी सिम्पल तरीके से की जाए। फेरे दिन में ही किये जाए। निमंत्रण कार्ड व्हाटसएप पर ही दिए जायेंगे। साथ ही फोन करके निमंत्रण दिया जाएगा। बहन-बहनोई व बुआ-फूफा को घर जाकर निमंत्रण दे सकते हैं। शराब की स्टाल पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। मिलनी घर और रिस्तेदारों की (सीमित मात्रा में) बाकी बंद की गई है।

उन्होने बताया कि इनके अतिरिक्त कई और कुरीतियों पर विचार-विमर्श हुआ लिस्ट लम्बी है। जैसे मिठाई का डिब्बा (दोनों पक्षों की तरफ से) व लडके वालों की तरफ से दिया जाने वाला लिफाफा। उन्होने सभी अग्र बन्धुओं से आग्रह किया है कि समाज हित को सर्वोपरि रखते हुए इन सामाजिक कुरीतियों को दिल से त्यागे ताकि हम आने वाली जरनेशन को एक सभ्य व उज्ज्वल भविष्य दे सके।

सोहना में दीवाली कार्यकर्ता मित्र मिलन समारोह का हुआ आयोजन : अशोक जौनापुरिया

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर वार्ड-दो के तहत राजोरिया कॉलोनी स्थित लोकसभा के पूर्व सदस्य चौधरी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के आवास पर मंगलवार को दीवाली कार्यकर्ता मित्र मिलन समारोह का आयोजन हुआ। इस आयोजन से जुड़े पूर्व नगरपार्षद रोहताश जैन, युवा भाजपा नेता दीपक गर्ग होंडा, लोहा कारोबारी लाला श्याम मंगला, कपड़ा कारोबारी व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े उमेश जैन, लवली बंसल, स्थानीय श्री सनातन धर्मसभा से जुड़े बिजली कारोबारी सन्नी पाहूजा व विपिन मल्होत्रा ने बताया कि दीवाली कार्यकर्ता मित्र मिलन समारोह में युवा भाजपा के वरिष्ठ नेता और सोहना हलका से विधायक तथा टोंक संसदीय क्षेत्र से लोकसभा सांसद रहे चौधरी सुखबीर सिंह जौनापुरिया के पुत्र अशोक जौनापुरिया मुख्य वक्ता रूप में मौजूद रहे। दीवाली कार्यकर्ता मित्र मिलन समारोह में समूचे क्षेत्र से सर्व समाज के पंच-पटेलों, सरदारों, युवा और मातृशक्ति व जेन जी उल्फा ने साथियों समेत शामिल होकर मिठाई खाते-खिलाते हुए खुशियों को एक-दूसरे से सांझा किया। उन्होने बताया कि इस दीवाली कार्यकर्ता मित्र मिलन समारोह में मौजूद बुजुर्गों और सर्व समाज के पंच-पटेलों, सरदारों, जनप्रतिनिधियों व मातृशक्ति का आशीर्वाद लेते हुए युवा भाजपा नेता अशोक जौनापुरिया ने क्षेत्र में अधिक से अधिक युवाओं को पार्टी संगठन से जोड़े जाने और पार्टी को जमीनी स्तर पर और ज्यादा मजबूत बनाने का संकल्प लिया है। उत्साही कार्यकर्ताओं ने अशोक जौनापुरिया को जन्मदिन की बधाई दी और भरोसा दिया कि वह पूरी तरह तन-मन-धन से उनके साथ है तो युवा भाजपा नेता अशोक जौनापुरिया ने भी क्षेत्र की सरदारी और जेन जी उल्फा को भरोसा दिया कि वह सदैव उनके सुख-दुख में शामिल रहेंगे। क्षेत्र के हकों पर किसी को डाका नही डालने देंगे। इस मौके पर जिलापरिषद की पूर्व सदस्या उषा खटाना के प्रतिनिधि और बाबा खाटूश्याम के परम भक्त विजय खटाना दमदमिया, सेठ तरूण मंगला के साथ-साथ रंगमंच संस्था श्री शानदार रामलीला क्लब, श्री सनातन धर्म रामलीला कमेटी, श्री सनातन धर्मसभा, श्री योग मित्र मंडल से जुड़े कार्यकर्ताओं के साथ-साथ विभिन्न गांवों से आए अनेकों पूर्व व मौजूदा पंच-सरपंच, नंबरदार, मातृ और युवा शक्ति भी विशेष रूप से मौजूद रही।

महिला सशक्तिकरण के लिए हरियाणा सरकार की बड़ी पहल : भाजपा नेत्री भारती हरसाना

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। भाजपा नेत्री व नगरनिगम पार्षद भारती मनीष हरसाना ने बताया कि हरियाणा में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित एवं सम्मानित करने के उद्देश्य से महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए राज्य स्तरीय पुरस्कारों हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक एवं पात्र आवेदक अब 16 नवंबर, 2026 तक वेबसाइट के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। उन्होने बताया कि विभिन्न श्रेणियों में दिए जाने वाले प्रमुख पुरस्कारों में 5 लाख रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल के साथ श्रीमती सुषमा स्वराज पुरस्कार, 1.50 लाख रुपये की नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ इंदिरा गांधी महिला शक्ति पुरस्कार, एक लाख रुपये की नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ कल्पना चावला शौर्य पुरस्कार तथा एक लाख रुपये की नकद राशि एवं प्रशस्ति पत्र के साथ बहन शन्नो देवी पंचायती राज पुरस्कार शामिल हैं। इसके अतिरिक्त सरकारी कर्मचारी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं महिला उद्यमी श्रेणियों में चयनित विजेताओं को 21 हजार रुपये की नकद राशि, प्रशस्ति पत्र एवं शॉल प्रदान किए जाएंगे। उन्होने बताया कि जिला स्तर पर प्राप्त सभी आवेदनों की जांच जिला स्तरीय अनुशंसा समिति द्वारा की जाएगी। समिति द्वारा अनुशंसित पात्र मामलों का आवश्यक सत्यापन एवं पुलिस वेरिफिकेशन करवाने के उपरांत निर्धारित समय-सीमा के भीतर मुख्यालय भेजा जाएगा। उन्होंने आमजन से आग्रह किया कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली पात्र महिलाओं एवं संबंधित श्रेणियों के योग्य व्यक्तियों तक इस योजना की जानकारी पहुंचाएं तथा उन्हें 16 नवंबर तक आवेदन करने के लिए प्रेरित करें।

अग्रवाल समाज ने पंचायत जोड़कर लिए अहम निर्णय : अनिल गोयल मोंटू

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। यहां पर स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने मंगलवार को यहां पर समाज के लोगों के बीच बोलते हुए पलवल में हुई अग्रवाल समाज की पंचायत में समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होने बताया कि अग्रवाल पंचायत में लिए गए मुख्य निर्णयों में मृत्यु उपरांत मृत्युभोज पूरी तरह बंद रहेगा। केवल परिवार व रिस्तेदारों के लिए ही भोजन व्यवस्था रहेगी। शोक सभा (पगड़ी रस्म) में समाज के कितनी भी संख्या में लोग शामिल हो सकते हैं। शोकसभा में शामिल हुए लोगों के लिए अल्पाहार (एक स्नैक्स व चाय) की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होने बताया कि पंचायती निर्णय के मुताबिक मृत्यु उपरांत चददर चढाने पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। केवल एक या दो चददर परिवार इत्यादि की ही चढ़ाई जायेगी। चददर की जगह गोला,सामग्री या कपूर इत्यादि ले जा सकते है और विवाह-शादी में प्री वेडिंग सूट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। डीजे कम आवाज वाले ही चलेंगे। खाने में 21-31 आइटम ही रहेंगे। दिखावे पर कोई खर्चा नही होगा। नवदम्पति को आप अपनी सामथ्र्य अनुसार कुछ भी दे सकते है, जैसे लडकी के नाम पर एफडी या खाते में रूपये, गोल्ड, जमीन या दामाद के बिजनेस में मदद। स्थानीय श्री अग्रवालसभा के पूर्व महासचिव और अग्रवाल वैश्य समाज के जिलाउपाध्यक्ष अनिल गोयल मोंटू ने बताया कि पंचायत में लगे निर्णय के मुताबिक भात व सगाई में ज्यादा दिखावा ना कर शादी सिम्पल तरीके से की जाए। फेरे दिन में ही किये जाए।

युवा वर्ग दिखाए जागरूकता-पंचायत के निर्णयों को चढ़ाए सिरे : गौरव सिंगला

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता



सोहना। यहां पर बर्तन विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े युवा समाजसेवी और लायंसक्लब सोहना सिटी में मैंबरशिप चेयरपर्सन गौरव सिंगला ने मंगलवार को यहां पर समाज के लोगों के बीच बोलते हुए पलवल में हुई अग्रवाल समाज की पंचायत में समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होने बताया कि अग्रवाल पंचायत में लिए गए मुख्य निर्णयों में मृत्यु उपरांत मृत्युभोज पूरी तरह बंद रहेगा। केवल परिवार व रिस्तेदारों के लिए ही भोजन व्यवस्था रहेगी। शोक सभा (पगड़ी रस्म) में समाज के कितनी भी संख्या में लोग शामिल हो सकते हैं। शोकसभा में शामिल हुए लोगों के लिए अल्पाहार (एक स्नैक्स व चाय) की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होने बताया कि पंचायती निर्णय के मुताबिक मृत्यु उपरांत चददर चढाने पर भी पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। केवल एक या दो चददर परिवार इत्यादि की ही चढ़ाई जायेगी। चददर की जगह गोला,सामग्री या कपूर इत्यादि ले जा सकते है और विवाह-शादी में प्री वेडिंग सूट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। डीजे कम आवाज वाले ही चलेंगे। खाने में 21-31 आइटम ही रहेंगे। दिखावे पर कोई खर्चा नही होगा। नवदम्पति को आप अपनी सामथ्र्य अनुसार कुछ भी दे सकते है, जैसे लडकी के नाम पर एफडी या खाते में रूपये, गोल्ड, जमीन या दामाद के बिजनेस में मदद। यहां पर बर्तन विक्रेता व्यापारी एसोसिएशन से जुड़े युवा समाजसेवी और लायंसक्लब सोहना सिटी में मैंबरशिप चेयरपर्सन गौरव सिंगला ने बताया कि पंचायत में लगे निर्णय के मुताबिक भात व सगाई में ज्यादा दिखावा ना कर शादी सिम्पल तरीके से की जाए। फेरे दिन में ही किये जाए। निमंत्रण कार्ड व्हाटसएप पर ही दिए जायेंगे। साथ ही फोन करके निमंत्रण दिया जाएगा। बहन-बहनोई व बुआ-फूफा को घर जाकर निमंत्रण दे सकते हैं। शराब की स्टाल पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। मिलनी घर और रिस्तेदारों की (सीमित मात्रा में) बाकी बंद की गई है। उन्होने बताया कि इनके अतिरिक्त कई और कुरीतियों पर विचार-विमर्श हुआ लिस्ट लम्बी है।

जैसे मिठाई का डिब्बा (दोनों पक्षों की तरफ से) व लडके वालों की तरफ से दिया जाने वाला लिफाफा। उन्होने सभी अग्र बन्धुओं से आग्रह किया है कि समाज हित को सर्वोपरि रखते हुए इन सामाजिक कुरीतियों को दिल से त्यागे ताकि हम आने वाली जरनेशन को एक सभ्य व उज्ज्वल भविष्य दे सके।

प्रदूषण नियंत्रण के लिए निर्माण और तोडफ़ोड़ पर लगाई बीस तक रोक : एसडीओ राजपाल सिंह



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर स्थानीय नगरपरिषद में कार्यरत एसडीओ राजपाल सिंह खटाना ने बताया कि ग्रेप का दूसरा चरण लागू होने के बावजूद तेजी से बढ़ रहे प्रदूषण के दृष्टिगत वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने प्रदूषण पर नियंत्रण पाने के लिए 20 नवम्बर तक किसी भी तरह के निर्माण और तोडफ़ोड़ के साथ-साथ धूल उत्सर्जन करने वाली गतिविधियों पर रोक लगाते हुए जरूरी दिशा-निर्देश जारी किए है तो वही सरकारी और निजी कम्पनियों में वर्क फ्रोम होम व्यवस्था भी बनाने के निर्देश दिए है। उन्होने बताया कि 20 नवम्बर तक धूल पैदा करने वाली सभी गतिविधियां पूर्णतया बंद रहेगी। लगाई गई पाबंदी के चलते हाईवे, सडक़ें, फ्लाईओवर, ओवर ब्रिज, बिजली, ट्रांसमिशन लाइन, दूरसंचार संबंधी कार्य भी इन पाबंदियों में शामिल रहेंगे जबकि रेलवे, मेट्रो सेवाओं, एयरपोर्ट, अंतराज्जीय बस टर्मिनल, अस्पतालों, जलापूर्ति और स्वच्छता, राष्ट्रीय सुरक्षा व रक्षा से संबंधित गतिविधियों, परियोजनाओं को इन पाबंदियों से छूट दी गई है। स्थानीय नगरपरिषद में कार्यरत एसडीओ राजपाल सिंह खटाना ने बताया कि नगरपरिषद क्षेत्र में विकास कार्य करने के लिए टेंडर लेने वाली एजेंसियों को तुरन्त प्रभाव से चल रहे कार्य बंद करने के निर्देश दिए गए है।

पटाखों से बचाए पैसों को गरीबों पर खर्च किया जाए : विधायक तेजपाल तंवर




सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): सोहना हलका से भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने मंगलवार को यहां पर दीवाली उत्सव एवं जागरूकता सम्मेलन में बोलते हुए उपस्थित लोगों को दीवाली, गौवर्धन, भैयादौज, गंगास्नान की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीवाली दीपों का त्यौहार है। मनुष्य को अपने अंदर की बुराईयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। तभी दीवाली की सार्थकता है। उन्होने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापिस लौटे थे। उसी दिन भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष प्राप्त हुआ था। भाजपा विधायक चौधरी तेजपाल सिंह तंवर ने कहा कि प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत और विकसित भारत के सपने को साकार बनाने में युवा शक्ति की महत्वपूर्ण भूमिका देश को नई दिशा देने का काम कर रही है। इस मौके पर मौजूद लोगों ने प्रण लिया कि इस बार वह सपरिवार फूलों और मिठाई से ही दीवाली मनाएंगे और लोगों को इस बात के लिए जागरूक बनाएगे कि वह पटाखे और प्रदूषण मुक्त दीपावली धूमधाम से मनाए।

जागरूक बनकर बदल रहे मौसम से करे बचाव : डाक्टर एसपी राठौड़


सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में बालूदा रोड़ पर स्थित एसआर होम्योपैथिक चिकित्सालय के संचालक डाक्टर एसपी राठौड़ और मनोरोग विशेषज्ञ डाक्टर परमबीर राठौड़ का कहना है कि बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव को लेकर आमजन को जागरूक रहना होगा और शरीर में किसी भी तरह की समस्या होने पर जांच अवश्य करवाए। उन्होने बताया कि दमा, सांस, हाथ पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, किडनी संबंधित समस्या, निमोनिया, थायराइड, वजन कम होना, लीवर संबंधित बीमारी, एलर्जी, पेट से जुड़ी बीमारियों, जोड़ों में दर्द आदि कोई भी लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सा केंद्र में करवाए। उन्होंने कहा कि मौसम धीरे धीरे बदलता जा रहा है। नागरिक इस मौसम में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पूरी सावधानियां बरते। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक पौष्टिक भोजन करे और सुबह-शाम नियमित योगा एवं ध्यान करे। एसआर होम्योपैथिक चिकित्सालय के संचालक डाक्टर एसपी राठौड़ और मनोरोग विशेषज्ञ डाक्टर परमबीर राठौड़ ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले परामर्श की भी अनुपालना करनी होगी।

सोहना अनाजमंडी में बाजरे की भारी आवक के चलते हो रही जमकर खरीद : सुरज्ञान सिंह




सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): भाजपा किसान मोर्चा में भौंड़सी मंडल अध्यक्ष सरपंच सुरज्ञान सिंह ने बताया कि यहां पर सोहना अनाजमंडी में बाजरे की भारी आवक के चलते बाजरा खरीद कार्य में लगी एजेंसियां बाजरे की जमकर खरीद कर रही है। खुशी की बात यह है कि स्थानीय अनाजमंडी में अब तक 4 हजार 764 मीट्रिक टन बाजरे की आवक हुई है। भाजपा नेता सरपंच सुरज्ञान सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार भावांतर भरपाई योजना के तहत बाजरा उत्पादक किसानों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है। योजना के अंतर्गत बाजरे के लिए 2,900 रुपये प्रति क्विंटल का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) सुनिश्चित करने का प्रावधान है। निर्धारित नियमों एवं पात्रता के अनुसार 2,900 रुपये प्रति क्विंटल के निर्धारित मूल्य तक अधिकतम 600 रुपए के अंतर की भरपाई सरकार द्वारा भावांतर के रूप में की जाएगी। उन्होंने कहा कि मंडियों में खरीद प्रक्रिया को सुचारू बनाए रखने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं की गई है ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

बदलते मौसम में स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहे नागरिक : डाक्टर राशिद खान



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर शहर में गांव सांपकीनंगली मोड के समीप स्थित लाइफकेयर स्वास्थ्य केन्द्र निर्देशक डाक्टर राशिद खान का कहना है कि बदलते मौसम में बीमारियों से बचाव को लेकर आमजन को जागरूक रहना होगा और शरीर में किसी भी तरह की समस्या होने पर जांच अवश्य करवाए। उन्होने बताया कि दमा, सांस, हाथ पैरों में सूजन, सांस लेने में तकलीफ, किडनी संबंधित समस्या, निमोनिया, थायराइड, वजन कम होना, लीवर संबंधित बीमारी, एलर्जी, पेट से जुड़ी बीमारियों, जोड़ों में दर्द आदि कोई भी लक्षण प्रतीत होने पर तुरंत अपने नजदीकी चिकित्सा केंद्र में करवाए। उन्होंने कहा कि मौसम धीरे धीरे बदलता जा रहा है। नागरिक इस मौसम में शरीर को स्वस्थ रखने के लिए पूरी सावधानियां बरते। उन्होंने कहा कि सभी नागरिक पौष्टिक भोजन करे और सुबह-शाम नियमित योगा एवं ध्यान करे। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को स्वास्थ्य विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किए जाने वाले परामर्श की भी अनुपालना करनी होगी।

गरीबों के साथ मिलकर मनाए दीपों का त्यौहार दीवाली : अनिल भारद्वाज कोकी



सोहना,(वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता): यहां पर ब्राहमण सभा के प्रधान रहे अनिल भारद्वाज कोकी ने लोगों को दीवाली, गौवर्धन, भैयादौज, गंगास्नान की अग्रिम बधाई देते हुए कहा कि दीवाली दीपों का त्यौहार है। मनुष्य को अपने अंदर की बुराईयों को नष्ट कर ज्ञान के दीपक का प्रकाश फैलाना चाहिए। तभी दीवाली की सार्थकता है। उन्होने बताया कि हिंदू धर्म के अनुसार भगवान राम 14 वर्ष का वनवास काटकर अयोध्या वापिस लौटे थे। उसी दिन भगवान महावीर स्वामी को मोक्ष प्राप्त हुआ था।

ग्रेप का दूसरा चरण लागू होने के बावजूद अधिकारी बरत रहे लापरवाही

सोहना में प्रदूषण बोर्ड और एनजीटी के निर्देशों को दरकिनार कर जगह-जगह जलाया जा रहा कूड़ा-कचरा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। एनसीआर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा प्रदूषण जहां लोगों की सांस फूला रहा है, वही प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए ग्रेप का दूसरा चरण लागू होने के बावजूद शिवनगरी सोहना शहर में जगह-जगह कूड़े के ढेर में आग लगाकर प्रदूषण को बढ़ावा देने का काम हो रहा है और कमाल की बात यह है कि ना तो इस तरफ मार्किटकमेटी तथा नगरपरिषद प्रशासन ध्यान दे रहा है और ना ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड। ऐसे में जागरूक लोगों का कहना है कि एक तरफ मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी सरकार प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए जीतोड़ मेहनत कर रही है, कूड़ा-कचरा और पराली जलाने से रोकने के लिए अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गए है लेकिन सोहना में अधिकारी बेपरवाह और लापरवाह नजर आ रहे है तथा प्रदूषण पर रोक लगाने के लिए ठोस जरूरी कदम उठाने की बजाय लोगों को जागरूक बनाने की जहमत तक नही उठा रहे है जबकि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रक नियामक प्राधिकरण, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड भी प्रदूषण पर काबू पाने के लिए हर संभव कोशिश वाले दावे कर रहा है। बावजूद इसके यहां पर जगह-जगह नगरपरिषद शहरी क्षेत्र में कूड़े के ढेरों में आग लगाकर प्रदूषण को बढ़ावा देने का काम हो रहा है। सुबह के वक्त देखने में आ रहा है कि यहां पर नगरपरिषद और मार्किटकमेटी क्षेत्र में जगह-जगह ना केवल कूड़े के ढेर लगे है बल्कि इन कूड़े के ढेरों का उठाव ना होने तथा लगे कूड़े के ढेरों को बढ़ते देख निगाह बचते ही कूड़ा-कचरा को जलाकर ना केवल



वातावरण को प्रदूषित कर प्रदूषण को बढ़ावा दिया जा रहा है बल्कि केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रक नियामक प्राधिकरण, नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और हरियाणा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के दिए गए तमाम आदेशों को भी धता बताकर ठेंगा दिखाया जा रहा है। मार्किटकमेटी एरिया और शहर के विभिन्न वार्डो में रहने वाले लोगों ने बताया कि यहां पर कूड़े के ढेर लगे होने के बाद भी कई-कई दिनों तक कूड़ा नही उठाया जाता है और फिर एक दिन निगाह बचाकर चुपके से कूड़े के ढेर में आग लगा दी जाती है। इतना ही नही नगरपरिषद की तरफ से बनाए गए डंपिंग स्टेशन पर भी बार-बार कूड़े के ढेरों में आग लगना लोगों को हजम नही हो रहा है। लोगों का कहना है कि इस बात की गहराई से जांच होनी चाहिए कि कूड़े के ढेरों में कौन आग लगा रहा है? कौन प्रदूषण को बढ़ावा दे रहा है और वह कौन अधिकारी-कर्मचारी है, जो आम जनमानस के बीच भाजपा सरकार की छवि धूमिल करने से बाज नही आ रहे है क्योकि कूड़े के ढेर में आग लगने और धुआ ही धुआ होने पर प्रदूषण को बढ़ावा मिल रहा है। व्यापारी और बाजार में सामान खरीदने आए ग्राहकों के साथ-साथ यहां पर आवाजाही करने वाले लोग कूड़ा दिन के उजाले में जलने पर परेशान हो रहे है।

ऐसे में बीमार रोगियों, बुजुर्गों और छोटे बच्चों की जान पर बन आती है। ताज्जुब की बात यह है कि संबंधित विभाग नगरपरिषद तथा मार्किटकमेटी के स्थानीय अधिकारी इस बारे में चुप्पी साधे हुए है। कोई भी अधिकारी कुछ बोलने को तैयार नही है लेकिन देखने में आ रहा है कि नगरपरिषद तथा मार्किटकमेटी क्षेत्र के साथ-साथ शहर में जगह-जगह कभी भोर सवेरे तो कभी रात के वक्त किसी ना किसी स्थान पर कूड़े-कचरे के ढेरों में आग लगाकर कूड़े-कचरे को जलाने का काम बेरोकटोक जारी है। कूड़ा-कचरा जलने पर उससे उठने वाला धुआं रिहायशी क्षेत्रों में फैल जाता है। जिससे लोग परेशान हो जाते है। शहर में जगह-जगह कूड़ा-कचरा जलाया जा रहा है लेकिन नगरपरिषद तथा मार्किटकमेटी प्रशासन तथा प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के किसी भी अधिकारी का कोई ध्यान इस तरफ नही जा रहा है। एनसीआर क्षेत्र में प्रदूषण तेजी से बढ़ रहा है। राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हर विभाग के अधिकारियों को कूड़ा-कचरा और पराली जलाने से रोकने के लिए विशेष निर्देश दिए है।

सोहना-गुरूग्राम हाईवे पर फिर धंसी सातवीं बार सडक़-एक लेन में 100 मीटर एरिया किया बंद

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना-गुरूग्राम हाईवे पर एक बार फिर आज सडक़ धंस गई। सडक़ धंसने पर 4 फीट गहरा गढढा बन गया है। अहम बात यह है कि यह हाईवे बनने के बाद 7वीं बार धंसा है और मात्र ढाई-तीन वर्षों में 7वीं बार इसी स्थान पर सडक़ धंसने से इसके निर्माण पर सवालिया निशान खड़े हो रहे है। फिलहाल भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सडक़ धंसने की जानकारी मिलते ही एहतियात बरतते हुए धंसी सडक़ के चारों तरफ बेरिकेट कर एक लेन में करीब 100 मीटर का एरिया बंद कर दिया है। साथ ही सडक़ के धंसने की जानकारी जीएमडीए के अधिकारियों को दी गई है। गनीमत यह रही कि जिस वक्त यह हादसा हुआ, उस वक्त इस हाईवे पर वाहनों की आवाजाही ना के बराबर होने से एक बड़ा हादसा होते-होते टल गया। अहम बात यह है कि इस सडक़ के नीचे से मास्टर सीवर लाइन निकल रही है। आज एनएचएआई को जानकारी मिली कि गुरूग्राम-सोहना हाईवे पर सोहना रोड़ पर रहेजा मॉल के सामने करीब 4 मीटर चौड़ा गहरा गढढा हो गया है। सडक़ धंसने की जानकारी पाकर निर्माता कंपनी के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और करीब 100 मीटर हिस्से में बेरिकेट कर एक लेन को यातायात के लिए बंद कर दिया। इससे पहले पिछले वर्ष जुलाई महीने में इसी स्थान पर धंसी सडक़ में एक स्कूली बस फंस गई थी, जिससे काफी दिक्कतें हुई। सीआईपीपी पद्धति से इस सीवर लाइन के मरम्मत को लेकर जीएमडीए ने टेंडर आमंत्रित किए। करीब 20 करोड़ के टेंडर के लिए सिर्फ 2 कंपनियों ने आवेदन किया और दोनों कंपनियों ने करीब 50 प्रतिशत से अधिक में यह काम करने के लिए आवेदन किया गत दो जून को उच्चस्तरीय खरीद बैठक में नेगोशियन के दौरान इन कंपनियों ने रेट कम करने से मना कर दिया। इसके बाद मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दोबारा टेंडर आवंटित करने के आदेश जारी किए। अब 7वीं बार धंसे इस हाईवे वाले इस सडक़ मार्ग पर करीब 4 फीट गहरा गढढा हो गया है। फिलहाल एहतियात के तौर पर गढढे के चारों तरफ अवरोधक लगाए गए है ताकि कोई भी वाहन इस गढढे के आसपास ना आए।

जैसे ही सोहना-गुरूग्राम हाईवे पर सीवर के मेनहोल की दीवार टूटने से सडक़ धंसने की जानकारी जीएमडीए को मिली, तुरंत मेन पावर को साथ लेकर जीएमडीए के अधिकारी घटनास्थल पर पहुंच गए और एहतियात के तौर पर गढढे के चारों तरफ अवरोधक लगवाने के बाद सीवर के मेनहोल को खुलवाया। जीएमडीए के मुख्य अभियंता का कहना है कि इस सीवर के मेनहोल को दुरस्त करने का काम युद्धस्तर पर शुरू होगा लेकिन उससे पहले इस सीवर लाइन के पानी को दूसरी लाइन में छोड़ा जाएगा।

समाज कुरीतियों पर रोक लगाने में करे पूरी तरह सहयोग : भाजपा नेता पंकज सिंगला

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व सोहना नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने मंगलवार को यहां पर समाज के लोगों के बीच बोलते हुए पलवल में हुई अग्रवाल समाज की पंचायत में समाज में फैली कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सर्वसम्मति से लिए गए निर्णयों का स्वागत किया है। उन्होने बताया कि अग्रवाल पंचायत में लिए गए मुख्य निर्णयों में मृत्यु उपरांत मृत्युभोज पूरी तरह बंद रहेगा। केवल परिवार व रिस्तेदारों के लिए ही भोजन व्यवस्था रहेगी। शोक सभा (पगड़ी रस्म) में समाज के कितनी भी संख्या में लोग शामिल हो सकते हैं। शोकसभा में शामिल हुए लोगों के लिए अल्पाहार (एक स्नैक्स व चाय) की व्यवस्था की जा सकती है। उन्होने बताया कि पंचायती निर्णय के मुताबिक मृत्यु उपरांत चददर चढाने पर भी पूरी



तरह प्रतिबंध रहेगा। केवल एक या दो चददर परिवार इत्यादि की ही चढ़ाई जायेगी। चददर की जगह गोला,सामग्री या कपूर इत्यादि ले जा सकते है और विवाह-शादी में प्री वेडिंग सूट पर पूरी तरह प्रतिबंध रहेगा। डीजे कम आवाज वाले ही चलेंगे। खाने में 21-31 आइटम ही रहेंगे। दिखावे पर कोई खर्चा नही होगा। नवदम्पति को आप अपनी सामथ्र्य अनुसार कुछ भी दे सकते है, जैसे लडकी के नाम पर एफडी या खाते में रूपये, गोल्ड, जमीन या दामाद के बिजनेस में मदद। भाजपा के वरिष्ठ क्षेत्रीय नेता व सोहना नगरपरिषद के पूर्व उपाध्यक्ष पंकज सिंगला ने बताया कि पंचायत में लगे निर्णय के मुताबिक भात व सगाई में ज्यादा दिखावा ना कर शादी सिम्पल तरीके से की जाए। फेरे दिन में ही किये जाए। निमंत्रण कार्ड व्हाटसएप पर ही दिए जायेंगे। साथ ही फोन करके निमंत्रण दिया जाएगा। बहन-बहनोई व बुआ-फूफा को घर जाकर निमंत्रण दे सकते हैं। शराब की स्टाल पर पूर्ण प्रतिबंध होगा। मिलनी घर और रिस्तेदारों की (सीमित मात्रा में) बाकी बंद की गई है। उन्होने बताया कि इनके अतिरिक्त कई और कुरीतियों पर विचार-विमर्श हुआ लिस्ट लम्बी है। जैसे मिठाई का डिब्बा (दोनों पक्षों की तरफ से) व लडके वालों की तरफ से दिया जाने वाला लिफाफा। उन्होने सभी अग्र बन्धुओं से आग्रह किया है कि समाज हित को सर्वोपरि रखते हुए इन सामाजिक कुरीतियों को दिल से त्यागे ताकि हम आने वाली जरनेशन को एक सभ्य व उज्ज्वल भविष्य दे सके।

सोहना को जाम से मिलेगी बड़ी राहत-136.41 करोड़ से बनेंगे दो फ्लाईओवर और एक अंडरपास : भाजपा नेता दिनेश शर्मा

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि शिवनगरी सोहना और साइबर सिटी गुरुग्राम में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में तीन बड़ी सडक़ अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। जीएमडीए की ओर से दादी सती चौक और अंबेडकर चौक पर फ्लाईओवर तथा मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के समीप अंडरपास का निर्माण करवाया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में आयोजित हाई पावर वर्कस परचेज कमेटी (एचपीडब्लूपीसी) की बैठक में कुल 136.41 करोड़ रुपये की इन तीनों परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं पर दादी सती चौक फ्लाईओवर के लिए 43.05 करोड़ रुपये, अंबेडकर चौक फ्लाईओवर के लिए 36.36 करोड़ रुपये तथा मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के समीप अंडरपास के निर्माण पर 57



करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि तीनों स्थानों पर ग्रेड सेपरेशन की सुविधा विकसित होने से वाहन चालकों को चौराहों पर रुकने की आवश्यकता कम होगी और यातायात का आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। सेक्टर 85-86 और 89-90 के बीच स्थित दादी सती चौक पर लगभग 840 मीटर लंबा छह लेन का फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इससे न्यू गुरुग्राम के तेजी से विकसित हो रहे आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों से गुजरने वाले यातायात को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। फ्लाईओवर के नीचे 7.5 मीटर चौड़ा यू-टर्न, दोनों ओर सर्विस रोड, 2 मीटर चौड़े पैदल पथ, ट्रैफिक सिग्नल, रोड मार्किंग और बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। सेक्टर 45-46 और 51-52 के जंक्शन पर विकास मार्ग के ऊपर लगभग 930 मीटर लंबा चार लेन का फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इससे पार्क अस्पताल और अरिहंत अस्पताल की ओर आने-जाने वाले लोगों को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। परियोजना के तहत सर्विस रोड, स्लिप रोड, फ्लाईओवर के नीचे दो यू-टर्न तथा दोनों ओर कवर ड्रेन-कम-फुटपाथ बनाए जाएंगे। साथ ही यातायात संकेतकों, सडक़ सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे। सेक्टर 27-29 और 43-44 के व्यस्त जंक्शन पर यातायात का दबाव कम करने के लिए मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के पास अंडरपास बनाया जाएगा। इसकी कुल एप्रोच लंबाई लगभग 1,350 मीटर होगी, जिसमें इफको चौक की ओर 625 मीटर और अर्दी सिटी की ओर 725 मीटर का हिस्सा शामिल रहेगा। हरियाणा वेयरहाउस कार्पोरेशन चेयरमैन रहे व भाजपा के वरिष्ठ नेता पंडित दिनेश शर्मा ने बताया कि इसके अलावा इफको चौक और अर्दी सिटी की ओर अतिरिक्त यू-टर्न, 9.5 मीटर चौड़ी सर्विस रोड तथा दोनों ओर 2.5 मीटर चौड़े फुटपाथ बनाए जाएंगे। पैदल यात्रियों की सुविधा के लिए लगभग 300 मीटर लंबा कवर फुट ओवरब्रिज भी बनाया जाएगा, जिसमें चार लिफ्ट और एस्केलेटर की सुविधा होगी। परियोजना में ऑन-ग्रिड सोलर पैनल और दो रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी शामिल किए गए हैं। प्रत्येक रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की क्षमता 2 लाख लीटर होगी। तीनों परियोजनाओं के निर्माण के लिए टेण्डर अलॉट होने के बाद 18-18 महीने की समयावधि निर्धारित की गई है।

इन तीनों परियोजनाओं के पूरा होने से शहर के प्रमुख यातायात जंक्शनों पर जाम की समस्या कम होगी, आवागमन में लगने वाला समय बचेगा और वाहन चालकों के साथ-साथ पैदल यात्रियों को भी अधिक सुरक्षित एवं सुविधाजनक यातायात व्यवस्था उपलब्ध होगी। जीएमडीए द्वारा ये परियोजनाएं गुरुग्राम की लगातार बढ़ती आबादी और यातायात आवश्यकताओं के अनुरूप सडक़ एवं परिवहन ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं।

44 मेडिकलस्टोरों के लाइसेंस निलम्बित होते ही मेडिकलस्टोर संचालकों में मचा हडक़म्प

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। मेडिकलस्टोरों पर बिकने वाली दवाओं के स्टॉक और खरीद-बिक्री संबंधी रिकार्ड में मिली भारी अनियमितताओं के चलते मेडिकलस्टोर संचालकों को जारी किए गए कारण बताओ नोटिसों का जवाब भी संतोषजनक ना मिलने पर संबंधित विभाग ने 44 मेडिकलस्टोर संचालकों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित किए है तो 2 मेडिकलस्टोर संचालकों के लाइसेंस ही निरस्त कर दिए गए है। विभाग की कड़ी कार्रवाई को देख क्षेत्र में मेडिकलस्टोर चलाने वाले मेडिकलस्टोर संचालकों में जबरदस्त हडक़म्प मच गया है लेकिन कोई भी मेडिकलस्टोर संचालक इस मामले में कुछ बोलने से बच रहा है। अहम बात यह है कि खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग की तरफ से चलाए गए विशेष अभियान में सोहना, भौंड़सी, कादीपुर, बादशाहपुर, सिग्नेचर ग्लोबल, गांव बासहरिया, गांव अलीयर, गांव गढ़ी, नाहरपुर, न्यू कॉलोनी, झाड़सा रोड़, राजीवनगर, सोहना हलका के गांव तावडू के साथ-साथ गुरूग्राम व नूंह जिलों समेत 46 मेडिकलस्टोरों पर दवाओं की खरीद व बिक्री के रिकार्ड में भारी अनियमितताएं सामने आई। इन मेडिकलस्टोरों पर नशीली दवाएं कहां से खरीदी जा रही है और किन लोगों को बेची जा रही है, इसका हिसाब ही गायब मिला। जांच में यह खुलासा होते ही संबंधित विभाग तुरन्त हरकत में आया और कड़े तेवर दिखाते हुए अनियमितताएं बरतने वाले 44 मेडिकलस्टोरों के लाइसेंस निलम्बित कर दिए तो ज्यादा अनियमितताएं पाए जाने पर दो मेडिकलस्टोरों के लाइसेंस ही रदद कर दिए गए है। औषधि नियंत्रण अधिकारी डाक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि सोहना के गांव भौंड़सी में 6 तो नूंह के पुन्हाना में 7 मेडिकलस्टोरों पर अनियमितताएं मिली। गांव पथरेड़ी स्थित देव मेडिकलस्टोर और ताजनगर स्थित जेवीएम मेडिकोर का लाइसेंस निरस्त कर दिया है तो नूंह जिले के 12 और गुरूग्राम जिले के 32 मेडिकलस्टोरों के लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलम्बित किए गए है। उन्होने बताया कि मेडिकलस्टोर की जांच का यह अभियान आगे और तेजी पकड़ेगा।

शिवनगरी में दीवाली नजदीक आते ही सूने बाजारों में लौटी रौनक

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। दीवाली नजदीक आते ही शिवनगरी सोहना के सूने पड़े बाजारों में जबरदस्त रौनक लौट आई है और बाजारों में खासी चहल-पहल के बीच पुरूष व महिलाएं दीवाली की तैयारियों में जुट गए है। महत्वपूर्ण यह है कि इस बार यहां दीवाली के उपलक्ष्य में महिलाओं की सर्वाधिक भीड़ रंग-बिरंगी चूडिय़ों, प्रसारण-श्रंगार सामग्री विक्रताओं की दुकानों पर दिखलाई पड़ रही है। खानपान वस्तुओं, आकर्षक लाइटों, झालरों की खरीद भी श्रद्धालु जमकर करने में लगे है। सोहना शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर स्थित मंदिरों में सफाई के बाद अब रंग-बिरंगी रोशनियों, झालरों से मंदिरों को सजाने का कार्य एकाएक जोर पकड़ गया है। जबरदस्त मंदी के दौर और वस्तुओं की कीमतों में उछाल के चलते बढ़ रही महंगाई के बावजूद लोग अपनी-अपनी सामथ्र्य अनुसार यहां खरीददारी करने में लगे है। दीवाली के मददेनजर स्थानीय बाजारों में जबरदस्त तरीके से उमड़ रही खरीददारों की भीड़ के चलते उदास-उदास दिखने वाले दुकानदारों के चेहरों पर अब ग्राहकों की भीड़ के चलते अच्छी रौनक देखने को मिल रही है। दुकानदारों नवीन सैनी, गीला सैनी, कमल सैनी, पवन सैनी, नानक सैनी, बुद्धराम सैनी, धर्मबीर राजपाल, किरयाणा व्यापारी यूनियन के प्रधान रविन्द्र गोयल रब्बन, गौरव बर्तन भंडार निर्देशक गौरव सिंगला, दीवान चंद सैनी, चतर सिंह, मिंटू भगत जी, भागीरथ सैनी, सतीश जांगड़ा, शिव मोंगिया, दीपक गर्ग होंडा, श्यामसुंदर मंगला, किरयाणा व्यापारी यूनियन के पूर्व प्रधान जितेन्द मित्तल, युवा अग्रवाल नेता सैंकी सिंगला आदि का कहना है कि चाहे आज हर चीज पर महंगाई बढ़ गई है लेकिन बाजार में सामान खरीदने के लिए लोगों की भीड़ लगी है। सामान खरीदने वाला ग्राहक खुले पैसे की बजाय सीधा 500 का नोट पकड़ाता है। समझ में नहीं आ रहा कि एक तरफ तो लोग कहते है कि महंगाई बढ़ रही है। खर्चे बढ़ गए है। बेरोजगारी बढ़ गई है। वही दूसरी तरफ सामान खरीदने पर छोटे नोट पकड़ाने की बजाय सीधे 500 का नोट ग्राहक के देने पर ऐसा लगता है कि जैसे भारतीय टकसाल में दस, बीस, पचास और 100 की बजाय पांच सौ के नोट छापने की मशीनें ज्यादा काम कर रही है। गौरतलब यह है कि आने वाली दीवाली, गौवर्धन पूजा, विश्वकर्मा जयंती, भैयादौज, छठ पूजा आदि त्यौहारों के दृष्टिगत यहां के बाजारों में जबरदस्त चहल-पहल और रौनक बनी है। सुबह-सवेरे 5 बजे खुलने वाले बाजार देर रात 10 से 11 बजे तक खुले रहते है। यही नहीं त्यौहारों और बाजार में ग्राहकों की बढ़ रही आवाजाही के दृष्टिगत यहां के बाजार अवकाश के बावजूद रविवार के दिन भी अन्य दिनों की भांति ही खुले रहे है।

दादी सती चौक और अंबेडकर चौक पर बनेंगे फ्लाईओवर : व्यापारी नेता मनोज बजरंगी

ओपन सर्च/ वरिष्ठ संवाददाता उमेश गुप्ता

सोहना। सोहना में जुझारू और क्रांतिकारी विचारों वाले समाजसेवी व व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि शिवनगरी सोहना और साइबर सिटी गुरुग्राम में बढ़ते यातायात दबाव और जाम की समस्या से निजात दिलाने की दिशा में तीन बड़ी सडक़ अवसंरचना परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। जीएमडीए की ओर से दादी सती चौक और अंबेडकर चौक पर फ्लाईओवर तथा मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के समीप अंडरपास का निर्माण करवाया जाएगा। हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अध्यक्षता में चंडीगढ़ में आयोजित हाई पावर वर्कस परचेज कमेटी (एचपीडब्लूपीसी) की बैठक में कुल 136.41 करोड़ रुपये की इन तीनों परियोजनाओं को स्वीकृति प्रदान की गई। इन परियोजनाओं पर दादी सती चौक फ्लाईओवर के लिए



43.05 करोड़ रुपये, अंबेडकर चौक फ्लाईओवर के लिए 36.36 करोड़ रुपये तथा मिलेनियम सिटी सेंटर मेट्रो स्टेशन के समीप अंडरपास के निर्माण पर 57 करोड़ रुपये खर्च किए जाएंगे। सोहना में जुझारू और क्रांतिकारी विचारों वाले समाजसेवी व व्यापारमंडल संघ के अध्यक्ष मनोज राघव बजरंगी ने बताया कि तीनों स्थानों पर ग्रेड सेपरेशन की सुविधा विकसित होने से वाहन चालकों को चौराहों पर रुकने की आवश्यकता कम होगी और यातायात का आवागमन अधिक सुगम हो सकेगा। सेक्टर 85-86 और 89-90 के बीच स्थित दादी सती चौक पर लगभग 840 मीटर लंबा छह लेन का फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इससे न्यू गुरुग्राम के तेजी से विकसित हो रहे आवासीय एवं व्यावसायिक क्षेत्रों से गुजरने वाले यातायात को निर्बाध आवागमन की सुविधा मिलेगी। फ्लाईओवर के नीचे 7.5 मीटर चौड़ा यू-टर्न, दोनों ओर सर्विस रोड, 2 मीटर चौड़े पैदल पथ, ट्रैफिक सिग्नल, रोड मार्किंग और बेहतर लाइटिंग की व्यवस्था भी की जाएगी। सेक्टर 45-46 और 51-52 के जंक्शन पर विकास मार्ग के ऊपर लगभग 930 मीटर लंबा चार लेन का फ्लाईओवर बनाया जाएगा। इससे पार्क अस्पताल और अरिहंत अस्पताल की ओर आने-जाने वाले लोगों को भी बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी। परियोजना के तहत सर्विस रोड, स्लिप रोड, फ्लाईओवर के नीचे दो यू-टर्न तथा दोनों ओर कवर ड्रेन-कम-फुटपाथ बनाए जाएंगे। साथ ही यातायात संकेतकों, सडक़ सुरक्षा और प्रकाश व्यवस्था के भी पुख्ता प्रबंध किए जाएंगे।